रजिस्ट्री सं. डीएल(एन)-04/0007/2003--05 REGISTERED No. DL(N)-04/0007/2003—05

सत्यमेव जयते

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

साप्ताहिक/WEEKLY

प्राधिकार से प्रकाशित

PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 24] नई दिल्ली, शनिवार, जून 11—जून 17, 2011 (ज्येष्ठ 21, 1933)

No. 24] NEW DELHI, SATURDAY, JUNE 11—JUNE 17, 2011 (JYAISTHA 21, 1933)

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके

(Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation)

विषय-सूची

पृष्ठ सं.

भाग I—खण्ड-1—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों, आदेशों तथा संकल्पों से सम्बन्धित अधिसूचनाएं..... 525

भाग I—खण्ड-2—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई सरकारी अधिकारियों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि के सम्बन्ध में अधिसूचनाएं..... 551

भाग I—खण्ड-3—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी किए गए संकल्पों और असांविधिक आदेशों के सम्बन्ध में अधिसूचनाएं..... 11

भाग I—खण्ड-4—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी की गई सरकारी अधिकारियों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि के सम्बन्ध में अधिसूचनाएं..... 1079

भाग II—खण्ड-1—अधिनियम, अध्यादेश और विनियम..... *

भाग II—खण्ड-1क—अधिनियमों, अध्यादेशों और विनियमों का हिन्दी भाषा में प्राधिकृत पाठ..... *

भाग II—खण्ड-2—विधेयक तथा विधेयकों पर प्रवर समितियों के बिल तथा रिपोर्ट..... *

भाग II—खण्ड-3—उप खण्ड (i)—भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सामान्य सांविधिक नियम (जिनमें सामान्य स्वरूप के आदेश और उपविधियां आदि भी शामिल है)..... *

भाग II—खण्ड-3—उप खण्ड (ii)—भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सांविधिक आदेश और अधिसूचनाएं..... *

भाग II—खण्ड-3—उप खण्ड (iii)—भारत सरकार के मंत्रालयों (जिसमें रक्षा मंत्रालय भी शामिल है) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सामान्य सांविधिक नियमों और सांविधिक आदेशों (जिनमें सामान्य स्वरूप की उपविधियां भी शामिल हैं) के हिन्दी प्राधिकृत पाठ (ऐसे पाठों को छोड़कर जो भारत के राजपत्र के खण्ड 3 या खण्ड 4 में प्रकाशित होते हैं)..... *

भाग II—खण्ड-4—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी किए गए सांविधिक नियम और आदेश..... *

भाग III—खण्ड-1—उच्च न्यायालयों, नियंत्रक और महालेखापरीक्षक, संघ लोक सेवा आयोग, रेल विभाग और भारत सरकार से सम्बद्ध और अधीनस्थ कार्यालयों द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं..... 2361

भाग III—खण्ड-2—पेटेंट कार्यालय द्वारा जारी की गई पेटेन्टें और डिजाइनों से सम्बन्धित अधिसूचनाएं और नोटिस *

भाग III—खण्ड-3—मुख्य आयुक्तों के प्राधिकार के अधीन अथवा द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं..... *

भाग III—खण्ड-4—विविध अधिसूचनाएं जिनमें सांविधिक निकायों द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं, आदेश, विज्ञापन और नोटिस शामिल हैं..... 4007

भाग IV—गैर-सरकारी व्यक्तियों और गैर-सरकारी निकायों द्वारा जारी किए गए विज्ञापन और नोटिस..... 505

भाग V—अंग्रेजी और हिन्दी दोनों में जन्म और मृत्यु के आंकड़ों को दर्शाने वाला सम्पूरक..... *

*आंकड़े प्राप्त नहीं हुए।

CONTENTS

	Page No.
PART I—SECTION 1—Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court	525
PART I—SECTION 2—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc. of Government Officers issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court	551
PART I—SECTION 3—Notifications relating to Resolutions and Non-Statutory Orders issued by the Ministry of Defence	11
PART I—SECTION 4—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc. of Government Officers issued by the Ministry of Defence	1079
PART II—SECTION 1—Acts, Ordinances and Regulations	*
PART II—SECTION 1A—Authoritative texts in Hindi language, of Acts, Ordinances and Regulations	*
PART II—SECTION 2—Bills and Reports of the Select Committee on Bills	*
PART II—SECTION 3—SUB-SECTION (i)—General Statutory Rules (including Orders, Bye-laws, etc. of general character) issued by the Ministry of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Central Authorities (other than the Administration of Union Territories)	*
PART II—SECTION 3—SUB-SECTION (ii)—Statutory Orders and Notifications issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Central Authorities (other than the Administration of Union Territories)	*
PART II—SECTION 3—SUB-SECTION (iii)—Authoritative texts in Hindi (other than such texts, published in Section 3 or Section 4 of the Gazette of India) of General Statutory Rules & Statutory Orders (including Bye-laws of a general character) issued by the Ministries of the Government of India (including the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than Administration of Union Territories)	*
PART II—SECTION 4—Statutory Rules and Orders issued by the Ministry of Defence	*
PART III—SECTION 1—Notifications issued by the High Courts, the Comptroller and Auditor General, Union Public Service Commission, the Indian Government Railways and by Attached and Subordinate Offices of the Government of India	2361
PART III—SECTION 2—Notifications and Notices issued by the Patent Office, relating to Patents and Designs	*
PART III—SECTION 3—Notifications issued by or under the authority of Chief Commissioners	*
PART III—SECTION 4—Miscellaneous Notifications including Notifications, Orders, Advertisements and Notices issued by Statutory Bodies	4007
PART IV—Advertisements and Notices issued by Private Individuals and Private Bodies	505
PART V—Supplement showing Statistics of Births and Deaths etc. both in English and Hindi	*

*Folios not received.

भाग I — खण्ड 1

[PART I—SECTION 1]

[(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गईं विधितर नियमों, विनियमों, आदेशों तथा संकल्पों से संबंधित अधिसूचनाएं]

[Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court]

राष्ट्रपति सचिवालय

नई दिल्ली, दिनांक 24 मई 2011

सं. 50-प्रेज/2011, राष्ट्रपति, आन्ध्र प्रदेश पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

1. के. ईश्वर रेड्डी,
   इंस्पेक्टर
2. जे. मल्लिकार्जुन वर्मा,
   इंस्पेक्टर
3. ए. मुरली मोहन रेड्डी,
   हेड कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

श्री के. ईश्वर रेड्डी, इंस्पेक्टर, श्री जे. मल्लिकार्जुन वर्मा, इंस्पेक्टर और श्री ए. मुरली मोहन रेड्डी, हेड कांस्टेबल को यह विश्वसनीय जानकारी मिली कि शाकामुरी अप्पा राव तथा उसका संरक्षण दल कानुकुडीचलम के वन क्षेत्र में ठहरा हुआ है और उन्होंने एक अभियान की योजना बनाई और जिले के विशेष दल के साथ-साथ पुल्लालचेरूवु से च पड़े और दिनांक 12.3.2010 को 0600 बजे कानुकुडीचलम के एक झरने के पास पहुँच गए।

वे धीरे-धीरे पहाड़ी की चोटी की ओर बढ़े और वहाँ सी पी आई (माओवादी) के 20-25 सशस्त्र काडरों को पाया। स्थानीय एस आई और जिले के विशेष दल वाली 'ए' टीम ने उत्तरी दिशा से माओवादी शिविर को घेर लिया तथा श्री के. ईश्वर रेड्डी, इंस्पेक्टर, श्री जे. मल्लिकार्जुन वर्मा, इंस्पेक्टर और श्री ए. मुरली मोहन रेड्डी, हेड कांस्टेबल एवं जिले के पुलिस दल वाली 'बी' टीम ने पश्चिमी तरफ से घेरा डाला। 'ए' ने अपनी पहचान जताई और उन्हें आत्मसमर्पण करने के लिए कहा। परन्तु माओवादियों ने पुलिस को मारने के इरादे से गोलीबारी शुरु कर दी। 'ए' टीम ने गोलीबारी से बचने के लिए चट्टानों की आड़ ले ली।

इस विशिष्ट समय पर 'बी' टीम, विशेषकर श्री के. ईश्वर रेड्डी, इंस्पेक्टर, श्री जे. मल्लिकार्जुन वर्मा, इंस्पेक्टर और श्री ए. मुरली मोहन सरेड्डी, हेड कांस्टेबल, ने देखा कि शाकामुरी अप्पा राव ए.के. 47 राइफल से गोलीबारी कर रहा है तथा उसका संरक्षण दल पश्चिम दिशा की ओर भागने का प्रयास कर रहा है। यह देखकर वे अपनी आड़ से बाहर आ गए, हथगोले फेंके और उन माओवादियों पर भारी गोलीबारी शुरु करदी जो लगातार गोलियां बरसा रहेर थे। यद्यपि चारों तरफ से गोलियां बरस रही थीं, तथापि, के. ईश्वर रेड्डी, इंस्पेक्टर, श्री जे. मल्लिकार्जुन वर्मा, इंस्पेक्टर और श्री ए. मुरली मोहन रेड्डी, हेड कांस्टेबल ने अप्पा राव को मारने का दृढ़संकल्प कर लिया। उन्होंने उसको और उसके गनमैन को भारी गोलीबारी करते हुए लड़ाई के मैदान से दूर भागते हुए देखा। श्री के. ईश्वर रेड्डी, इंस्पेक्टर, श्री जे. मल्लिकार्जुन वर्मा, इंस्पेक्टर और श्री ए. मुरली मोहन रेड्डी, हेड कांस्टेबल ने अपनी जान की परवाह किए बगैर गोलियाँ बरसानीशुरु कर दी जिसके परिणामस्वरुप शाकामुरी अप्पा राव उर्फ रवि मारा गया। घटनास्थल से निम्नलिखित हथियार, गोलाबारुद और उपकरण बरामद किए गए:-

1.	ए.के. 47 राइफल	-	01
2.	ए.के. 47 मैगजीन	-	01
3.	किट बैग	-	04

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री के. ईश्वर रेड्डी, इंस्पेक्टर, जे. मल्लिकार्जुन वर्मा, इंस्पेक्टर और ए. मुरली मोहन रेड्डी, हेड कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत विशेष भत्ता भी दिनांक 12.03.2010 से दिया जाएगा।

(बरुण मित्रा)
संयुक्त सचिव

सं. 51-प्रेज/2011, राष्ट्रपति, असम पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार/ वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

1. उत्पल बोरा, सब इंस्पेक्टर (वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार)
2. प्रणव कुमार गोगोई, सर्किल इंस्पेक्टर (वीरता के लिए पुलिस पदक)

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 26.02.2009 को प्रातः जेंगरईमुख पुलिस थाना के अन्तर्गत बालीगांव ग्राम में उल्फा उग्रवादियों के शरण लेने की संभावना के बारे में खुफिया जानकारी के आधार पर, सशस्त्र बल (सी आर पी एफ/ए पसी एस एन) कर्मियों के साथ पुलिस अधीक्षक, जोरहाट के निदेश के अनुसार सीआई मजुलि, श्री प्रणव कुमार गोगोई तथा प्रभारी गोरमर पुलिस थाना एस आई उत्पल बोरा द्वारा एक संयुक्त तलाशी अभियान शुरु किया गया था। जैसे ही सुरक्षा बल ने क्षेत्र की घेराबंदी की, उल्फा उग्रवादियों ने अंदर शरण लेकर पुलिस तथा सी आर पी एफ पार्टी पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरु कर दी। सुरक्षा बल ने गोरमर पुलिस थाना प्रभारी एस आई उत्पल बोरा की सहायता से सी आई श्री प्रणव कुमार गोगोई के मार्गदशन में ठोस जवाबी कार्रवाई की। अपनी निजी सुरक्षा एवं सरंक्षण को नजरअंदाज करते हुए, उन्होंने खूंखार आतंकवादियों पर प्रहार किया और उन्हें पीछे हटने पर मजबूर कर दिया तथा उनमें से दो को मार गिराया, जिनकी बाद में सरत बोरा, पुल-प्रियाराम बोरा, निवासी – धुवाचल गांव, पुलिस थाना – मजुलि और भाष्कर हजारिका (उल्फा नाम) उर्फ दिम्बो नाथ उर्फ दिम्बेश्वर नाथ (वास्तविक यनाम), पुत्र श्री पूनाराम नाथ, निवासी अचिरिखाना नाथ गांव, पुलिस थाना – लखीमपुर के रूप में पहचान की गयी। भाष्कर हाजारिका, जो उल्फा की 28वीं बटालियन का कमाण्डर था, को अफगानिस्तान में प्रशिक्षण दिया गया था और वह असम में उल्फा के उत्थान एवं अस्तित्व के लिए जिम्मेदार था।

यह अभियान एक ऐसे गांव में चलाया गया था जो सुरक्षा बलों की गतिविधि के अत्यन्त विरुद्ध है और जहाँ उग्रवादियों की गतिविधि के बारे में बहुत कम जानकारी उपलब्ध है। आधे घंटे की मुठभेड़ के दौरान, सी आई प्रणव कुमार गोगोई ने अपनी सव्रिस पिस्तौल से 9 मि.मी. असले की 9 चक्र गोलियां चाईं, जिसके बाद एस आई उत्पल बोरा, प्रभारी गोरमुर पुलिस थाना ने ए.के. 47 राइफल से 16 चक्र गोलियां चलाई। घटनास्थल से भारी मात्रा में हथियार एवं गोलाबारुद तथा कुछ अभिशंसी दस्तावेज भी बरामद किए गए थे। इस संबंध में धारा 25(1)(क)/27 आयुध अधिनियम, 10/13 यू ए (पी) अधिनियम के साथ पठित आई पी सी की धारा

120 (ख)/121क/307 के तहत जेंगरईमुख पुलिस थाना में मामला सं. 4/09 के तहत एक मामला दर्ज किया गया है ।

इस मुठभेड़ स्थल से निम्नलिखित बरामदगियां की गईं:-

			संख्या
(क)	राइफल ए.के. 56 (एम-220098631)	-	01
(ख)	पिस्तौल (सं. 4601043)	-	01
(ग)	मैगजीन	-	03
(घ)	जिंदा	-	120 चक्र
(ङ)	इ एफ सी	-	13
(च)	चीनी हथगोला	-	01
(छ)	फ्यूज सहित डेटोनेटर	-	20
(ज)	चेनरहित कलाई घड़ी	-	05
(झ)	वॉकी-टॉकी बैटरी एवं एरियल	-	-
(ञ)	नोकिया मोबाइल	-	05
(ट)	मोबाईल चार्जर+02 बैटरी चार्जर	-	03
(ठ)	टॉर्च लाइट	-	04
(ड)	छोटा रेडियो ('काइडी')	-	01
(ढ)	उल्फा की 28वीं बटालियन की रबर राउण्ड सील	-	03
(ण)	पेंसिल बैटरी	-	18
(त)	सिम कार्ड	-	19
(थ)	पॉकेट डायरी	-	11
(द)	स्मॉल टेप कैसेट	-	01
(ध)	उल्फा की 28वीं बटालियन की मनी रसीद बुक	-	05
(न)	उल्फा का मुद्रित पैड (डिमाण्ड लेटर)	-	30
(प)	28वीं बटालियन का उल्फा का पत्र (असमिया में लिखा हुआ)		32
(फ)	विभिन्न तरह की दवाइयों के चालीस पत्ते	-	
(ब)	भारतीय करेंसी नोट 1,00,000/-रुपए		
(भ)	अमेरिकी नोट -10,000/- डॉलर		
(म)	500/-रूपए के एक नोट के साथ एक पर्स		
(य)	एक कलाई घड़ी (टाइटन)		
(र)	उल्फा से संबंधित कुछ अभिशंसी दस्तावेज/पत्र आदि		
(ल)	विभिन्न आकार वाले 07 किट बैग/स्कूल बैग		
(व)	03 कम्बल		
(श)	03 जोड़े जूते		

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री उत्पल बोरा, सब इंस्पेक्टर और प्रणव कुमार गोगोई, सर्किल इंस्पेक्टर ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक का प्रथम बार/पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत विशेष भत्ता भी दिनांक 26.02.2009 से दिया जाएगा।

(बरुण मित्रा)
संयुक्त सचिव

सं. 52-प्रेज/2011, राष्ट्रपति, असम पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक
श्री अनुराग अग्रवाल,
पुलिस अधीक्षक

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 04.03.2008 को प्रातः लगभग 3 बजे श्री अनुराग अग्रवाल, आई पी एस, पुलिस अधीक्षक, डिब्रूगढ़ को गांव सं. 1 भुरभुरी गांव में उल्फा उग्रवादियों के मौजूद होने की जानकारी प्राप्त हुई। उक्त जानकारी के प्राप्त होने पर श्री अनुराग अग्रवाल ने अन्य पुलिस कर्मियों के साथ मिलकर उक्त गांव में एक अभियान चलाया। प्रातः लगभग 4.30 बजे, गांव में तलाशी अभियान के दौरान, उनके नेतृत्व वाली पुलिस पार्टी उल्फा उग्रवादियों द्वारा की गई भारी गोलीबारी से घिर गई। श्री अनुराग उग्रवाल ने अपनी पार्टी को तुरन्त जवाबी कार्रवाई करने का आदेश दिया औरउन्होंने भी अपनी ए.के.-47 राइफल से गोलीबारी करनी शुरु कर दी। उग्रवादियों की गोलीबारी के समक्ष उनके स्वयं आने-जाने से अन्य पुलिस कर्मियों के हौसले बुलन्द हुए तथा प्रोत्साहित हुए, जिससे उन्होंने भी उग्रवादियों की ओर गोलियाँ दागनी शुरु कर दी, जिसके परिणामस्वरूप लगभग 40 मिनट तक भयंकर मुठभेड़ चलती रही। श्री अनुराग अग्रवाल गोलीबारी की दिशा की औरआगे बढ़े और इस प्रकार उग्रवादियों की गोलीबारी के सामने आ गए। दल के कुछ उग्रवादियों ने अंधेरे एवं घनी झाड़ियों की आड़ लेकर बच निकलने की कोशिश की। श्री अनुराग अग्रवाल ने लगभग 3 कि.मी. तक भाग रहे उग्रवादियों का तब तक पीछा किया जब तक कि वे नजदीकी जंगल में ओझल नहीं हो गए। इसके बाद उन्होंने क्षेत्र की तलाशी करानी शुरु की और तलाशी अभियान के दौरान गोली से छलनी दो शव बरामद हुए। मुठभेड़ स्थल से विविध गोलाबारुद सहित दो पिस्तौल, पाँच सिम कार्डों सहित 3 मोबाइल फोन, 5 कि.ग्रा. विस्फोटक तथा धन उगाही की सूचनाओं सहित कुछ अभिशंसी दस्तावेज और प्रतिबंधित क्षेत्रों (मोहनबारी हवाई अड्डा) के रेखा मानचित्र बरामद किए गए। मारे गए उल्फा उग्रवादियों की बाद

में (1) खनिन बरुआ उर्फ परिखित क्षेत्री, पुत्र श्री बिपिन बरुआ, निवासी दांगपत्थर गांव, पुलिस थाना – लोहोवाल और (2) तपन बरुआ उर्फ अरुण बरुआ, पुत्र – स्वर्गीय नागेन बरुआ, निवासी – हुडुपारा गांव, पुलिस थाना- नहरकटिया के रूप में पहचान की गयी। तपन बरुआ डिब्रूगढ़ एवं लखीमपुर जिलों का उल्फा का जिला कमाण्डर था। दोनों उग्रवादी डिब्रूगढ़ जिले में कई हिंसक घटनाओं के मुख्य षडयंत्रकारी थे और कई मामलों में वांछित थे। इस मुठभेड़ में श्री अनुराग अग्रवाल ने अपनी जान को गंभीर खतरे में डालकर अदम्य साहस और अनुकरणीय नेतृत्व का प्रदर्शन किया।

इस मुठभेड़ में श्री अनुराग अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत विशेष भत्ता भी दिनांक 04.03.2008 से दिया जाएगा।

(बरुण मित्रा)
संयुक्त सचिव

सं. 53-प्रेज/2011, राष्ट्रपति, असम पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

<u>अधिकारी नाम और रैंक</u>

श्री निर्मल चन्द डेका, (मरणोपरान्त)
कांस्टेबल

<u>उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया</u>

दिनांक 17.03.2009 को अपने विश्वसनीय सूत्रों से पुलिस थाना सिपाझार, जिला दारांग के अन्तर्गत कलितापारा गांव में लगभग 2-3 उल्फा उग्रवादियों के शरण लेने के बारे में सूचना प्राप्त होने पर, दारांग पुलिस तथा सेना की 65 फील्ड रेजिमेंट के एक संयुक्त दल ने घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरु किया। सुरक्षा बलों ने युक्तिपूर्ण तरीके से घरों की तलाशी शुरु कर दी। तलाशी के दौरान उग्रवादियों ने, जो घर में छिपे हुए थे, हथगोले फेंकते हुए बचकर भागने की कोशिश की और साथ-ही-साथ, सुरक्षा बलों पर गोलियां बरसानी भी शुरु कर दी। हल्की गोलीबारी के बाद, श्री होरेन तोक्बी, ए पी एस, अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय), दारांग, जो उग्रवादियों का पीछा कर रहे थे, ने अपने पी एस ओ को उल्फा उग्रवादियों का पीछा करने का आदेश दिया, जबकि उन्होंने स्वयं गोलीबारी का आधार बनाते हुए उनकी सुरक्षा के लिए गोलीबारी की। यह समझते हुए कि बच निकलना असंभव है, दो उग्रवादी एक कच्चे शौचालय में घुस गए। ए बी कांस्टेबल, निर्मल चन्द डेका जो उग्रवादी का पीछा कर रहे थे, ने उन्हें

आत्मसमर्पण करने का आदेश दिया और साथ-ही-साथ उबड़-खाबड़, जमीन की आड़ लेते हुए शौचालय की ओर बढ़े। जब वे शौचालय से लगभग 10 मीटर की दूरी पर थे, तब उग्रवादियों ने बच निकलने के उद्देश्य से उन परगोली चलानी शुरु कर दी। ए बी कांस्टेबल, निर्मल चन्द डेका ने भी उन पर जवाबी गोलीबारी की और इस गोलीबारी में वे जख्मी हो गए। कांस्टेबल निर्मल चन्द डेका ने अदम्य साहस का परिचय देते हुए अपनी निजी सुरक्षा की चिंता किए बगैर भाग रहे उग्रवादियों का पीछा किया और बिल्कुल नजदीक से एक उग्रवादी को मार गिराया, जिसकी बाद में गणेश शर्मा उर्फ मनोज, वित्तीय सचिव, 709 बटालियन के रूप में पहचान की गयी।

श्री निर्मल चन्द डेका, कांस्टेबल ने अपने साहस एवं कर्मठ प्रयास से उल्फा उग्रवादियों को गिरफ्तार करने का प्रयास किया, परन्तु जवाबी गोलीबारी में घायल होने की वजह से मारे गए।

इस मुठभेड़ में (स्वर्गीय) श्री निर्मल चन्द डेका, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पुरस्कार, राष्ट्रपति का पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत विशेष भत्ता भी दिनांक 17.03.2009 से दिया जाएगा।

(बरुण मित्रा)
संयुक्त सचिव

सं. 54-प्रेज/2011, राष्ट्रपति, असम पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

<u>अधिकारियों के नाम और रैंक</u>

सर्व/श्री

1. राजन सिंह,
   अपर पुलिस अधीक्षक,
2. प्रकाश सोनोवाल,
   उप-प्रभागीय पुलिस अधिकारी,
3. महानन्दा गौरिया,
   कांस्टेबल
4. घनकांत मालाकार,
   कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 07.06.2009 को शाम में यह गुप्त जानकारी मिलने पर कि 4-5 एन डी एफ बी (वार्ता-विरोधी गुट) उग्रवादियों के एक दल ने तमुलपुर पुलिस थाना के अन्तर्गत पश्चिम बारलीपुर (निज-देफली) में शरण ले रखी है, श्री राणा भुयन, ए पी एस, एस पी बक्सा ने श्री राजन सिंह, ए पी एस, अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय), बक्सा को आवश्यक जानकारी देते हुए क्षेत्र में तलाशी अभियान चलाने का निदेश दिया। तदनुसार, उसी दिन लगभग रात 11.00 बजे, श्री राजन सिंह, ए पी एस, एडि. एस पी (मुख्यालय) बक्सा ने श्री प्रकाश सोनोवाल, ए पी एस, एस डी पी ओ, तमुलपुर, कमाण्डो बटालियन कार्मिक, 4 सिख लाइट आर्मी तथा 10 बटालियन सी आर पी एफ के साथ गांव के सामान्य क्षेत्र की घेराबंदी की और तलाशी अभियान शुरु कर दिया। लगभग रात 11.45 बजे, जब पुलिस दल श्री राजन सिंह, ए पी एस के नेतृत्व में क्षेत्र की तलाशी कर रहा था, तब अचानक संदिग्ध एन डी एफ बी उग्रवादियों ने नजदीक के जंगल के क्षेत्र से तलाशी दल पर अंधाधुंध गोलियाँ चलानी शुरु कर दी। तत्काल खतरे को भांपते हुए, पुलिस दल ने समय गंवाए बिना मोर्चा संभाल लिया और आत्मरक्षा एवं प्रत्युत्तर में उग्रवादियों की ओर जवाबी गोलीबारी शुरु कर दी। श्रीराजन सिं, ए पी एस ने श्री प्रकाश सोनोवाल, ए पी एस, एस डी पी ओ, तमुलपुर, ए बी सी महानन्दा गौरिया तथा ए बी सी घनकांत के साथ भारी गोलीबारी के बीच उग्रवादियों की ओर आगे बढ़ने के लिए रेंगना शुरु कर दिया। उन्होंने अपनी जान जोखिम में डालकर उग्रवादियों का सीधा मुकाबला किया। परस्पर गोलीबारी के दौरान उग्रवादियों ने पुलिस दल पर रूक-रूक कर गोलीबारी करते हुए जंगल की आड़ में बोरोलिया नदी को पर करते हुए उत्तरी दिशा की ओर पीछे हटना शुरु कर दिया। परन्तु एडि. एस पी के नेतृत्व में चार सदस्यों वालले पुलिस दल ने अपनी जान जोखिम में डाली और बेहतर रण कौशल का उपयोग करते हुए उग्रवादियों का पीछा करना शुरु कर दिया। एडि. एस पी के नेतृत्व वाली पुलिस टीम और उग्रवादियों के बीच भयंकर मुठभेड़ हुई और यह लगभग आधे घंटे चली। परस्पर गोलीबारी के दौरान, दो गोलियाँ ए बी सी महानन्दा गौरिया की बुलेट प्रूफ जैकेट पर लगीं। जब गोलीबारी रूकी, तब पीओ की पूर्णरूपेण तलाशी ली गयी और गोलियों से जख्मी दो अज्ञात उग्रवादी पाए गए। अन्य उग्रवादियों को पकड़ने के लिए निकटवर्ती क्षेत्रों में सघन तलाशी अभियान चलाया गया, परन्तु अंधेरे और जंगल का फायदा उठाते हुए वे बचकर भागने में सफल हो गए। पीओ की तलाशी के दौरान, पांच राउंड जिंदा गोलाबारुद से लेस एक 9 कि.मी. पिस्तौल, दो राउंड जिंदा गोलाबारुद से लेस एक रिवॉल्वसर, एक चीन निर्मित हथगोला, एक आस्ट्रियाई हथगोला, एक मोबाइल फोन बरामद किया गया था और जब्त कर लिया गया था। घायल उग्रवादियों को उपचार के लिए तत्काल तमुलपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भेज दिया गया था, परन्तु डॉक्टर ने उन्हें मृत लाया गया घोषित कर दिया। उनमें से एक उग्रवादी की पहचान रंजीत बासुमतरी उर्फ रेगंरवा उम्र लगभग 30 वर्ष, पुत्र श्री जादव बासुमतरी, निवासी नयाजान, पुलिस थाना सरुपाथर, जिला गोलाघाट, एन डी एफ बी (वार्ता-विरोधी गुट) के एक स्व-घोषित

कारपोरल के रूप में की गयी थी। दूसरे उग्रवादी की पहचान नही की जा सकी। इस संबंध में तमुलपुर पुलिस थाना में धारा-25(।-बी)/27 आयुध अधिनियम के साथ पठित, धारा ई.एस. एक्ट के साथ पठित, धारा 10/13 यू ए (पी) एक्ट के साथ पठित धारा 307/34 आई पी सी के तहत मामला सं. 77/09 दर्ज किया ।

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री राजन सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक, प्रकाश सोनोवाल, उप-प्रभागीय पुलिस अधिकारी, महानन्दा गौरिया, कांस्टेबल और घनकांत मालाकार, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत विशेष भत्ता भी दिनांक 07.06.2009 से दिया जाएगा।

(बरुण मित्रा)
संयुक्त सचिव

सं. 55-प्रेज/2011, राष्ट्रपति, असम पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

1. इमदाद अली,
   उप-प्रभागीय पुलिस अधिकारी
2. हेम कांत बोरो,
   कांस्टेबल
3. रत्नेश्वर कलिता
   कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 11.10.2009 को शाम में शिमला ओ पी के अन्तर्गत रंगीदारा गांव में एन डी एफ बी (वार्ता-विरोधी) उग्रवादियों की गतिविधि के संबंध में मिली गुप्त जानकारी पर कार्रवाई करते हुए, श्री राणा भयान, ए पी एस, पुलिस अधीक्षक, बक्सा ने एक अभियान योजना तैयार की औरएडिशनल एस पी (मुख्यालय) बक्स, एस डी पी ओर, सलबारी, डिप्टी एस पी कमाण्डो बटालियन, प्रभारी शिमला ओ पी के साथ तथा असम पुलिस कमाण्डो बटालियन/3री कुमाऊँ आर्मी/एफ-34 सी आर पी एफ के सैन्यकर्मियों को लेकर अभियान शुरु करने के लिए गांव की ओर बढ़े। उन्होंने पूरे गांव को चारों तरफ से घेर लिया और लगभग शाम 6 बजे तलाशी अभियान शुरु कर दिया।

लगभग शाम 8.30 बजे जब श्री राणा भुयान, ए पी एस, एस पी बक्सा, श्री इमदाद अली, ए पी एस, एस डी पी ओ सलबारी, ए बी सी हेमकांत बोरो तथा ए बी सी रतनेश्वर कलिता सहित एक छोटा दल गांव के पश्चिमी ओर एक पुलिस की तरफ बढ़ रहा था, तब वे संदिग्ध एन डी एफ बी (वार्ता-विरोधी) उग्रवादियों द्वारा लगाई गई घात में आ गए जिन्होंने उन पर पुलिस के पीछे से अंधाधुंध गोलियां चलानी शुरु कर दीं। वास्तव में, वे उस समय चमत्कारिक रूप से बच गए जब उग्रवादियों द्वारा उन पर फेंके गए दो हथगोले नहीं फटे। आसन्न खतरे को भांपते हुए अभियान दल ने अविलम्ब गांव की सड़क के बांयी ओर छलांग लगाई और आत्मरक्षा एवं जवाबी हमले के लिए उग्रवादियों की ओर जवाबी गोलीबारी शुरु कर दी। उन्होंने भारीगोलीबारी के बीच बेहतर युक्तिपूर्ण आड़ पाने के लिए अदभुत रण कौशल का प्रदश्रन करते हुए पुलिस की ओर बढ़ना शुरु कर दिया और अपनी जान पर खेलकर उग्रवादियों का नदजीक से सामना किया। एस पी के नेतृत्व वाले पुलिस दल एवं उग्रवादियों के बीच हुई भयंकर मुठभेड़ लगभग 25/30 मिनट तक चली। जैसे ही दोनों तरफ से गोलीबारी रुकी, पी ओ की तलाशी ली गयी और एक अज्ञात उग्रवादी का गोली से छलीन शव मिला, जिसकी बाद में वार्ता-विरोधी एन डी एफ बी गुट के स्व-घोषित कारपोरल प्रदीप गोयरी के रूप में पहचान की गयी। अन्य उगग्रादी नजदीक के जंगल का फायदा उठाते हुए अंधेरे की आड़ में भागने में सफल रहे। रात्रि मेकं पीओ तथा मृत उग्रवादीके शरीर की तलाशी के दौरान मैगजीन सहित 9 मि.मी. की एक पिस्तौल (इटली निर्मित), 9 मि.मी. गोलाबारुद के चार राउंड, 9 मि.मी. खाली कारतूसों के पांच राउंड, 5.56 मि.मी. खाली कारतूसों के तीन राउंड, 9 गोलाबारुद के चार राउंड, 9 मि.मी. खाली कारतूसों के पांच राउंन्ड खोखे, 5.56 मि.मह. जाली कारतूसों के तीन राउंड, ए के-47 के खाली कारतूसों के चार राउंड, 7.62 मि.मी. एस एल आर जाली कारतूसों का एक राउंड, एक मोहरोला, वी एच एफ हैण्ड सेट, दो नोकिया मोबाइल हैण्ड सेट, दो हथगोले, एन डी एफ बी का एक मनी डिमाण्ड लेटर (खाली) और एन डी एफ बी की एक मनी रसीद बरामद और जब्त किया गया। तलाशी अभियान जारी रहा और अगली सुबह मैगजीन सहित एक 9 मि.मी. पिस्तौल (यू एस ए निर्मित) तथा 9 मि.मी. जिंदा गोलाबारुद के छः राउंड पी ओ से बरामद किए गए। इसका उल्लेख धारा 25(1)(ए)/27 आर्म्स एक्ट के साथ पठित, धारा 4/5 ई एस एक्ट के साथ पठित, धारा 10/13 यू ए (पी) एक्ट के साथ पठित धारा 12 (बी)/121/121ए.122.353/307 आई पी सी के हत पतचारकुची पुलिस थाना में मामला सं. 206/09 में किया गया है।

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री इमदाद अली, उप प्रभागीय पुलिस अधिकारी, हेम कांत बोरो, कांस्टेबल और रत्नेश्वर कलिता, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत विशेष भत्ता भी दिनांक 11.10.2009 से दिया जाएगा।

(बरुण मित्रा)
संयुक्त सचिव

सं. 56-प्रेज/2011, राष्ट्रपति, बिहार पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

1. डॉ. शंकर कुमार झा
   सब इंस्पेक्टर
2. श्री कामेश्वर सिंह
   सब इंस्पेक्टर

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 12 फरवरी 2003 को लगभग 10:15 बजे, एक हिंसक एवं खूंखार अपराधी अशोक सिंह के अपने साथियों के साथ मिलकर गंभर अपराध करने के इरादे से मटिहानी (बेगूसराय) पुलिस थाना के अन्तर्गत जगतपुरा गांव में अपने मामा राम बालक सिंह के मकान में एकत्रित होने की जानकारी प्राप्त होने पर, डॉ. शंकर झा, एस आई, प्रभारी अधिकारी चकिया ओ पी (बेगूसराय) ने अपने वरिष्ठ अधिकारियों को इसकी सूचना दी और उनकी स्वीकृति के दसूर पुलिस थाने के अन्तर्गत कथित स्थल के लिए स आई कामेश्वर सिंह तथा 4 सशस्त्र होम गार्डों के साथ अपराधियों को गिरफ्तार करने के लिए चल पड़े। कथित अपराधी और उसके गैंग ने क्षेत्र में आतंक फैला रखा था। डॉ. शंकर कुमार झा ने राम बालक सिंह के मकान की सही पहचान के लिए जगतपुरा में गांव के चौकीदार 9/3 राम चन्द्र पासवान को साथ लिया, डॉ. झा पुलिस दल के साथ लगभग 10:30 बजे उस स्थान पर पहुँचे और जोर-जोर की आवाजें सुनीं। कोई ग्रामीण उनकी मदद के लिए नहीं आ सका। पुलिस दल के मुखिया डॉ. झा ने तीव्रता से कार्रवाई की, अपने दल (2 होम गार्ड जवानों के साथ एक इकाई) को एस.आई. कामेश्वर सिंह के अन्तर्गत एक दल में और दूसरे दल को अपने अन्तर्गत बांट लिया। जैसे ही एस.आई. कामेश्वर सिंह और उनका दल मकान के पूर्वोष्तर कोने के कमरे की तरफ पहुंचा, 2 बदमाशों ने गालियां चलानी शुरु कर दी जिससे एस.आई. कामेश्वर सिंह घायल हो गए और दाहिनी जांघ से अधिक खून बहने और तेज दर्द होने की वजह से तुरन्त गिर गए, परन्तु इससे डॉ. झा विचलित सनहीं हुए। उन्होंने जोखिम उठाया और निडर होकर मोचा्र संभाल लिया और अपराधियों को आत्मसमर्पण करने के लिए कहा। परन्तु उनहोंने अपने-आपको अनिश्चितता की स्थिति में पाकर डॉ. झा पर गोलियां चला दी। श्री झा ने अने पीछे की अपनी इकाई को बचाने तथा अपनी रक्षा करने के लिए अपनी सर्विस पिस्तौल से लगातारगोलियां चलानी शुरु कर दी। परस्पर गोलीबारी लगभग 20-25 मिनट तक चती रही जिसके बाद शांति एवं निस्तब्धता छा गई। जब गोलीबरी रूक गई तब पुलिस दल ने तलाशी ली और नीचे दिए गए विवरण के अनुसार अपने हथियारों, गोलाबारुद इत्यादि के साथ खून में लथपथ दो अज्ञात अपराधियों के शव मिले। इन दोनों अपराधियों की बाद में अरविन्द सिंह, पुलिस थाना – मटिहानी क्षेत्र तथा उमाशंकर सिंह (ककवा), पुलिस थाना

– मुफ्फासिल के रूप में पहचान हुई। उनकी पोस्टमार्टम रिपोर्टों से पता चला कि आग्नेयास्त्रों से वे बुरी तरह जख्मी हो गए थे जिसके कारण उनकी तुरन्त मौत हो गई। उपरवर्णित मुठभेड़ में दोनों अपराधियों की मौत चकिया पुलिस ओ.पी., बरौनी पुलिस थाना के पुलिस दल के लिए असाधारण एवं दुर्लभ उपलब्धि थी और इन सबसे ऊपर एस आई डॉ. झा एवं एस आई कामेश्वर सिंह का सराहनीय प्रदर्शन था। वास्तव में यह एक अत्यन्त चुनौतीपूर्ण मुठभेड़ थी। मृतक अपराध अरविन्द सिंह को धारा 302/201/34 आई पी एस एवं 25(1-बी)/27 आर्म्स एक्ट के तहत मटिहानी पुलिस थाना में मामला सं. 31/94 दिनांक 26 मार्च, 1994 में आजीवन कारावास की सजा दी गई थी जिसे भगोड़ा घोषित किया गया था। वह धारा 392/411 आई पी सी के तहत मामला सं. 449/2002 दिनांक 20 अक्टूबर, 2002 (बरौनी पुलिस थाना, चकिया ओ.पी.), मामला सं. 362/02 बेगूसराय पुलिस थाना दिनांक 30 अक्टूबर 2002, धारा 326/306/34 आई पी सी तथा 27 आर्म्स एक्ट के तहत, धारा 414 आई पी सी एवं 25 (1-बी) 26 आर्म्स एक्ट के तहत मटिहानी में मामला सं. 78/02 दिनांक 30 दिसम्बर 2002, धारा 341/307/379/224/225/34 आई पी सी एवं 27 आर्म्स एक्ट के तहत बेगूसराय पुलिस थाना में, धारा 395/412 आई पी सी के तहत बेगूसराय शहर पुलिस थाना मामला सं. 10/2003 दिनांक 9 जनवरी, 2003 में, धारा 364(ए) आई पी सी के तहत बेगूसराय पुलिस थाना मामला सं. 12/2003 दिनांक 16 जनवरी 2003 में भी अभियुक्त था। इस प्रकार वह ऊपरवर्णित सात आपराधिक मामलों में दोषी था। इसी प्रकार, उमाशंकर सिंह (ककवा) भी सात आपराधिक मामलों में अभियुक्त था।

अपराधियों से बरामद की गई घातक वस्तुओं में काबाईन (1), कार्बाइन मैगजीन (2). 9 मि.मी. के जिंदा कारतूस (29), 9 मि.मी. केखाली कारतूस (14), देशी पिस्तौल (1), .303 खाली कारतूस (3). .303 जिंदा कारतूस (2), मोबाइल फोन (3), मोटरसाइकिल (1), धनराशि (446.50 रूपए) शामिल थे।

इस मुठभेड़ में डॉ. शंकर कुमार झा, सब इंस्पेक्टर और श्री कामेश्वर सिंह, सब इंस्पेक्टर ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहे हैं तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत विशेष भत्ता भी दिनांक 12.02.2003 से दिया जाएगा।

(बरुण मित्रा)
संयुक्त सचिव

सं. 57-प्रेज/2011, राष्ट्रपति, बिहार पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

1. विवेकानन्द,
   पुलिस उपाधीक्षक
2. प्रवेन्द्र भारती,
   सब इंस्पेक्टर
3. रहमत अली,
   सब इंस्पेक्टर
4. मणि भूषण पासवान,
   कांस्टेबल
5. विक्रम कुमार क्षत्रिय,
   कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 6/7-4-2002 की मध्यरात्रि में, श्री विवेकानन्द एस डी पी ओ के नेतृत्व में पुलिस पार्टी पवन कुमार शाह –व्यवसायी के अपहरण के संबंध में धारा 364(ए)/34 आई पी सी के अन्तर्गत मामला सं0 26/2002 दिनांक 14.03.2002 पुलिस थाना उदा-किशनगज में वांछित अपराधियों को गिरफ्तार करने हेतु छापा मारने के लए 22.30 बजे चटनानम गांव के लिए चल पड़ी।

जब छापेमारी चल ही रही थी, तब एस डी पी ओ को एक जानकारी मिली कि गैंग ने पूर्णिया जिला के अन्तर्गत अभिया गांव के एक मकान में शरण ले रखी है जो उक्त गांव के पश्चिमी छोर पर स्थित है। मकान का विस्तृत्त ब्यौरा भी बताया गया था। श्री विवेकानन्द समय गवाए बिना हरकत में आ गए, छापामारी दल को तैयार किया और कुटिल तरीके से रात में ही उक्त स्थान की ओर चल पड़े तथा तड़के 2.30 बजे तक चुपचाप लक्षित मकान को ढूढ़ लिया। उन्होंने एस आई एम.बी. शुक्ला के नेतृत्व वाले प्रथम दल को मकान को उत्तरी दिशा से और एस आई बी यादव के नेतृत्व वाले दूसरे दल को मकान को दक्षिणी दिशा से घेरने का आदेश दिया। उसके बाद ए एस आई बी.एन. सिंह के नेतृत्व वाले एक अन्य दल को भूमि तल पर तलाशी लेने का आदेश दिया जहां अपराधियों के छुपे होने की आशंका थी, जबकि एस डी पी ओ स्वयं सब-इंस्पेक्टर प्रवेन्द्र भरती तथा सब-इंस्पेक्टर रहमत अली और कुछ कांस्टेबलों के साथ मकान की छत पर इस इरादे से चले गए कि आसपास के इलाके को स्पष्ट रूप से परखा

जा सके। वे सभी सतर्क और सावधान थे। तथापि, छत पर छुपे हुए आतंकवादियों ने पुलिस पार्टी की गतिविधियों को भांप लिया। वे सभी सतर्क थे और पुलिस पार्टी पर हमला करने के लिए पहले से रणनीतिक स्थिति में थे। जैसे ही पुलिस पार्टी छत पर पहुंची, अपराधियों ने उत्तरी दिशा से उनपर गोलियां बरसानी शुरू कर दी।

एस आई प्रवेन्द्र भारती, जो एस डी पी ओर के साथ बिल्कुल सामने थे, को एक गोली लगी और वे गिर गए। निर्भीक एस डी पी ओ अपने स्थान पर बने रहे और अपने आदमी को नहीं डरने के लिए प्रोत्साहित किया तथा सब-इंस्पेक्टर की तरह ही तुरन्त लेटकर अपना मोर्चा संभाल लिया। एस डी पी ओ ने पुलिस के रूप में अपनी पहचान बताते हुए, बार-बार अपराधियों को गोलीबारी रोकने तथा आत्मसमर्पण करने का आदेश दिया। परन्तु अपराधियों पर इसका कोई असर नहीं पड़ा जिन्होंने अंधाधुंध गोलीबारी जारी रखी। पुलिस पार्टी एकदम खुले में, बिना किसी बचाव के और गोलियों के निशाने की दूरी के अन्दर थी। यह एक भयंकर स्थिति थी। पुलिस पार्टी को अधिकतम खतरा था जबकि अपराधियों ने बिल्कुल सुरक्षात्मक और आक्रामक रूख अपनाकर लगातार गोलियों की बौछार कर रहे थे। ऐसे में अत्याधिक दु:साहसिक निर्णय लेने की आवश्यकता थी और एस डी पी ओ ने अपने आदमी को आत्म-रक्षा में तथा अपने हथियारों एवं गोला-बारूद की रक्षा करने के लिए गोली चलाने का आदेश दिया। एस आई भारती ने गोली से घायल होने के बावजूद, अपराधियों का गोलीबारी में सामना किया। गोलियों का आदान-प्रदान लगभग आधे घंटे तक चलता रहा। जब अपराधियों की गोलीबारी बंद हो गई, तब हमलावर दल सावधानीपूर्वक छत की उत्तरी दिशा में गया और उनमें (अपराधियों में) से चार को मरा हुआ पाया जबकि अन्य सभी अंधेरें का लाभ उठाकर भागने में सफल हो गए। मृतकों की पहचान(1) सुनिल मंडल (2) मुन्ना मंडल (3) गुलिया मंडल के रूप में की गई चौथे को जिसकी पहचान घटनास्थल पर नहीं की जा सकी, बाद में पूर्णिया जिला अन्तर्गत रूपौली पुलिस थान के बिलिया निवासी भविक्षण शर्मा के रूप में पहचाना गया। एक सामान्य डी बी बी एल बंदूक, एक अन्य बंदूक, दो देशी पिस्तौल, एक तलवार और कुछ कारतूस तथा खाली खोखे उनके पास से बरामद किए गए।

इस मुठभेड़ में श्री विवेकानन्द, पुलिस उपाधीक्षक, प्रवेन्द्र भारती, सब इंस्पेक्टर, रहमत अली, सब इंस्पेक्टर, मणि भूषण पासवान, कांस्टेबल एवं विक्रम कुमार क्षत्रिय, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिये जा रहे हैं तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत विशेष भत्ता भी दिनांक 07.04.2002 से दिया जाएगा।

(बरुण मित्रा)
संयुक्त सचिव

सं. 58-प्रेज/2011, राष्ट्रपति, छत्तीसगढ़ पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी नाम और रैंक

श्री अजीत कुमार ओगरे,
सब इंस्पेक्टर

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 23 अप्रैल, 2007 को धनोरा पुलिस थाना के प्रभारी, सब इंस्पेक्टर श्री आजीत कुमार ओगरे को एक सूचना मिली कि तोड़सी गांव के पास बर्दा दालम कामरेड किशोर के नेतृत्व में नरूकसलवादी वाहनों को उड़ाना चाहते हैं और बेदमा-इरागांव सड़क के निर्माण में लग श्रमिकों को अपहरण करना चाहते हैं। इस जानकारी के प्राप्त होने पर श्री आजीत ओगरे ने दो हेड कांस्टेबलों, दो कांस्टेबलों, दो होमगार्ड के सैनिकों तथा तीन विशेष पुलिस अधिकारियों सहित एक सशस्त्र पुलिस दल स्थल की ओर जाने के लिए गठित किया। चलने से पहले, दल को आई ई डी के खतरे तथा दुश्मन की तैयारी के बारे में बारीकी से जानकारी प्रदान की गयी। नकसलवादियों को पुलिस की गतिविधि के बारे में जानकारी मिल गई और जैसे ही पुलिस दल तोड़सी गांव पहुँचा, नक्सलवादियों ने एक बारुदी सुरंग का विस्फोट किया और पुलिस दल की ओर भारी गोलबारी शुरु कर दी जिसमें श्री आजीत ओगरे जख्मी हो गए। जख्मी होने और भारी गोलीबारी के बावजूद उन्होंने अपनी सूझबूझ का परिचय दिया और दल को घुटनों के बलचलकर युक्तिपूर्वक घात से बाहर निकाला तथा दुश्मन परगालियाँ चलाते हुए आगे बढ़े। उन्होंने बुद्धिमता का परिचय दिया और सुदूर के नक्सलवादियों को मारने के लिए 51 मि.मी. मोर्टार का प्रयोग किया। नक्सलवादियों की तरफ से भारी गोलीबारी के बावजूद, श्री आजीत ओगरे ने अपने अपेक्षित दायित्व से आगे बढ़कर छोटे रास्ते से घने जंगल में नक्सलवादियों का पीछा किया और नक्सलवादी पार्टी को फिर से घेर लिया, जिसके परिणामस्वरूप भयंकर मुठभेड़ हुई, जिसमें दो वर्दीधारी नक्सलवादीमारे गए और कई घायल हो गए। मृतकों की पहचान सोमा उर्फ रामसिंह उर्फ महेश, तीस नंबर प्लाटून के सेक्शन कमाण्डर निवासी चिंतापल्लीगांव, पुलिस थाना फरसेगढ़, जिला बीजापुर और संजय उर्फ संदीप, तीस नंबर प्लाटून के सेक्शन कमाण्डर, निवासी कदमी गांव, पुलिस थाना कोइलीबेदा, जिला कांकेर के रूप में हुई। मुठभेड़ के बाद तलाशी के दौरान स्थल से एक लैस बारह बोर का हथियार, एक मजल लोडिंग हथियार, विस्फोटक और तीन खाली कारतूस जब्त किए गए।

अत्यंत विपरीत परिस्थितियों में तथा जान का भारी खतरा होते हुए भी श्री आजीत कुमार ओगरे ने परिस्थिति से कर्मठता एवं बहादुरी से निपटने के लिए असाधारण साहस, वीरता तथा नेतृत्व का परिचय दिया, जिसके परिणामस्वरूप दो खूंखार नक्सलवादी मारे गए जिससे

समपूर्ण क्षेत्र को उस असुरक्षा की भावना से मुक्ति मिल गई जिसने इन खूंखार नक्सलवादियों की उपस्थिति के कारण पूरे समुदाय को घेर रखा था।

इस मुठभेड़ में श्री अजीत कुमार ओगरे, सब इंस्पेक्टर ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पुरस्कार, पुलिस पदक का प्रथम बार नियमावली के नियम 4 (1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत विशेष भत्ता भी दिनांक 23.04.2007 से दिया जाएगा।

(बरुण मित्रा)
संयुक्त सचिव

सं. 59-प्रेज/2011, राष्ट्रपति, छत्तीसगढ़ पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

1. सुजीत कुमार,
   अपर पुलिस अधीक्षक
2. कोमल नेतम,
   सहायक उप निरीक्षक

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 06.07.2009 को सुजीत कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक, नारायणपुर को जानकारीमिली कि नक्सलवादी बड़ी संख्या में छिमारी गांव के पास एकत्रित हुए हैं। छिनारीगांव पुलिस थाना फारसगांव से चौदह किलोमीटर दूर दुर्गम क्षेत्र एवं घने जगंल में स्थित है। तदनुसार कार्रवाई की योजना बनाई गई और फारसगांव पुलिस थाना की बजाय धौराई पुलिस थाना से पुलिस दल को भेजा गया। आश्चार्य में डालने के लिए, पुलिस दल ने अपनी कार्रवाई रात में शुरु की। भारी वर्षा हो रही थी और अंधेरी रात थी जिससे आगे बढ़ने में परेशानी हो रही थी। तड़के 04:30 बजे पुलिस दल अपने लक्ष्य के निकट पहुँच गया। कार्रवाई योजना के अनुसार, दल को तीन हिस्सों में बांट दिया गया। उन्होंने घेरकर मारने की योजना बनाई। हमला दल का नेतृत्व अपर पुलिस अधीक्षक ने किया जबकि दो घेराबंदी दलों का नेतृत्व पी सी कुजुर और ए पी सी राव ने किया। घेराबंदी दलों द्वारा अपना मोर्चा संभालने के बाद, हमला दल ने तलाशी की कार्रवाई शुरु कर दी। जब यह दल संदिग्ध झोपड़ी कीओरबढ़ रहा था, तब नक्सलवादियों ने झोपड़ी के पीछे से पुलिस दल पर भारी गोलीबारी शुरु कर दी। नक्सलवादियों

की संख्या उम्मीद से काफी अधिक थी और रणनीतिक तौर पर ऊँचे स्थानो पर विद्यमान थे। परिस्थिति की गंभीरता को भांपते हुए, श्री सुजीत कुमार ने घेराबंदी दल को रेंगते हुए आगे बढ़ने तथा लक्ष्य को बेधने के लिए मोर्चा संभालने का आदेश दिया। श्री सुजीत कुमार गोली बरसाते हुए बांयी दिशा की ओर आगे बढ़े औरए एस आई कोमल नेतम को दांयी तरफ से आगे बढ़ने तथा वहां से सहायता में गोलीबारी करने का निदेश दिया। नक्सलवादी हताश हो गए क्योंकि उन पर दोनों दिशाओं से गोलीबारी हो रही थी। इस प्रकार श्री सुजीत कुमार की युक्ति से पुलिस दल के हताहत होने से बचाने में सफलता मिली। श्री सुजीत कुमार के आक्रामक रूख ने दलों को आक्रामक होकर आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साति किया और नकसलवादी और अधिक हतोत्साहित हुए। नक्सलवादियों ने भागना शुरु कर दिया। पुलिस दल ने कुछ दूर तक उनका पीछ किया और उसके बाद युद्ध भूमि की तलाशी शुरु कर दी। तलाशी करने पर पुलिस दल ने उस स्थल से पांच एम एल गनों, तीन क्लेमारे सुंरगों, एक हथगोला, 200 मीटर तार, ड्रिल किट, दवाइयों, नक्सली साहित्य इत्यादि के साथ वर्दी में दो नक्सलवादियों के शव बरामद किये। उनमें से एक नकसलवादी की पहचान जय राम, झारा दलम के एरिया कमाण्डर के रूप में हुई।

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री सुजीत कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक और कोमल नेतम, सहायक उप निरीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत विशेष भत्ता भी दिनांक 06.07.2009 से दिया जाएगा।

(बरुण मित्रा)
संयुक्त सचिव

सं. 60-प्रेज/2011, राष्ट्रपति, छत्तीसगढ़ पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए राष्ट्रपति के पुलिस पदक का प्रथम बार/ वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

<u>अधिकारियों के नाम और रैंक</u>

सर्व/श्री

1. मुकेश गुप्ता (वीरता के लिए राष्ट्रपति के पुलिस पदक का प्रथम बार)
   पुलिस महानिरीक्षक
2. गुरजीत सिंह ठाकुर (वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक)
   रिजर्व इंस्पेक्टर
3. किरित सिन्हा (वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक)
   असिस्टेंट सब-इंस्पेक्टर

इन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 12 जुलाई, 2009 की सुबह नक्सलियों ने राजनंदगांव जिला में मदनवारा सीमा चौकी पर हमला किया और दो पुलिसकर्मियों को मार दिया। इसके गंभीर परिणाम हो सकते थे, इसलिए एस पी राजनंदगांव और आई जी दुर्ग रेंज ने तलाशी अभियानों की देखरेख करने का निर्णय लिया और अपने संबंधित मुख्यालयों से चल पड़े। एस पी श्री विनोद चौबे ने मार्ग में पड़ने वाले पुलिस थानों को निर्देश दिया कि वे मदनवारा चलने के लिए तैयार रकें। पुलिस थाना अम्बागढ़ चौकी, मोहला और मानपुर की पुलिस पार्टी मानपुर पुलिस थाना के चौराहे पर एस पी के काफिले में मोटरसाइकलों के साथ शामिल हो गई। काफिले को नक्सलियों द्वारा घात लगाकर घेर लिया गया और पीछे चल रहा वाहन आग की चपेट में आ गया जिसमें ड्राईवर जख्मी हो गया परन्तु वे सभी घात से बाहर आने में सफल हो गए। इस डर से कि उनके पीछे चल रही मोटरसाइकल पार्टी खतरे में है, वे कोहका गांव के पास रूक गए और फोन पर पुलिस थाना मानपुर के ए एस आई को तुरन्त एम पी वी में उपलब्ध सेना के साथ चलने का निर्देश दिया तथा सी आर पी एफ को कूच करने का निदेश दिया। उन्होंने सीतागांव से अतिरिक्त बल भी बुलाया और उन्हें मोटरसाइकल पार्टी को सबल बनाने तथा घात को तोड़ने के लिए पीछे की तरफ भेज दिया। आई जी दुर्ग रेंज श्री मुकेश गुप्ता को भी घात के बारे में आर आई श्री गुरजीत सिंह द्वारा बताया गया था। घात स्थल की ओर वापस जाते समय, उन्होंने पाया कि नक्सलियों ने सड़क पर नई बाधाएँ खड़ी कर दी थीं और सशस्त्र टुकड़ियों द्वारा रक्षा की जा रही थी जिससे कि एस पी को रोका जा सके, परन्तु उन्होंने बहादुरी से उसे साफ कर दिया और स्थल तक पहुँच गए। उसी समय ए एस आई सिन्हा छः कांस्टेबलों के साथ एम पी वी में घात स्थल पर पहुँच गए। उन्होंने वहां देखा कि नक्सलियों ने मोटरसाइकल पार्टी को बुरी तरह से क्षतिग्रस्त कर दिया है और जो बच गए थे वे नक्सलियों के साथ हारने वाली लड़ाई लड़ रहे थे। ए एस आई सिन्हा अत्यन्त चतुराई का परिचय देते हुए समय गंवाए बिना गोलीबारी कर रहे नक्सलियों तथा पुलिसकर्मियों के बीच में एम पी वी से कूद गए और गोलियां चलाईं। घायलों को एम पी वी में आराम से खींच लिया गया और उनकी जान बचाई जा सकी। अब नक्सलियों की गोलियों का निशाना एम पी वी पर था, टायर को गोली से उड़ा दिया गया था, ड्राईवर को मारने के लिए आगे के शीशे पर गोलियां चलाई जा रही थी और एम पी वी को जलाने की तैयारी की जा रही थी। एम पी वी के लोग खतरनाक बंदी और मृत्यु की स्थिति में थे परन्तु लड़ रहे थे। आर आई श्री गुरजीत सिंह के साथ आई जी मानपुर की ओर से पहुँच गए थे और ए एस आई किरित सिन्हा की पार्टी की सहायता करने के लिए उनसे मिल गए थे। नक्सलियों के हमले का सामना करने के लिए एस पी की पार्टी भी उनसे मिल गई थी। एक भयंकर मुठभेड़ हुई। नक्सली पीछे हट गए। समय पर हस्तक्षेप से फंसे हुए पुलिसकर्मियों को बचाया जा सका। नागरिकों को लेकर एक परिवहन बस, जो घात के बीच में आ गई थी, को भी सुरक्षित ढंग से निकाल लिया गया

था । पीछे हट रहे नक्सलियों को फिर से देखा गया जो अपने जख्मी साथी को ले जा रहे थे और फिर से दोनों तरफ से गोलियां चलने लगीं। नक्सली बचावी गोलीबारी का लाभ उठाकर बच निकले। तलाशी के दौरान, आर आई श्री गुरजीत सिंह को 05 घायलों को मानपुर ले जाने के लिए कहा गया था। उस समय जब वे घात से मात्र लगभग 500 मीटर दूर गए थे और एक शरीर के जीवित होने का निरीक्षण कर रहे थे, तब पुलिस के स्काउट होने का निरीक्षण कर रहे थे, तब पुलिस के स्काउट ने सड़क के मोड़ के आगे एक आइ ई डी को देखा। जब तक कि वह चेतावनी के लिए शोर मचाता, नक्सलियों ने आइ ई डी को उड़ा दिया। एक भयंकर विस्फोट से सड़क के परखचे उड़ गए, मलबे से चारों तरफ अंधेरा छा गया और हवा से मलबा तथा पत्थर के टुकड़े गिरने लगे। इसी समय लगभग 300 की संख्या में नक्सलवादी, धमाके का फायदा उठाकर, जंगल से बाहर आने लगे और भयंकर गोलीबारी करते हुए टेलिफोन केबल के गड्ढों के नजदीक तथा बड़ी चट्टानों के पीछे पहले से निर्धारित मोर्चे को संभाल लिया। कई पेड़ों पर चढ़ गए और पुलिस पार्टी पर लगातार हथगोले बरसाने लगे। पुलिस खतरनाक स्थिति में फंस गकई और बिना किसी बचाव के खुले में जमीन पर लेट गई। पुलिस पार्टी को घेर लिया गया और वे भारी गोलीबारी के बीच में थे। नक्सलियों ने हतोतहित करने के क्रम में मारने और कब्जे में लेने के लिए शोर मचाया। परन्तु जल्द ही दोनों अधिकारियों के नेतृत्व मेकं पुलिस पार्टियां अपने आवेग में आ गईं और दुश्मन की संख्यात्मक एवं भौगोलि लाभ के बावजूद, साहसपूर्वक हमला किया और भयानक तरीके से जवाब दिया, जबकि इस विकट परिस्थिति में अतिरिक्त बल के साथ अपने साथियों को बचाने के भगीरथ प्रयास की भी अनदेखी नहीं की गई। जैसे ही आर आई श्री गुरजीत सिंह ने भयंकर धमाके की आवाज सुनी, वे तत्काल उस स्थान की ओर वापस लौट गए, परन्तु एक गिरे हुए पेड़ तथा उसकी रक्षा कर रहे नक्सलियों द्वारा उनके रास्ते को अवरूद्ध कर दिया गया। उन्होंने उन पर गोलियाँ चलाईं और जल्द ही सी आर पी एफ की टुकड़ी उनसे मिल गई थी। सड़क को साफ करने के बाद, दूसरे घातस्थल तक पहुँचने वाले वे प्रथम थे जहाँ पर आई जी और उनके साथी नक्सलियों से लड़ रहे थे। श्री गुरजीत सिंह हमले में शामिल हो गए और नक्सलियों को करारा जवाब देने के लिए गोलीबारी शुरु कर दी। बाद में सी आर पी एफ भी आ गई और नकसली भाग निकले। सामने की तरफ से नेतृत्व कर रहे श्री चौबे ने इस विषम परिस्थिति में नक्सली हमले में अवरोध पैदा करने का निर्णय लिया, अपने स्थान से चले और 10 मीटर दूर गड्ढों में छुपे नक्सलियों की ओर भागे तथा उन पर गोलियां चलाईं। इस निर्भीक और अप्रत्याशित जवाबी हमले ने दुश्मनों के बीच हताशा की स्थिति पैदा कर दी ओर उन्हें बड़ी चट्टानों के पीछे भागने के लिए मजबूर कर दिया। इस प्रकार प्रोत्साहित पुलिस कर्मियों ने गोलीबारी शुरु कर दी और हमला जारी रखा। एक भयंकर परन्तु रूक-रूक कर लड़ाई जारी रही। श्री चौबे दृढ़ निश्चय और कंकड़ी बजरी के साथ हादुरी से लड़े और अन्ततः अपने कर्त्तव्य का निर्वाह करते हुए अपने जीवन की बलि दे दी। श्री गुप्ता इस घात के दौरान पुलिस के जवाबी हमले की पराकाष्ठा पर थे और इस तथ्य के बावजूद कि पुलिस बल ऐसी स्थिति में नहीं थी कि वे लम्बे समय तक टिके रह सकें, उन्होंने अपनी जान जोखिम में डाली और वे अपने

साथियों के साथ काफी तेजी से एम पी वी में घुस गए। अब उनके पास बेहतर कवर था और ऊँचाई का लाभ था। पुलिस बल ने एक नई ऊर्जा के साथ भयंकर जवाबी हमला किया, जिससे घायल कांस्टेबल कृष्ण कुमार और ए एस आई श्री किरित सिन्हा की पार्टी को मौका मिल गया, जो बचते हुए एम पी वी के अंदर घुस गए। सात अन्य कांस्टेबलों, जिनके हथियार समाप्त हो गए थे, को भी बचा लिया गया। श्री गुप्ता 45 मिनट से भी अधिक नक्सलियों पर भारी रहे जब तक कि अतिरिक्त बल नहीं आ गया। घटनास्थल से निम्नलिखित हथियार और गोला-बारुद बरामद किए गए:-

1. 9 हथगोले
2. 12 मोलोटोव कॉकटेल
3. पेट्रोल बम जिन्हें घटनास्थल पर नष्ट कर दिया गया और
4. 60 मीटर बिजली की तार इत्यादि

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री मुकेश गुप्ता, पुलिस महानिरीक्षक, गुरजीत सिंह ठाकुर, रिजर्व इंस्पेक्टर और किरित सिन्हा, असिस्टेंट सब-इंस्पेक्टर ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, राष्ट्रपति के पुलिस पदक का प्रथम बार/राष्ट्रपति का पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत विशेष भत्ता भी दिनांक 12 जुलाई, 2009 से दिया जाएगा।

(बरुण मित्रा)
संयुक्त सचिव

सं. 61-प्रेज/2011, राष्ट्रपति, छत्तीसगढ पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री एन.के. साहु
पुलिस उपाधीक्षक

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 09.04.2009 को, एस पी नारायणपुर को ओरछामेट्टा गांव, पुलिस थाना-ओरछा, जिला-नारायणपुर के पास जंगल में नक्सलियों के उपस्थित होने की जानकारी मिली। वे हिंसा में शामिल होने तथा संसदीय चुनाव 2009 का बहिष्कार करने के लिए ग्रामिणों को संगठित करने की योजना बना रहे थे। तत्काल श्री एन.के. साहु, पुलिस उपाधीक्षक(मुख्यालय) के नेतृत्व में डी इ एफ, बी एस एफ, सी ए एफ तथा एस पी ओ की एक संयुक्त पार्टी को इस जानकारी पर

कार्रवाई करने के लिए भेजा गया था। इस पार्टी ने तड़के 04.30 बजे अबुझमाड की परिधि में स्थित ओरछा से शुरूआत की। पार्टी को युक्तिपूर्वक दो दलों में बांटा गया। एक को डिप्टी एस पी की कमान के तहत और दूसरे को श्री नितिन ध्यानी, असिस्टेंट कमाण्डेंट बी एस एफ की कमान के तहत गठित किया गया था। यह डिप्टी एस पी की युक्तिपूर्ण चतुराई थी कि पार्टी को तब तक किसी के द्वारा नहीं पहचाना जा सकता था जब तक कि वे दुलुपारा गांव से आगे कोडनार गांव नहीं पहुंच जाते। लगभग स्थाना के नजदी पहुंचने पर, नक्सलियों के पेड़ के ऊपर बैठे संतरी ने पुलिस दल के एक व्यक्ति को देख लिया। जैसे ही उसने पुलिस कर्मी को देखा, उसने पुलिसकर्मी की ओर निशाना साधा और गोलियां चलानी शुरू कर दी। नक्सलियों को मैदानी क्षेत्र का लाभ मिल रहा था। वे एक तरफ पहाड़ से घिरे हुए और एक नाला के पीछे थे, ऐसी स्थिति में सबसे बड़ी चतुराई गोली चलाकर पीछे हट जाना होता। परन्तु डिप्टी एस पी एन.के. साहु ने इसकी वजाय साहस का परिचय दिया, अपने लोगों को प्रेरित किया और गोली चलाते हुए आगे बढने की तकनीक को अपनाते हुए उन्होंने नक्सलियों को बांयी तरफ से घेरना चाहा। इसी समय श्री नितिन ध्यानी के नेतृत्व में दूसरी पार्टी ने उन्हें दांयी तरफ से घेर लिया। डिप्टी एस पी एन.के. साहु ने अपने बदन और सिर के पास से गुजरने वाली गोलियों की परवाह नहीं की। वे जोखिम उठाते हुए नक्सलियों के निकट आए जिससे कि उनमें से एक को देख सके। उन्हें ए एस आई कुजुर एवं तीन अन्य पुलिसकर्मियों द्वारा करीब 20 फीट पीछे से सक्षम तरीके से सहायता प्रदान की जा रही थी। उन्होंने अपनी स्थिति को बदलते हुए नक्सलियों पर गोलियां चलाईं। उन्होंने गोलियों की बौछार को झेला, परन्तु उसके पुलिसकर्मियों ने भी अपनी स्थिति बदली और नक्सलियों की ओर गोलियां चलाईं जिससे कि ऐसा लगे कि उन्हें एक बड़ी पार्टी ने घेर लिया है। नक्सली भयभीत हो गए और एक बारूदी सुरंग का विस्फोट और भारी संख्या में गोलियां चलाकर तीव्र प्रतिक्रिया जताई। घटनास्थल की सघन तलाशी ली गई जिसमें एक सशस्त्र वर्दीधारी नक्सली, उम्र 20 वर्ष, कद 5'4 का मृत शरी बरामद हुआ।

श्री एन.के. साहु ने उच्च पेशेवर कुशाग्रता, अदम्य साहस एवं सराहनीय बुद्धिमता का परिचय दिया। वे जमीन का युक्तिपूर्ण प्रयोग करते हुए आगे बढ़ते रहे। मैदानी क्षेत्र तथा नक्सलियों की स्थिति को भांपते हुए, डिप्टी एस पी के विलक्षण नेतृत्व में पुलिस की कार्रवाई के परिणामस्वरूप एक खूंखार नक्सली को मारा जा सका।

विरतापूर्ण कार्रवाई वाले स्थान से निम्नलिखित बरामदगियाँ की गईं:-

(क)	भारमर गन	-2
(ख)	देशी गन	-1
(ग)	12 बोर के कारतूस	-6
(घ)	हथगोला	-1
(ड.)	पाईप बम	-1

(च)	टिफिन बम	-4
(छ)	तार	-3 बंडल
(ज)	नक्सलियों की वर्दी	-2 सेट
(झ)	दवाईयां	-2 कंटेनर
(ण)	ग्रेनेड पाऊच	-1 जोडा
(ट)	पिट्ठू	-3
(ठ)	नक्सली साहित्य(पत्रिका)	
(ड)	भूमकल	-2
(ढ)	दैनिक उपभोग की सामग्रियाँ	

इस मुठभेड़ में श्री एन.के. साहु, पुलिस उपाधीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत विशेष भत्ता भी दिनांक 09 अप्रैल, 2009 से दिया जाएगा।

(बरुण मित्रा),
संयुक्त सचिव

सं. 62-प्रेज/2011, राष्ट्रपति, छत्तीसगढ़ पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

श्री बी.आर. मांडवी
इंस्पेक्टर

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 03.10.2006 को असिस्टेंट कमाण्डेंट मि. जॉय थॉमस की कमान के तहत केन्द्रयी रिजर्व पुलिस बल के कर्मियों तथा थाना प्रभारी इंस्पेक्टर बी.आर मांडवी की कमान के तहत पुलिस थाना बासागुडा के स्थानीय पुलिस बल की एक संयुक्त पुलिस पार्टी बासागुडा गांव के पास क्षेत्रीय तलाशी अभियान चला रही थी। जब पार्टी पक्केल गांव की ओर बढ़ रही थी, तब एक नक्सली दल ने पुलिस पार्टी पर गोली चला दी। पुलिस की ओर जवाब दिए जाने पर नक्सलियों ने पीछे हटते हुए और बचावी गोलीबारी का प्रयोग करते हुए राजपेंटा की ओर भगना शुरू कर दिया। पुलिस पार्टी ने नक्सलियों को घेरने के लिए उनका पीछा करने का निर्णय लिया।

भागते हुए नक्सलियों को घेरने हेतु पुलिस पार्टी दो हिस्से में बंट गई। एक का नेतृत्व इंस्पेक्टर बी.आर. मांडवी और दूसरे का नेतृत्व असिस्टेंट कमाण्डेंट श्री जॉय थॉमस ने किया। इंस्पेक्टर मांडवी के नेतृत्व वाला दल दांयी तरफ गया और असिस्टेंट कमाण्डेट जॉय थॉमस वाला दल वांयी तरफ गया तथा उन्हें सरकेगुडा गांव के पास घेर लिया। घेर लिए जाने पर नक्सलियों ने पुलिस पार्टी पर भारी गोलीबारी शुरू कर दी। और आगे बढ़ने के लिए यह आवश्यक हो गया था कि एक बड़ी चट्टान के पीछे पुलिस टुकड़ी पर गोलियाँ बरसा रहे नक्सलियों को मार गिराया जाए। यहाँ पर श्री मांडवी ने अदम्य साहस का परिचय दिया और अपनी जान की परवाह किए वगैर लगभग 100 मीटर तक रेंगते हुए गए तथा नक्सलियों के स्थान के काफी नजदीक पहुंच गए और उनपर गोलियां चलाईं। अपने दल के साथ इस परिणमी लड़ाई में दो नक्सली मारे गए थे। इनमें से एक की पहचान मांडवी हुंगा, उम्र पच्चीस वर्ष, बुडगीचेरी निवासी के रूप में की गई, जबकि दूसरे की पहचान को निर्धारित नहीं किया जा सका। पुलिस पार्टी ने पहले नक्सली के पास से एक मज्जल लोडिंग गन, एक तीर और पांच धनुष तथा दूसरे से एक तीर और सात धनुष बरामद किए। जबकि बाद में क्षेत्र की तलाशी के दौरान एक डेटोनेटर, 156 ग्राम विस्फोटकों के साथ 5 कि.ग्रा. का एक टिफिन बम और एक नयलॉन बैग में रखे साठ मीटर लम्बे बिजली के तार को जब्त किया गया।

इस मुठभेड़ में श्री बी.आर. मांडवी, इंस्पेक्टर ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत विशेष भत्ता भी दिनांक 03 अक्तुबर, 2006 से दिया जाएगा।

(बरुण मित्रा)
संयुक्त सचिव

सं. 63-प्रेज/2011, राष्ट्रपति, दिल्ली पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार/ वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

1. राजेन्द्र सिंह, इंस्पेक्टर — (वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार)
2. जरनैल सिंह, इंस्पेक्टर — (वीरता के लिए पुलिस पदक)
3. सत्येन्द्र सिंह, हेड कांस्टेबल — (वीरता के लिए पुलिस पदक)

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दक्षिण जिला, दिल्ली पुलिस के अधिकारियों ने अतिविशिष्ट प्रयास के आधार पर अदमय वीरता का कार्य किया जिसके परिणामस्वरूप एक सफल कार्रवाई को अंजाम दिया जा सका जिसमें सत्ते-बिट्टू गैंग के खूंखार गैंग के सात सदस्यों को दिनांक 19.01.2009 को ग्रीन पार्क क्षेत्र में हुई शूट आऊट घटना के बाद गिरफ्तार किया गया था। उनके पास से अपराध के लिए प्रयोग में लाई गई भारी मात्रा में कारतूसों के साथ 4 ऑटोमेटिक पिस्तौलें, नौ सेलुलर फोन, 2 कट्टे, 1 चुराई हुई एस एक्स-4 कार, मारुति जेन, 1 होण्डा एकॉर्ड, 1 सैंट्रो कार और 1 मोटर साइकल बरामद की गई है। दिन के उजाले में हुई इस शूट आऊट में गैंग-लीडर सत्य प्रकाश उर्फ सत्ते खूंखार गैंगवार नदीम उर्फ नसीम और शकील तथा उनके सहयोगी कुलदीप उर्फ सोनू सहित चार अपराधी बुरी तरह से जख्मी हो गए।

अधिकांशतः वर्ष 2008 और 2009 की शुरुआत के दौरान सत्ते-बिट्टू का एक खूंखार गैंग दिल्ली, एन सी आर, यू पी और राजस्थान के इलाके में बैंक डकैतियों तथा भारी मात्रा में नदक ले जा रहे व्यवसायियों को लख्य बनाने की सनसनीखेज घटनाओं को अंजाम देने में शामिल थे। इस गैंग के कुछ सदस्यों को पहले ही कोटा, राजस्थान एवं दिल्ली में गिरफ्तार किया जा चुका था। गैंग के सरगना सत्ते ने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर नवम्बर, 2008 माह में आर.के. पुरम के इलाके में एक नदकी वाहन डकैती को अंजाम दिया था। इन सभी सनसनीखेज घटनाओं में अपराधियों द्वारा बड़े पैमाने पर आग्नेयास्त्रों का प्रयोग किया गया था और अधिकांश मामलों में पीड़ितों को कई-कई जगह गोलियों के जख्म हुए थे। अन्ततः इस खूंखार गैंग के सदस्यों को गिरफ्तार करने के लिए दिल्ली पुलिस की कई टीमों को तैनात किया गया। दिल्ली पुलिस मुख्यालय में 25,000 रूपए का नदक ईनाम और पुलिस थाना, नन्दनगरी, नई दिल्ली में मकोका के अनतर्गत एक मामला भी सत्य प्रकाश सत्ते के खिलाफ शुरु किया गया। दिल्ली पुलिस की कई टीमों द्वारा किए गए गहन प्रयासों के बावजूद, यह गैंग बड़े पैमाने पर मौजूद रहा और दिल्ली, एन सी आर, यू पी एवं राजस्थान में श्रृँखलाबद्ध सनसनीखेज अपराधों को निरन्तर अंजाम दिया।

इस गैंग को निष्क्रिय करने के लिए, इंस्पेक्टर जरनैल सिंह, प्रभारी ए ए टी एस, एस आई पवन तोमर, प्रमोद जोशी, बलिहार सिंह तथा इंस्पेक्टर राजेन्द्र सिंह, एस एच ओ/लोधी कालोनी के पर्यवेक्षण के तहत अन्य लोगों एवं श्री विक्रमजीत सिंह, ए सी पी/डिफेंस कालोनी सहित पुलिस थाना लोधी कालोनी तथा ए.ए.टी.एस; दक्षिण जिला की एक संयुक्त टीम को गठित किया गया था। इस तरह से तैयार की गई टीम ने अपने स्त्रोतों को सक्रिय किया और तब इन्हें पता चला कि सत्ते-बिट्टू के खूंखार गैंग का दक्षिण जिला इलाके में मुखबिरों का एक सुव्यवस्थित जाल है जो इलाके में नकदी वाहनों की आवाजाही के बारे में उन्हें विशेष रूप से

जानकारी दे रहा था और जिन्होंने डकैतियाँ डालने के लिए कुछ बैंकों का अभिनिर्धारण भी किया था। टीम द्वारा किए गए प्रयासों का तत्काल परिणाम हासिल हुआ और पुलिस थाना लोधी कालोनी में अपराधियों की गतिविधियों के बारे में एक विशेष जानकारी मिली कि सत्ते के गैंग के सदस्य दक्षिण दिल्ली के ग्रीन पार्क इलाके में कुछ बैंक डकैती करने की योजना बना रहे हैं। इस जानकारी के प्राप्त होने पर, एस एच ओ/लोधी कालोनी ने तत्काल डी सी पी/साऊथ, श्री एच.जी.एस. धालीवाल को सूचित किया जिन्होंने इंस्पेक्टर राजेन्द्र सिंह की निगरानी में पी एस लोधी कालोनी के स्टाफ तथा इंस्पेकटर जरनैल सिंह की निगरानी में एंटी-ऑटो थैप्ट स्वायड के स्टाफ की एक संयुक्त टीम का गठन किया।

आगे और जानकारी मिली कि गैंग के सदस्य भारी मात्रा में हथियारों से लैस हैं और कालेज रंग की होण्डा एकॉर्ड कार तथा मोटरसाइकलों में जा रहे हैं। बाद में कार की नम्बर की पहचान डी एल-7-सी इ-0909 (होण्डा एकॉर्ड) के रूप में हुई थी। अपराधियों का समूह पहले मैक डोनाल्ड, साऊथ एक्सटेंशन पार्ट-।। और बाद में होटल आर.के. इन्टरनेशनल, एन डी एस ई-। पर एकत्रित हुआ।

वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन एवं तालमेल के तहत दोनों टीमों ने इस क्रांतिक स्थिति में साथ-साथ मिलकर काम किया और दुर्दांत अपराधियों द्वारा प्रयोग में लाई गई वाहनों की पहचान की और तेजी से तलाशी शुरु कर दी। जब पुलिस टीम एन डी एस इ-। पहुँची, तब अपराधी पहले ही उपरवर्णित वाहनों में ग्रीन पार्क एक्सटेंशन इलाके की ओर आगे बढ़ गए थे और पीछे एन डी एस इ-। में मोटर साइकलों को छोड़ दिया था। पुलिस टीम ने अपराधियों के अभिनिर्धारित वाहन का पीछा करना शुरु किया और गहन तलाशी के बाद गेट नम्बर 2, ग्रीन पार्क एक्सटेंशन पर काली होण्डा एकॉर्ड कार को घेर लिया। जब पुलिस टीम ने अपराधियों के वाहन के पास जाने की कोशिश की तो काली होण्डा एकॉर्ड कार के सवारों ने पुलिस पार्टी पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरु कर दी। अपराधियों के साथ गोलीबारी लगभग 12 से 15 मिनट तक चली और दोनों तरफ से लगभग 54 चक्र गोलियां चलीं। होण्डा एकॉर्ड कारा में सवार समस्त आक्रमणकारियों को गोलियों के जख्म हुए और पुलिस कर्मी अर्थात कांस्टेबल उमेश, सुरेश एवं कौशलेन्दर को भी गोलियों के जख्म हुए। दूसरा वाहन अर्थात सफेद सैंट्रो, जिसमें इन खूंखार अपराधियों के और अधिक साथी थे, घटनास्थल से भागने में सफल हो गई।

समस्त घायलों को एम्स ट्रॉमा सेन्टर में ले जाया गया था। धारा 307/186/332/353/34 आई पी सी तथा 25/27 आर्म्स एक्ट के अन्तर्गत दिनांक 19.01.2009 को प्राथमिकी सं. 24 के तहत एक मामला हौजखास पुलिस थाना में दर्ज किया गया था और छानबीन शुरु की गई थी। सभी चार घायल अपराधियों को नाजुक स्थिति में एम्स ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया था। बाद में दो अन्य अभियुक्तों अर्थात्त नादिर और हरपाल उर्फ हनी को गिरफ्तार किया गया था। एम्स के एक कर्मचारी अर्जुन को भी दिनांक 29.01.09 को

सत्ते-बिट्टू गैंग के सदस्यों को जाली चिकित्सा प्रमाणपत्र उपलब्ध करने हेतु शराफत शेख के साथ प्राथमिकी सं. 29/09 के तहत डिफेंस कालोनी पुलिस थाना में दर्ज धोखा एवं ठगी के एक मामले में गिरफ्तार किया गया था और शराफत शेख की माँ, जो कुख्यात मादक द्रव्यों की डीलर थी, पहले से मकोका में तिहाड़ जेल में बंद थी। भागने में सफल सैंट्रो कार को भी लाजपत नगर इलाके से बरामद कर लिया गया था। एन डी एस ई-I में अपराधियों द्वारा छोड़ी गई एक मोटरसाइकल को भी गिरफ्तार किए गए दोनों नादिर एवं हनी की निशानदेही पर बरामद कर लिया गया था। गीतांजलि से चुराई गई एक एस एक्स-4 कार को भी हरपाल उर्फ हनी की निशानदेही पर सरोजनी नगर इलाके से बरामद कर लिया गया था जबकि सत्ते तथा उसके गैंग के सदस्यों द्वारा कई अपराधों में प्रयोग में लाई गई एक मारुति जेन कार को भी कोमेसम रेस्टोरेंट पार्किंग एरिया, हजरत निजामुद्दीन से बरामद कर लिया गया था।

निम्नलिखित हथियार/गोला-बारुद बरामद किए गए थे:-

i) 4 ऑटोमैटिक पिस्तौल (3 यू एस ए निर्मित और 1 इटली निर्मित)
ii) 8 जिंदा कारतूसों के साथ 3 अतिरिक्त मैगजीन
iii) 19 चलाई गई कारतूस
iv) 1 चुराई गई ए एक्स-4 कार
v) 1 चुराई गई मारुति जेन कार
vi) 1 अपराध में प्रयुक्त होण्डा एकॉर्ड कार
vii) अपराधियों द्वारा भागने हेतु प्रयुक्त 1 सैंट्रो कार
viii) अपराध को अंजमा देने में प्रयुक्त 1 मोटर साइकल
ix) विभिन्न सेवा प्रदाताओं के 10 सेलुलर फोन और 17 सिम कार्ड
x) 2 कट्टे
xi) कुछ जाली दस्तावेज
xii) लूटी गई नकदी को ले जाने के लिए दो ट्रैवलिंग बैग

पूछताछ के दौरान अभियुक्त सत्ते और उसके अन्य साथियों ने सनसनीखेज अपराधों की श्रृँखलाओं का खुलासा किया, जिसे उन्होंने अपने आपराधिक पेशे के वर्तमान चरण के अपने स्वर्णकाल के दौरान दिल्ली, राजस्थान तथा एन सी आर में अंजाम दिया था।

अधिकारियों की वैयक्तिक भूमिका

<u>इंस्पेक्टर राजेन्द्र सिंह की भूमिका</u>

भारी हथियारों से लैस बैंक डकैतों एवं इंस्पेक्टर राजेन्द्र सिंह के नेतृत्व वाली एक टीम की पुलिस पार्टी के बीच दिन के उजाले में ग्रीन पार्क के रिहायशी/व्यावसायिक इलाके में भयंकर

गोलीबारी वाली लड़ाई वास्तव में पुलस कार्रवाई का एक निर्बाध एवं अत्यन्त पेशेवर उदाहरण था जिसमें किसी आम नागरिक को कोई हानि नहीं हुई और पुलिस टीम को कम-से-कम क्षति हुई जबकि हमलावरों को काफी अधिक नुकसान हुआ।

इंस्पेक्टर राजेन्द्र सिंह ने शूट आऊट के दिन इस खूंखार गैंग की गतिविधि के बारे में विशेष खुफिया जानकारी जुटाने में अत्यन्त महवपूर्ण भूमिका निभाई। उनकी सुविचारित आयोजना, वाहन की उपयुक्त तैनाती और संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की असंदिग्ध रूप से तलाशी के कारण इंस्पेक्टर राजेन्द्र सिंह के नेतृत्व वाली टीम द्वारा पुलिस कार्रवाई का प्रत्यक्ष निष्पादन सम्पन्न हो सका। जब इंस्पेक्टर राजेन्द्र सिंह के नेतृत्व वाली टीम सत्ते गैंग के होण्डा एकॉर्ड कार का पीछा करते हुए ग्रीन पार्क एक्सटेंशन इलाके में पहुँची और अपराधियों को पकड़ने के लिए कार को ओवरटेक करने की कोशिश की तो होण्डा एकॉर्ड कार में बैठे सत्ते और उसके गैंग ने राजिन्दर सिंह के वाहन पर अंधाधुंध गोलियां बरसानी शुरु कर दी। उसी समय इंस्पेक्टर जरनैल सिंह के नेतृत्व वाली दूसरी टीम ने होण्डा एकॉर्ड कार को पीदे से अपनी कार से ठोकर मार दी। हमलावरों द्वारा चलाई गई दो गोलियां इंस्पेक्टर राजेन्द्र सिंह के ठीक सामने से वाहन के दाहिने फेन्डर को भेदती हुई निकल गई और वे बाल-बाल बच गए। उन्होंने अपनी जान जोखिम में डालकर अपनी टीम का सामने से नेतृत्व किया जिसके परिणामस्वरूप कई गोलियां उनके बदन के पास से निकलती रहीं परन्तु निर्भीक होकर उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि उनकी टीम के सदस्य उपयुक्त बल का प्रयोग करें जिससे किसी तरह की संपार्श्विक क्षति हो रोका जा सके।

इंस्पेक्टर जरनैल सिंह की भूमिका

इंस्पेक्टर जरनैल सिंह स्कॉर्पियो कार में अपनी टीम का नेतृत्व कर रहे थे, जिन्होंने होण्डा एकॉर्ड कार के पीछे से अपनी स्कॉर्पियो को भिड़ाते हुए इस तरह से होण्डा एकॉर्ड कार को रूकने पर मजबूर कर दिया कि वाहन बच कर निकल न सके। जब वे वाहन से बाहर निकले तो अपनी जान को जोखिम में डाल दिया और अपराधियों की गोलीबारी के निशाने में आ गए। वे शांतचित्त रहे और सौंपे गए कार्य को इस तरह से निभाया कि पुलिस पार्टी बिना आहत के बच निकली तथा कोई आम नागरिक न तो पुलिस की गोली से और न ही अपराधियों की गोली से घायल हुआ। हालांकि गोलीबारी 15 मिनट तक चली और आम नागरिकों के ठीक सामने लगभग 200 मीटर के दायरे में फैली रही।

उन्होंने अपनी जान को वास्तव में जोखिम में डाला और काफी नजदीक से हमले का सामना किया परन्तु निर्भीक और निडर होकर उन्होंने बहादुरी से अपराधियों की गोलीबारी का सामना किया।

हेड कांस्टेबल सत्येन्द्र सिंह की भूमिका

हेड कांस्टेबल सत्येन्द्र सिंह 49/एस डी ने खूंखार सत्ते-बिट्टू गैंग के सदस्य को पकड़ने के लिए लगभग दो महिने तक कार्य किया और यमुनापार के इलाके में कई बार बिल्कुल अकेले अपनी जान को जोखि में डालकर अपराधियों के छुपने के स्थानों के आसपास कई रातें जागकर बिताईं।

जब पुलिस पार्टी ने हमलावरों के होण्डा एकॉर्ड कार को घेर लिया तब एच सी सत्येन्द्र सिंह ने होण्डा एकॉर्ड के पीदे की तरफ अपना मोच्रार संभाला और अपराधियों को कार से भागने का कोई मौका नहीं दिया। उन्होंने अपनी सुरक्षा की परवाह कए वगैर पुलिस पार्टी के दूसरे सदस्यों को कवर फायर देने के लिए दो बार गोलियां चलाईं और अपराधियों को पकड़ने की स्थिति मेकं ला दिया जिससे अन्ततः पुलिस पार्टी उन सभी को पकड़ने में सफल हो पाई।

इस मुठभेड़ में श्री राजेन्द्र सिंह, इंस्पेक्टर, जरनैल सिंह, इंस्पेक्टर एवं सत्येन्द्र सिंह, हेड कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक का प्रथम बार/पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिये जा रहे हैं तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत विशेष भत्ता भी दिनांक 19.01.2009 से दिया जाएगा।

(बरुण मित्रा)
संयुक्त सचिव

सं. 64-प्रेज/2011, राष्ट्रपति, जम्मू एवं कश्मीर पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

1. परवेज अहमद,
   सब इंस्पेक्टर
2. इम्तियाज अहमद,
   सब इंस्पेक्टर
3. मोहम्मद शाफी,
   सब इंस्पेक्टर
4. परवीन कुमार,
   कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 15 जुलाई, 2008 को वारपोरा सोपोर गांव में आतंकवादियों के उपस्थित होने की विशेष जानकारी मिलने पर एस ओ जी सोपोर के नफरी, 179 बटालियन सी आर पी एफ तथा पी एस सोपोर उस स्थान की ओर बढ़ा। उक्त गांव के पास पहुँचने पर यह पता चला कि हिलाल अहमद सोफी उर्फ खालिद, पुत्र-मोहम्मद सुलतान सोफी, निवासी-वारपोरा सोपोर, अल-बराक आतंकवादी गुट तथा अति राजा, निवासी-पी आ के, जे इ एम आतंकवादी गुट नामक दो आतंकवादी ग. हसन वार, पुत्र-जाजी मोहम्मद सुलतान वार, निवासी-वारपोरा सोपोर के घर में छुपे हुए हैं। एस ओ जी सोपोर के एस आई मोहम्मद साफी तथा पुलिस थाना सोपोर के एस आई परवेज अहमद ने सख्त घेरा डाला और आतंकवादियों को उक्त मकान में अवरुद्ध कर दिया तथा कार्रवाई शुरु कर दी। पुलिस दल को देखकर आतंकवादियों ने तलाशी दल पर अंधाधुंध गोलियां बरसानी शुरु कर दी। जब आतंकवादियों ने कार्रवाई दल पर गोलियां चलाईं उस समय उस स्थान पर कई नागरिक मौजूद थे और इन नागरिकों को वहाँ से हटाना एक साहसपूर्ण कार्य था। जवाबी गोलीबारी करने से पहले, पुलिस कर्मियों की एक छोटी टुकड़ी ने अपने-आपको समर्पित कर नागरिकों को बचाना शुरु कर दिया। नागरिकों के निकट सम्पक्र में पहुँचने पर, आतंकवादियों ने पुलिस दल पर हथगोले फेंकने शुरु कर दिए तथा अंधाधुंध गोलियां चलाने लगे, जिसके दौरान एस आई मोहम्मद साफी और कांस्टेबल अब्दुल कयूम जख्मी हो गए, जबकि एस पी ओ अब्दुल रशीद शहीद हो गए। परन्तु एस आई परवेज अहमद, एस आई इम्तियाज अहमद, एस आई मोहम्मद साफी (लँगड़ाते हुए) और कांस्टेबल परवीन कुमार वाले पुलिस दल ने अपनी जान की परवाह किए बगैर नागरिकों को पहुँचने में सफलता प्राप्त कर ली। पुलिस कर्मियों ने साहसपूर्वक काम किया और अतयंत फुरती दिखाई तथा नागरिकों को सुरक्षित स्थान तक पहुँचाने के कार्य को पूरा कर लिया। इसके तत्काल बाद, एस आई परवेज अहमद, एस आई इम्तियाज अहमद, एस आई मोहम्मद साफी और कांस्टेबल परवीन कुमार वाले पुलिस दल ने सक्रियता से कार्रवाई में हिस्सा लिया और लक्ष्य स्थल की ओर बढ़ने के लिए कार्रवाई के अत्यन्त चुनौतीपूर्ण पहलू को स्वीकार किया। जब वे आतंकवादियों के काफी निकट पहुँचे, तब आतंकवादियों ने उन पर हथगोले फेंकने शुरु कर दिए तथा अंधाधुंध गोलियां बरसाने लगे, परन्तु अपनी निजी सुरक्षा की परवाह किए बगैर आतंकवादियों की ओर बढ़ना जारी रखा तथा कुशल योद्धाओं की तरह जवाबी गोलीबारी की। यह कार्रवाई 23 घंटे तक चलती रही और दल द्वारा की गई बेहतरीन जवाबी गोलीबारी से हिलाल अहमद सोफी उर्फ खालिद, पुत्र-मोहम्मद सुलतान सोफी, निवासी-वारपोरा सोपोर, अल-बराक आतंकवादी गुट तथा अलि राजा, निवासी-पी ओ के, जे ई एम आतंकवादी गुट नामक दोनों आतंकवादियों को मार पाना पुलिस कर्मियों के लिए संभव हो सका। इस घटना के लिए मामला धारा 307, 302 आर पी सी, 7/27 ए एक्ट के तहत प्राथमिकी सं. 186/08 के रूप में सोपोर पुलिस थाना दर्ज है।

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री परवेज अहमद, सब इंस्पेक्टर, इम्तियाज अहमद, सब इंस्पेक्टर, मोहम्मद शाफी, सब इंस्पेक्टर एवं परवीन कुमार, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहे हैं तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत विशेष भत्ता भी दिनांक 16 जुलाई, 2008 से दिया जाएगा।

(बरुण मित्रा)
संयुक्त सचिव

सं. 65-प्रेज/2011- राष्ट्रपति, जम्मू और कश्मीर पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

01 साजद अस्साद
उप निरीक्षक

02 गु. मोहम्मद चेची
एस जी, कांस्टेबल

03. गु. मोहम्मद मलिक
कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 12.09.2008 को मर्गी दिवर लोलाब (कुपवाड़ा) क्षेत्र में कुछ आतंकवादियों के मौजूद होने के संबंध में विशिष्ट सूचना प्राप्त होने पर कुपवाड़ा पुलिस की एस ओ जी पार्टी द्वारा 28 आर आर और 125 बटालियन, सी आर पी एफ की सहायता से एक अभियान चलाया गया। जिस तराई क्षेत्र में आतंकवादी छिपे हुए थे, वह अभियान के कार्मिकों के लिए प्रतिकूल था क्योंकि वहां यदि बुद्धिमत्तापूर्ण तरीके से गोलीबारी पूर्व-सावधानियां/सामरिक युक्तियों का प्रयोग न किया जाता तो नुकसान होने की सम्भावना थी। इस कार्य के लिए विशेष रूप से प्रतिबद्ध कार्मिकों की तुलना में मुकाबला करने का कम अनुभव होने के बावजूद उप निरीक्षक साजद अस्साद के नेतृत्व में पुलिस दल ने सुभेद्य स्थानों से आतंकवादियों का सामना करने का निर्णय लिया। वे अपने कार्मिकों को घेराबंदी और तलाशी अभियान के लिए लक्ष्य स्थल की ओर लेकर गए। ज्यों ही उन्होंने घेराबन्दी और तलाशी अभियान शुरू किया, आतंकवादियों ने उप निरीक्षक एवं एस जी गु. मोहम्मद और कांस्टेबल गु. मोहम्मद नामक उनके सहयोगी जो सामने से आगे बढ़ रहे थे, पर हथगोलों और गोलियों की बौछार कर दी। चूंकि वह स्थान अत्यंत सुभेद्य था,

इसलिए आतंकवादियों ने पुलिस पार्टी को देख लिया जिसके परिणामस्वरूप उन्हें अपनी जान का भारी खतरा झेलना पड़ा। परन्तु अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह न करते हुए उप निरीक्षक साजद-अस्सा (एस एच ओ, पी/एस सोगाम) एवं उनके सहयोगियों ने आतंकवादियों का पीछा किया किन्तु आतंकवादियों ने जोरदार जवाबी हमला कर दिया जिसके कारण कार्मिकों को अपनी पोजीशनों से तितर-बितर होना पड़ा। तथापि, उन्होंने तत्काल सूझबूझ का परिचय देते हुए फिर से तुरन्त अपनी पोजीशन ले ली और अपनी-अपनी पोजीशनों से तेजी से जबाबी हमला बोल दिया, जिसकी वजह से आतंकवादियों की हिम्मत टूट गई और उन्होंने घेराबन्दी तोड़कर भागने का प्रयास किया किन्तु पुलिस कर्मियों द्वारा प्रदर्शित अत्यधिक फुर्तीलेपन की वजह से आतंकवादी बचकर नहीं निकल सके और घेर लिए गए और गोलीबारी करते रहे। अन्ततः, लम्बे समय तक चली गोलीबारी के पश्चात, पुलिस पार्टी ने उन दोनों आतंकवादियों को मार गिराया जिनकी पहचान बाद में समीर अहमद राथेर पुत्र गु. हुसैन निवासी नौपारा पेयीन, पुलवामा और अहमद रेशी पुत्र अब. रहमान निवासी चाकू सोपियान के रूप में हुई। अभियान के दौरान, दो ए.के. 56 राइफलें, पांच ए.के. मैगजीनें और 90 ए.के. राउण्ड बरामद किए गए। इस संबंध में पुलिस स्टेशन, सोगाम में मामले की एफ आई आर संख्या 27/2008 दिनांक 12 सितम्बर, 2008 दर्ज है।

इस मुठभेड़ में सर्वश्री साजद अस्साद, उप निरीक्षक, गु. मोहम्मद चेची एस जी, कांस्टेबल और गु. मोहम्मद मलिक, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिये जा रहे हैं तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत विशेष भत्ता भी दिनांक 12.09.2008 से दिया जाएगा।

(बरुण मित्रा)
संयुक्त सचिव

सं. 66-प्रेज/2011- राष्ट्रपति, जम्मू और कश्मीर पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

<u>अधिकारियों के नाम और रैंक</u>

सर्व/श्री

1. शेख फैजल कयूम,
   उप पुलिस अधीक्षक
2. चमेल सिंह,
   हेड कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 17.05.2008 को ग्राम-लारू जागीर, ट्राल अवन्तीपुरा के बाहर आतंकवादियों के मौजूद होने की विशिष्ट सूचना पर कार्रवाई करते हुए श्री अमरजीत सिंह, उप पुलिस अधीक्षक, ट्राल की कमान में अवंतीपुरा पुलिस ने 185 बटा. सी आर पी एफ की सहायता से एक संयुक्त घेराबन्दी और तलाशी अभियान शुरू किया। तलाशी वाला क्षेत्र एक विस्तृत फलोद्यान क्षेत्र था जिसमें आतंकवादियों के मौजूद होने का आभास किया गया था। इसलिए, आतंकवादियों का सफाया करने के लिए शेख फैजल, उप पुलिस अधीक्षक, डी ए आर, अवन्तीपुरा की कमान में 42 आर आर और पुलिस पार्टी की एक अतिरिक्त टुकड़ी बुलाई गई श्री फैजल के साथ एच सी चमेल सिंह, और पार्टी के अन्य पुलिस कार्मिकों को फलोद्यान के पूर्वी ओर , जो वस्तुतः इस अभियान का अत्यधिक जोखिमपूर्ण क्षेत्र था, से आगे बढ़ने का दायित्व दिया गया था। इसमें सबसे प्रमुख उत्तरदायित्व उन लोगों को सुरक्षित रखने का था जो फलोद्यानों में काम कर रहे थे। फलोद्यान के पूर्वी तरफ काम कर रहे लोगों को सुरक्षित निकलते समय श्री फैज़ल, उप पुलिस अधीक्षक को आतंकवादियों के मौजूद होने का आभास हुआ और उन्होंने उन्हें हथियार डालने के लिए ललकारा। तथापि, आतंकवादियों ने अंधाधुंध गोलीबारी कर दी और अधिकारी की ओर हथगोले फेंके। श्री फैजल और एच.सी. चमेल सिंह, तुरन्त जवाबी गोलीबारी करके और लगातार गोलीबारी में आतंकवादियों को उलझाकर उन्हें बच निकलने का कोई मौका दिए बगैर अनुकरणीय सूझबूझ और उत्कृष्ट साहस का परिचय दिया। ये अधिकारी और उनके सहयोगी रेंगते हुए आतंकवादियों की ओर बढ़े और घमासान गोलीबारी की लड़ाई में सभी छह आतंकवादियों का सफाया करने में सफल हुए, जिनकी पहचान बाद में, वसीम हसन अहंगेर उर्फ कैरी पुत्र गु.हसन, निवासी कचमुल्लाह, मो. यूसुफ भट उर्फ प्रिम्ना पुत्र अव. समद निवासी चारसू, मेहराजुद्दीन शेख पुत्र गु. नबी निवासी नूरपुरा, अली बाबा उर्फ बदरभाई निवासी पाकिस्तान, इफ्तकार भाई निवासी पाकिस्तान और अकरम उर्फ कालू भाई निवासी पाकिस्तान के रूप में हुई।

मुठभेड़ स्थल से निम्नलिखित शस्त्र/गोला-बारूद बरामद किए गए और इस संबंध में पुलिस स्टेशन, ट्राल में आर पी सी की धारा 307, आई.ए. की धारा 7/27 के अन्तर्गत मामले की एफ आई आर संख्या 35/2008 दर्ज है।

(क)	राइफल ए के-47	-02
(ख)	राइफल ए.के.56	-04
(ग)	ए.के. मैगजीनें	-21
(घ)	ए.के. राउण्ड	-88
(ड.)	चाइनीज पिस्टल	-01
(च)	पिस्टल मैगजीन	-02

(छ)	पिस्टल राउण्ड	-03
(ज)	वायरलेस सैट	-03
(झ)	सैटेलाइट फोन	-01
(ञ)	चाइनीज हथगोले	-07
(ट)	यू बी जी एल हथगोले	-06
(ठ)	नोकिया मोबाइल फोन	-04

इस मुठभेड़ में सर्वश्री शेख फैजल कयूम, उप पुलिस अधीक्षक और चमेल सिंह, हेड कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिये जा रहे हैं तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत विशेष भत्ता भी दिनांक 17.05.2008 से दिया जाएगा।

(बरुण मित्रा)
संयुक्त सचिव

सं. 67-प्रेज/2011- राष्ट्रपति, झारखण्ड पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री भोला प्रसाद सिंह,
उप निरीक्षक

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 31.05.2008 को बरकाठा के प्रभारी अधिकारी श्री विनोदानन्द सिंह ने विष्णुगढ़ के प्रभारी अधिकारी उप निरीक्षक भोला प्रसाद सिंह को सूचना दी कि उन्होंने सी पी आई (माओवादी) के आंचलिक कमाण्डर अर्जुन यादव उर्फ विजय यादव को गिरफ्तार कर लिया है जो माण्डू पुलिस स्टेशन के मामला संख्या 181/08/ दिनांक 11.05.2008 में भा.दं. संहिता की धारा 147/148/149/353/333/302/307/324/326, आयुध अधिनियम की धारा 27, बिस्फोटक अधिनियम की धारा 3/4 और सी.एल.ए. अधिनियम की धारा 17 के तहत भी अभियुक्त है। इसके पश्चात, उप निरीक्षक भोला प्रसाद सिंह और अन्य लोगों ने उससे पूछताछ की और उन्हें अर्जुन यादव और नक्सल एरिया कमाण्डर नीतीश उर्फ योद्धा साव की पूर्व निर्धारित बैठक के बारे में जानकारी मिली। उप निरीक्षक भोला प्रसाद सिंह ने पुलिस अधीक्षक, हजारीबाग को इसकी जानकारी दी जिन्होंने छापा मारने की योजना बनायी और इसके लिए तीन टीमें बनायीं गई। 1- हमला टीम जिसमें उप निरीक्षक भोला प्रसाद सिंह, सहायक सेनानी, सी आर पी एफ हर्षपाल

सिंह और अन्य लोग शामिल थे 2. उप निरीक्षक विनोदानन्द सिंह की घेराबंदी टीम और 3. एस डी पी ओ सरयू पासवान और उप निरीक्षक अरूण कुमार के नेतृत्व में डी ए पी कांस्टेबलों की स्टापर टीम।

सभी टीमें अर्जुन यादव को साथ लेकर सायं 8 बजे रवाना हुईं और चन्दरमुण्डू गांव पहुंच गई, एक गांव वाले को साथ ले लिया जिसने टीम का मार्गदर्शन किया और बैठक के स्थान की जानकारी दी। उप निरीक्षक भोला प्रसाद सिंह और सहायक सेनानी सी आर पी एफ ने अर्जुन यादव को साथ लेकर एक छोटी नदी को पार करने के पश्चात रात करीब 9.30 बजे अंधेरे और प्रबंचन का फायदा उठाकर एक छोटी पहाड़ी पर होने वाली बैठक के स्थान पर पहुंचने में सफलता प्राप्त की। अर्जुन यादव उर्फ विजय यादव ने नीतीश को बुलाया और हाथ मिलाने के बाद लाल-सलाम के साथ अभिवादन किया और अन्य लोगों को इशारा किया। उप निरीक्षक, भोला प्रसाद सिंह अन्य लागों के साथ अपनी जान को गम्भीर एवं तत्काल खतरा होते हुए भी उस क्षेत्र में पहुंच गए जहां सशस्त्र नक्सलियों की बैठक चल रही थी। ज्यों ही वह अन्य लोगों के साथ एरिया कमाण्डर नीतीश और अन्य नक्सलियों के बिल्कुल निकट पहुंचे तो उन्हें अभास हो गया कि वहां पर पुलिस है और उन्होंने तत्काल पुलिस वालों पर गोलीबारी शुरू कर दी। उप निरीक्षक भोला प्रसाद सिंह और सहायक सेनानी हर्षपाल सिंह ने जवानों को ग्रामीणों को बचाते हुए हमले की जवाबी गोलीबारी करने का निदेश दिया। वहां पर जीवन और मौत का सवाल था क्योंकि वहां हर एक जगह पर नक्सली मौजूद थे जबकि उप निरीक्षक भोला प्रसाद सिंह और हर्षपाल सिंह केवल एक जवान के साथ उस क्षेत्र में गए थे जो नक्सलियों से पूर्णरूपेण घिरा हुआ था। इसी बीच, नीतीश ने गोली चलाने के लिए अपनी .303 राइफल बाहर निकालने की कोशिश की । उप निरीक्षक भोला प्रसाद ने अपनी जांन की परवाह न करते हुए उसका कंधा और गर्दन पकड़ लिया और अपनी सरकारी पिस्टल निकाल लिया और उसे आत्मसमर्पण करने के लिए कहा किन्तु गिरफ्तार माओवादी अर्जुन यादव ने भी नीतीश की मदद करनी शुरू कर दी और उनकी पिस्टल छीनने की कोशिश की। इस हाथापाई में वे तीनों पहाड़ी से नीचे लगभग 12 फीट नीचे जमीन पर गिर गए। ज्यों ही उप निरीक्षक भोला प्रसाद ने खुद को उससे छुड़ाया तो नीतीश ने अपनी .303 राइफल से भोला सिंह, उप निरीक्षक को निशाना बनाते हुए एंक राउण्ड फायर कर दिया। किन्तु उन्होने हिम्मत नहीं हारी और पूर्ण साहस का परिचय देते हुए नीतीश को निशाना बनाकर फायर कर दिया और वह घायल होकर नीचे गिर गया। तत्काल अर्जुन यादव उर्फ विजय यादव ने भोला प्रसाद सिंह पर फायर करने के लिए नीतीश की राइफल उठाने की कोशिश की किन्तु उन्होंने अर्जुन यादव को निशाना बनाकर दुबारा फायर किया जिससे वह भी नीचे गिर गया। इस दौरान, नक्सलियों और बाकी पुलिस/सीआरपीएफ पार्टी के बीच मुठभेड़ चल रही थी। उन्होंने उग्र सीपीआई (माओवादी) आतंकवादियों पर भी गोली चलायी जो अपने काड़रों की सशक्त मौजूदगी की वजह से खतरनाक हो गए थे। सहायक सी.ओ. सी आर पी एफ ने भी सी आर पी एफ कांस्टेबलों के साथ मिलकर जबाबी गोलीबारी की। आतंकवादियों का धैर्य

टूट गया और उन्होंने भागना शुरू कर दिया। कुछ समय के बाद गोलीबारी रुक गई। साहसी एस आई भोला प्रसाद सिंह ने सी आर पी एफ पार्टी के साथ मिलकर गहन तलाशी की और महिला कार्यकर्त्ता कान्ती कुमारी को गिरफ्तार किया और उन्हें उस स्थल से आतंकवादियों के 04 शव मिले एवं राइफल, पिस्टल, विस्फोटक आई ई डी और भारी मात्रा में गोला-बारूद बरामद किए गए।

मुठभेड़ स्थल से निम्नलिखित हथियार एवं गोलाबारूद बरामद किए गए:-

1.	.303 रेगुलर पुलिस राइफल	-01
2.	देशी बन्दूक	-01
3.	देशी सिक्स राउण्ड रिवाल्वर	-01
4.	देशी पिस्टल	-01
5.	धनुष लगभग	-10
6.	तीर	-04
7.	केन बम	-01 (25 किग्रा.)
8.	फ्यूज सहित बिजली के तार लगभग	-100 मीटर
9.	पिट्ठू (कंधे का बैग)	-05
10.	बैटरी	-01
11	फ्यूज के साथ डेटोनेटर	
12.	कारतूस	
	(i) .38 जिन्दा कारतूस	-03
	(ii) .315 जिन्दा कारतूस	-04
	(iii) .303 जिन्दा कारतूस	-35
	(iv) .303 खाली कारतूस	-03
	(v) .315 खाली कारतूस	-11
	(vi) ए.के. – 47 खाली राउण्ड	-05
	(vii) 9 एम एम खाली कारतूस	-03
13.	नक्सल डायरी	-01
14.	लेवी रसीद बुक	-01
15.	नारी मुक्ति संघ की लेवी रसाद बुक	-02
16.	सीपीआई (माओवादी) की लेवी रसीद बुक	-02
17.	केन्द्र पट्टी मजदूर संघ हर्ष समिति उत्तर छोटा नागपुर की लेवी रसीद बुक	
18.	नक्सली गुप्त दस्तावेज	
19.	महिलाओं एवं पुरूषों के अनेक उपयोगी कपड़े	
20.	भारी मात्रा में विभिन्न प्रकार की दवाइयां	

21. अनेक साबुन
22. ग्राउण्ड शीट -08
23 आई ई डी के विस्फोट हेतु वायर के साथ कैमरा फ्लैश
24. विभिन्न तारीखों की अखबार की कतरनें
25. पानी की बोतल -01
26. टार्च -01
27. मोबाइल (नोकिया) -01
28. मोबाइल चार्जर -01
29 2930 रू. नकद
30. कुल्हाड़ी -02
31. अनेक जोड़ी चप्पलें (चमड़ा एवं हवाई) लगभग 15 जोड़ी
32. नक्सल संबंधी अन्य दस्तावेज एवं सामग्री

इस मुठभेड़ में श्री भोला प्रसाद सिंह, उप निरीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत विशेष भत्ता भी दिनांक 31.05.2008 से दिया जाएगा।

बरुण मित्रा
संयुक्त सचिव

सं. 68-प्रेज/2011-राष्ट्रपति, झारखण्ड पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री बालकिशोर किस्कू
उप निरीक्षक

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 18.08.2008 को करीब 17.15 बजे सायं एस.पी. हजारी बाग की इस सूचना के आधार पर कि एम सी सी (आई) (माओवादी) (प्रतिबंधित संगठन) का सब-जोनल-कमाण्डर कृष्णा यादव और बबुआ सिंह अपने दस्ते के साथ पुलिस स्टेशन-केरादरी, जिला-हजारीबाग के अन्तर्गत आने वाले ग्राम-बटुका, टोला नोनियाडीह के नजदीक स्थित नीरी पहाड़ी के जंगल में घूम रहे हैं और सहायक कमाण्डेन्ट पी.आर. मिश्रा के नेतृत्व में सी आर पी एफ की डी कम्पनी

22 बटालियन को आवश्यक कार्रवाई हेतु पुलिस स्टेशन बड़कागांव भेजा जा रहा है, पुलिस स्टेशन केरदारी के प्रभारी अधिकारी को भी बड़कागांव पुलिस स्टेशन पहुंचने का निदेश दिया गया। उपर्युक्त सूचना प्राप्त होने के पश्चात, पुलिस स्टेशन केरदारी के प्रभारी अधिकारी श्री बालकिशोर किस्कू पी एस रिजर्व फोर्स के पांच पुलिस कार्मिकों को साथ लेकर सरकारी वाहन से बडकागांव पुलिस स्टेशन की ओर रवाना हुए और उसी दिन करीब 19.45 बजे बड़कागांव पहुंच गए। सहायक कमाण्डेंट श्री पी.आर. मिश्रा भी वहां पहुंच गए थे और नक्सलियों के विरूद्ध आवश्यक कार्रवाई करने की एक रणनीति तैयार करने के पश्चात, प्रभारी अधिकारी, केरदारी उसी दिन सी आर पी एफ की टुकड़ी के साथ अम्बाटोला के रास्ते घने जंगल की ओर रवाना हुए और पैदल पहाड़ी और घने जंगल से होते हुए रात में करीब 23.20 बजे नीरी पहाड़ी के जंगल में पहुंच गए। घने जंगल और पहाड़ियों की वजह से वाहन को अम्बाटोला पुलिस चौकी पर छोड़ दिया गया। प्रभारी अधिकारी, केरदारी पुलिस स्टेशन (उप निरीक्षक बाल किशोर किस्कू) द्वारा स्थानीय सूत्रों से नक्सलियों की गतिविधियों के संबंध में जानकारी एकत्र की गई। सहायक कमाण्डेण्ट, सी आर पी एफ के साथ आवश्यक विचार-विमर्श करने के पश्चात पुलिस स्टेशन केरदारी के प्रभारी अधिकारी द्वारा नक्सलियों के विरूद्ध विशेष कार्रवाई करने के प्रयोजन से दो स्टाप पार्टियां और एक तलाशी एवं छापामार पार्टी बनायी गयी। दोनों स्टाप को निर्देश दिए गए। पहली स्टाप पार्टी को घने जंगल की ओर नोनियाडीह के उत्तर की ओर पहुंचने का निदेश दिया गया जबकि दूसरी स्टाप पार्टी को नोनियाडीह, बुढ़िया झरना के दक्षिण की ओर पहुंचने का निदेश दिया गया। तलाशी एवं छापामार पार्टी का नेतृत्व पुलिस स्टेशन, केरदारी के प्रभारी अधिकारी ने किया। प्रभारी अधिकारी पुलिस स्टेशन, केरदारी के नेतृत्व में पुलिस बल घने जंगल और घनघोर अंधेरे के बावजूद चकमा देने के लिए नियमित रास्ते से हटकर गहरे पानी वाली नदी, पहाड़िया, तराई पार करते हुए आगे बढ़ता गया। साहसपूर्ण जज्बे के साथ अपने आपको छिपाते हुए प्रभारी अधिकारी, केरदारी दिनांक 19.08.2008 को रात 00.15 बजे नक्सलियों के समीप बुढ़िया झामा पहुंच गए। उस घने जंगल में पहाड़ी के ऊपर घरों का एक समूह दिखाई दिया। घने जंगल और नालों से जुड़ी पहाड़ी की चोटी पर दूर-दराज अलग स्थिति एक मकान में हलचल का आभास हुआ। लक्ष्य क्षेत्र की पहचान करने के बाद, प्रभारी अधिकारी, केरदारी पुलिस स्टेशन (उप निरीक्षक बालकिशोर किस्कू) पुलिस बल के साथ उसी वक्त लक्ष्य क्षेत्र के यथासम्भव निकट पहुंचने के लिए आगे बढ़े । अचानक नक्सलियों ने जोर से चिल्लाना शुरू किया और पुलिस बल पर गोलीबारी शुरू कर दी और जान से मारने के इरादे से हमला कर दिया। इस जोखिमपूर्ण स्थिति में स्वयं को बचाने और आत्म रक्षा के लिए प्रभारी अधिकारी, केरदारी पुलिस स्टेशन ने वीरता के साथ तत्काल जबावी हमला करने के लिए पुलिस बल को नक्सलियों की गोलीबारी का जवाब देने का ओदश दिया। उप निरीक्षक बाल किशोर किस्कू, प्रभारी अधिकारी, पुलिस स्टेशन केरदारी ने अपनी ए.के.-47 राइफल से फायर किया जबकि अन्य बलों ने भी अपने-अपने आग्नेयास्त्रों से फायर करना शुरू कर दिया। प्रभारी अधिकारी,

केरदारी पुलिस स्टेशन अपने दल के आगे चल रहे थे। पहाड़ी की चोटी पर चट्टानों के पीछे छिपे नक्सलियों की ओर से भीषण गोलीबारी हो रही थी। दोनों ओर से यह गोलीबारी करीब डेढ़ घण्टे चलती रही। उस अंधेरी रात में उस लक्ष्य क्षेत्र में एक मानव आकृति दिखायी पड़ी थी। प्रभारी अधिकारी, केरदारी द्वारा पहले तैयार की गई रणनीति के अनुसार, पुलिस बल द्वारा नक्सलियों की ओर दो एच ई बम फेंके गए और इसके पश्चात, धीरे-धीरे नक्सलियों की ओर से गोलीबारी रूक गई। इसके बावजूद, पुलिस ने हमला जारी रखा और उस क्षेत्र की घेराबन्दी बनाए रखी और इसी बीच प्रभारी अधिकारी, केरदारी पुलिस स्टेशन द्वारा मुठभेड़ की सूचना पुलिस अधीक्षक हजारी बाग और सी आर पी एफ की 22वीं बटालियन के कमाण्डेन्ट को मोबाइल फोन से दी गई। करीब 3.00 बजे नक्सलियों की गतिविधियों के बारे में जानकारी प्राप्त करने के लिए प्रभारी अधिकारी केरदारी पुलिस स्टेशन के निदेश पर पुलिस बल द्वारा तीन पैरा बम भी फेंके गए। इसके बावजूद स्थिति स्पष्ट नहीं हो सकी। तब प्रभारी अधिकारी, केरदारी पुलिस स्टेशन के नेतृत्व में पुलिस बल द्वारा घटनास्थल को सुबह तक घेरे रखा गया।

दिनांक 19.08.2008 को सुबह तड़के लगभग 5.30 बजे प्रभारी अधिकारी, केरदारी पुलिस स्टेशन, उप निरीक्षक बाल किशोर किस्कू ने अन्य बलों के साथ मिलकर उस क्षेत्र की तलाशी शुरू की और तलाशी के दौरान यह पाया गया कि एक वर्दीधारी नक्सली घटनास्थल पर अपनी एस एल आर राइफल, पिट्ठू, छाता, चप्पल, राइफल आदि सामान के साथ पड़ा हुआ है। बाद में प्रभारी अधिकारी, पुलिस स्टेशन केरदारी द्वारा मोबाइल फोन के माध्यम से उप संभागीय मजिस्ट्रेट, हजारीबाग को किए गए अनुरोध के पश्चात, मुठभेड़ स्थल को सुरक्षा की दृष्टि से प्रभारी अधिकारी, केरदारी द्वारा पुलिस स्टेशन के रिजर्व बल और सी आर पी एफ के साथ घेर लिया गया। वहां पड़े नक्सलियों के शवों की जांच रिपोर्ट तैयार करने के लिए एक मजिस्ट्रेट को प्रतिनियुक्त किया गया और इसी बीच वहां कुछ गांव वाले इकट्ठे हो गए। प्रतिनियुक्त किए मजिस्ट्रेट द्वारा उनमें से दो लोगों की मौजूदगी में तलाशी शुरू की गई और तलाशी के दौरान गांव वालों द्वारा शव की पहचान बिनोद मुण्डा, ग्राम बच्चाडीह, पुलिस स्टेशन- केरदारी, जिला हजारीबाग के रूप में की गई। मजिस्ट्रेट द्वारा विनोद मुण्डा के शव की जांच रिपोर्ट तैयार की गई। लोड की हुई मैगजीन के साथ एस एल आर राइफल, उसकी पीठ में काले रंग का पिट्ठू, एस एल आर में लोड की हुई दो मैगजीनें, दो मोबाइल सेट, एक वायरलेस सेट 50,000 रूपए नकद, एस एल आर के 58 कारतूस और एस एल आर के 5 खाली खोखे पाए गए। इतना ही नहीं, घटना स्थल पर विभिन्न प्रकार की वस्तुएं और सामान भी पाए गए । गोलीबारी के क्षेत्र के भीतर .303 बोल्ट एक्शन की एक राइफल के साथ .303 के 48 जिन्दा करतूसों वाला एक पाउच और एक दूसरा वायरलेस सेट भी पाया गया। सम्भवतः, कुछेक नक्सली घायल हो गए थे। प्रभारी अधिकारी, केरदारी पुलिस स्टेशन द्वारा घटना स्थल पर दो गवाहों की उपस्थिति में बरामद की गई वस्तुओं की सूची तैयार की गई।

उपर्युक्त घटना के आधार पर, केरदारी पुलिस स्टेशन में आई पी सी की धारा 147/148/149/332/353/307, आयुध अधिनियम की धारा 25 (1-ख) क/26/27/35, विस्फोटक पदार्थ अधिनियम की धारा 4/5 और सी एल ए अधिनियम की धारा 17 के तहत मामला संख्या 64/08 दिनांक 19.08.2008 दर्ज किया गया है।

इस मुठभेड़ में श्री बाल किशोर किस्कू, उप निरीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत विशेष भत्ता भी दिनांक 19.08.2008 से दिया जाएगा।

बरुण मित्रा
संयुक्त सचिव

सं. 69-प्रेज/2011- राष्ट्रपति, झारखण्ड पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री दाउद कीरो
उप निरीक्षक

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

पुलिस अधीक्षक, हजारीबाग को एक गोपनीय सूचना प्राप्त होने पर, पुलिस अधीक्षक, हजारीबाग और सी आर पी एफ के सहायक कमाण्डेन्ट श्री पी.आर. मिश्रा द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय, हजारीबाग में उप निरीक्षक दाउद कीरो के साथ परामर्श करके एक योजना बनाई गई। दिनांक 16.09.2008 को सायं यह सूचना मिली थी कि सी पी आई (माओवादी) नक्सलियों का सब-जोनल कमांडर कृष्णा यादव अपने लगभग 20 साथियों के गुट के साथ चतरा जिले के सिमरिया पुलिस स्टेशन की घामा पहाड़ियों में घूम रहा है। बनाई गई योजना के अनुसार, कटकमसन्डी के प्रभारी अधिकारी उप निरीक्षक दाउद कीरो और श्री पी.आर. मिश्रा, सहायक कमाण्डेन्ट ने सी आर पी एफ जवानों की प्लाटूनों और डी ए पी कांस्टेबलों की एक टुकड़ी के साथ रात 22.00 बजे कटकमसंडी पुलिस स्टेशन से छापा कार्रवाई हेतु घामा पहाड़ी की ओर रवाना हुए यह सम्पूर्ण टीम पूरी रात जंगलों और पहाड़ी तराइयों वाले क्षेत्रों में चलती रही और अलग-अलग गांवों और पहाडियों में छापा मारती रही और तलाशी करती रही। अन्ततः, 03.00 बजे यह टीम घामा पहाड़ियों में पहुंच गई और कृष्ण यादव और उसके साथियों के पहाड़ी एवं जंगल में छिपने के स्थान के बारे में जानकारी प्राप्त की। तत्काल दो टीमें बनायी गई और उस

स्थान तथा सटी पहाडियों के उत्तर एवं दक्षिण दिशा की ओर से घेराबंदी और तलाशी की कार्रवाई शुरू की गई। सशस्त्र नक्सलियों का खतरा होते हुए भी, दोनों टीमें उप निरीक्षक दाउद कीरो और सहायक कमाण्डेन्ट पी आर मिश्रा के कुशल नेतृत्व में सभी पूर्वसावधानियां बरतते हुए घने जंगल और अंधेरे में आगे बढ़ी। पहली टीम नाला तक पहुंच गई और पहाड़ी की तरफ से नाला पार करना आरम्भ किया। करीब 05.45 बजे सुबह का समय था जब नाला के दूसरी ओर पहाड़ियों और चट्टानों में बैठे नक्सलियों ने पुलिस पार्टी की मौजूदगी को जान लिया और पुलिस पर गोलीबारी आरम्भ कर दी। उप निरीक्षक दाउद कीरो और श्री पी आर मिश्रा, सहायक कमाण्डेन्ट ने जवानों को जवाबी गोलीबारी करने का आदेश दिया और इस प्रकार, उन्होंने भी अपनी-अपनी ए.के.-47 से गोलीबारी शुरू कर दी। किन्तु नक्सली पहाड़ी की चोटी से दोनो तरफ से और आस-पास की चट्टानों की ओट लेकर गोलियां चला रहे थे । अत्यधिक खतरनाक स्थिति के बावजूद, उप निरीक्षक दाउद कीरो और श्री आर.पी. मिश्रा तीन जवानों के साथ रेंगते हुए और एक – दूसरे को ए के-47 की फायरिंग का कवर देते हुए पहाड़ी की ओर बढ़ने लगे। इस प्रकार कुछ दूर तक पहाडी पर चढ़ने के बाद, उन्होंने चट्टानों की आड़ लेकर पूरब की ओर से तीन-चार उग्रवादियों को गोली चलाते हुए देखा। अपने आप को छिपाते हुए उप निरीक्षक दाउद कीरो और श्री पी.आर.मिश्रा उस स्थान के बिल्कुल नजदीक पहुंच गए जहां से गोलीबारी हो रही थी। वहां नक्सलियों द्वारा की जा रही गोलीबारी की गिरफ्त में आने का अत्यन्त खतरा था और वहां विभिन्न स्थानों पर अधिक संख्या में नक्सलियों के होने की सम्भावना थी। लेकिन कर्तव्य की पुकार और राष्ट्र के लिए तत्परता की भावना के साथ वे दोनों गोलीबारी कर रहे नक्सलियों की ओर वीरतापूर्वक आगे बढ़े। अपनी ए.के. 47 राइफलों से नक्सलियों की ओर गोलीबारी की। इस गोलीबारी से एक नक्सली की चीख निकली और वह गिर पड़ा, दूसरे नक्सली भी घायल हो गए और चट्टानों और पेड़ों की ओट लेकर भाग गए। पुलिस/सी आर पी एफ और नक्सलियों के बीच यह गोलीबारी डेढ़ घण्टे तक चलती रही और अन्ततः नक्सलियों की ओर से बन्द हुई। पुलिस पार्टी ने पहाड़ी में अगले कुछ घण्टों तक अपनी पोजीशन बनाए रखी।

बाद में, स्थानीय गांव वालों की उपस्थिति में तलाशी कार्रवाई की गई जिसमें एक नक्सली का शव बरामद किया गया था। मुठभेड़ स्थल से निम्नलिखित हथियार/गोलाबारूद तथा अन्य सामान बरामद किए गए:-

1. 06 कारतूसों के साथ .303 राइफल-1
2. .303 राइफल के जिन्दा कारतूस-143 का एक बण्डल
3. एस एल आर राइफल-01, 5 कारतूसों से भरी मैगजीन के साथ।
4. दो पाउचों में 7.62 कारतूस
5. काले रंग के बण्डल के 07 राइफल चार्जर और प्रत्येक चार्जर में 8 कारतूस थे, कुल - 56 और एक बण्डल में 30.06 के 83 कारतूस।
6. छाता-07

इस मुठभेड़ में श्री दाउद कीरो, उप निरीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत विशेष भत्ता भी दिनांक 17.09.2008 से दिया जाएगा।

बरुण मित्रा
संयुक्त सचिव

सं. 70-प्रेज/2011- राष्ट्रपति, कर्नाटक पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार/ वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

1. शंकर महादेव बिदरी (वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार)
   उप महानिरीक्षक
2. के.के. विजय कुमार (वीरता के लिए पुलिस पदक)
   रिजर्व उप निरीक्षक
3. कोन्जलट्टा रामानन्द (वीरता के लिए पुलिस पदक)
   पुलिस कांस्टेबल
4. जी.के. दिलीप कुमार (वीरता के लिए पुलिस पदक)
   पुलिस कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

श्री शंकर महादेव बिदरी ने दिनांक 18.02.1993 से 20.06.96 तक पुलिस उप महानिरीक्षक और कुख्यात शिकारी, हाथी मारने वाले, चन्दन तस्कर और हत्यारे वीरप्पन एवं उसके गैंग के सदस्यों को पकड़ने के लिए विशेष रूप से गठित कार्य बल, एम एम हिल्स के कमाण्डर के रूप में कार्य किया। इस अवधि के दौरान, दिनांक 30 अक्तूबर 993 को जब वे अपने अभियान दल के साथ तमिलनाडु के इरोड जिले में स्थित उत्तरी बरगूर के जंगलों में कॉम्बिंग अभियान के लिए गए हुए थे, तब उन्हें यह सूचना मिली कि जंगल का डाकू वीरप्पन और उसके गैंग के सदस्य मोयार नदी के उत्तर की ओर गेज्जलहट्टी दर्रा के निकट इरोड जिले के साथ्यामंगला तालुक में साउथ तालामलाइ जंगल में छिपे हुए हैं। इस जानकारी की सूचना मिलने पर, वह तत्काल एम एम हिल्स स्थित अपने मुख्यालय लौट गए और एक अभियान दल का गठन किया जिसमें एक डी एस पी, 3 उपनिरीक्षक और कर्नाटक पुलिस के 32 अन्य रैंकों के कार्मिक और एक पी एस आई और सीमा सुरक्षा बल के 15 जवान शामिल थे और उन्हें इस सूचना के बारे में जानकारी दी। श्री बिदरी के नेतृत्व में इस अभियान दल ने दिनांक 30 अक्तूबर, 1993 को 2300 बजे रात में जीपों में एम एम हिल्स से निकल पड़े और जीपों के द्वारा जंगली रास्ते पर 150 किमी. की दूरी तय करने के बाद यह दल दिनांक 31.10.1993 को सुबह

0500 बजे गेज्जलहट्टी दर्रा पहुंच गया। अभियान दल के वाहनों को एक सुविधाजनक स्थान पर खड़ा कर दिया गया और उनकी सुरक्षा के लिए पर्याप्त संख्या में गार्ड तैनात कर दिए गए। दल के शेष सदस्यों के साथ श्री बिदरी ने पैदल गेज्जलहट्टी से साउथ तालामलाई के जंगलों में प्रवेश किया और उस गैंग के छिपने के स्थान की तलाश करने का प्रयास शुरू कर दिया। खड़ी पहाड़ी और घने जंगल तथा बहुत दुर्गम क्षेत्र वाले घने जंगल में लगभग 6 किमी. पैदल पूरी तय करने के बाद उन्हें आभास हुआ कि वह सम्भावित छिपाव-स्थल के करीब पहुंच गए हैं।

संदिग्ध छिपाव-स्थल से लगभग 2 किमी. की दूरी पर, उन्होंने अपने अभियान दल को 3 दलों में विभाजित कर दिया। पहले दल का नेतृत्व श्री जोगलेकर, आर पी आई ने बी एस एफ के 10 जवानों के साथ किया और उन्हें पश्चिम दिशा की ओर से कार्रवाई के पश्चात भागने वाले गैंग के सदस्यों को रोकने और गिरफ्तार करने के लिए कट-आफ ग्रुप के रूप तैनात किया गया। दूसरा दल जिसका का नेतृत्व श्री मोनप्पा, ए आर एस आई ने किया और उन्हें भी इसी तरह के कार्य के लिए पूर्व दिशा की ओर तैनात किया गया। तीसरा दल नेतृत्व श्री बिदरी ने किया और जिसमें डी एस पी मुदालैय्या, आर पी आई पाराशिवा, पी आई सौदागर, पी एस आई, बी एस एफ, भोजप्पा, ए आर एस आई विजय कुमार और 15 कांस्टेबल शामिल थे, छिपने के स्थान की ओर बढ़ा। छिपने के स्थान से लगभग 300 मीटर की दूरी पर उन्होंने अपने दल को 4 टुकड़ियों में विभाजित किया। श्री पाराशिवा के नेतृत्व में पहली टुकड़ी को संदिग्ध छिपाव स्थल से 300 मीटर की दूरी पर छिपाव स्थल के बायीं ओर घात लगाने के लिए तैनात किया गया, श्री भोजप्पा के नेतृत्व में दूसरी टुकड़ी को दायीं ओर घात लगाने के लिए तैनात किया गया, और श्री मुदालैय्या, डी एस पी के नेतृत्व में 2 कांस्टबलों वाली तीसरी टुकड़ी को मुखबिर का ध्यान रखने और चौथी टुकड़ी अर्थात हमला टुकड़ी जिसका नेतृत्व श्री बिदरी द्वारा किया जा रहा था, का अनुसरण करने के लिए तैनात किया गया। श्री बिदारी, पी आई सौदागर, ए आर एस आई विजय कुमार, एपीसी दिलीप कुमार और के. रामानन्द को साथ लेकर छिपाव-स्थल की ओर बढ़े। जब वे छिपाव-स्थल जो नाला के सामने टीले की चोटी पर था, से करीब 30 मीटर की दूरी पर थे, तभी वीरप्पन और उसके गैंग के सदस्यों को श्री बिदरी के नेतृत्व में चल रहे हमला टुकड़ी के पहुंचने की जानकारी हो गई और उन्होंने अचानक उन पर गोलीबारी शुरू कर दी। हमला टुकड़ी ने तत्काल ओट लेकर जवाबी गोलीबारी की। श्री बिदरी के नेतृत्व वाली हमला टुकड़ी और उनके साथियों द्वारा की जा रही गोलीबारी का कोई असर नहीं हुआ क्योंकि गैंग ऊंचाई पर था। दूसरी ओर, श्री बिदरी के नेतृत्व में हमला टुकड़ी द्वारा ओट ले लेने की वजह से वीरप्पन गैंग द्वारा की गई गोलीबारी से हमला टुकड़ी को नुकसान नहीं हुआ और गोलियां उनके सिर के ऊपर से निकल गई। उस क्षण, श्री बिदरी ने एपीसी दिलीप कुमार को गैंग की ओर एचई-36 हथगोला फेंकने का निदेश दिया। ग्रेनेड (हथगोला) के फटने के तुरन्त बाद, हमला टुकड़ी के सभी सदस्यों अर्थात श्री बिदरी, सौदागर, विजय कुमार, दिलीप और के. रामानन्द ने छिपाव स्थल की ओर गोलीबारी करनी शुरू कर दी। यह गोलीबारी तब तक की जाती रही जब

तक कि गैंग द्वारा हमला टुकड़ी की ओर की जा रही गोलीबारी बन्द नहीं हो गई। गैंग की ओर से हमला टुकड़ी पर की जा रही गोलीबारी के बन्द होने के 5 मिनट बाद, हमला टुकडी सावधानीपर्वूक छिपाव स्थल की ओर बढ़ी। छिपाव-स्थल पर, उन्हें जैतून के रंग की हरी वर्दी और पुलिस की बेल्ट पहने तथा बगल में एस एल आर राइफल लिए ग्रेनेड और गोलियों से जख्मी होकर जमीन पर पड़ा हुआ एक व्यक्ति मिला। उसने अपना नाम मूलाकर मणि उर्फ करंगलुर मणि उर्फ एन एस मणि बताया और यह बताया कि गैंग के अन्य सदस्य भाग गए है। कुछ मिनट बाद ही घटना स्थल पर उसकी मृत्यु हो गई। घटना स्थल पर निम्नलिखित आग्नेयास्त्र, गन-पाउडर, लेड-बॉल्स, पुलिस की वर्दियां इत्यादि मिली। जब्त की गईं बरामदगियाँ निम्नवत है:-

1. एक सेल्फ लोडिंग राइफल संख्यांक 15124270
2. 9 एस एल आर जिंदा राउंड सहित एक एस एल आर मैगजीन
3. दस .303 जिंदा राउंड और 3 चार्जर क्लिपों सहित एक .303 राइफल संख्यांक 33533
4. चार सिंगल बैरल वाली मजल लोडिंग बंदूकें
5. एक खाली 0.450 कारतूस
6. बारुद के साथ एक एल्यूमीनियम बोतल
7. लीड बॉल सहित एक छोटा सूती थैला
8. बारुद के साथ एक छोटा प्लास्टिक कवर
9. एस बी एम एल कैप सहित एक प्लास्टिक कवर
10. तीन लाल और नीले पुलिस शोल्डर बैज
11. पुलिस यूनीफार्म शोल्डर स्टार
12. एक तमिलनाडु पुलिस पीक कैप बैज
13. एक टूटा हुआ छोटा आइवरी टुकड़ा
14. 9 रुपये की राशि के सिक्के
15. जैतून की तीन हरी कमीजें
16. जैतून के दो हरे ट्राउज़र
17. पुलिस यूनीफार्म की सीटी का एक लाल फ़ीता
18. दो खाकी यूनीफॉर्म कमीज़ें
19. एक खाकी ट्राउज़र
20. महिलाओं द्वारा प्रयोग में लाई जाने वाली चाँदी की एक पायजेब
21. कुछ बर्तन और खाद्यान्न

छिपाव –स्थल चारों ओर से पत्थर के बंकरों से सुरक्षित था। तैनात कट-आफ और घात टुकड़ी की मदद से छिपाव स्थल के आस-पास के सारे जंगल की लगभग 5 घण्टे तक तलाशी की गई। परन्तु गैंग का कोई भी सदस्य नहीं मिला। यह मुठभेड़ सुबह करीब 8.30 बजे हुई

थी। दिनांक 31.10.1993 को लगभग 3 बजे अपराह्न जंगल क्षेत्र में घनघोर बरसात शुरू हो गई। अभियान दल के लिए जंगल में सर्यास्त के बाद आगे बढ़ना सुरक्षित नहीं होता। इसलिए श्री बिदारी, अपने अभियान दल के साथ जब्त किए गए आग्नेयास्त्र एव अन्य सामान तथा गैंगस्टर एन एस मणि के शव को घने जंगल, खड़ी पहाडियों एवं कठिन एवं गहरी जंगली क्षेत्र से होते हुए गेज्जलहट्टी दर्रे तक लाए। वहां से वे गेज्जलहट्टी से लगभग 25 किमी. दूर स्थित भवानी सागर पुलिस स्टेशन जीप से गए और गैंगस्टर एन.एस. मणि के शव और छिपाव स्थल से जब्त किए गए आग्नेयास्त्रों एवं अन्य सामान को उनके सुपुर्द किया और दिनांक 31.10.1993 को सायं 7.20 बजे इस घटना से संबंधित प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करायी। उनकी रिपोर्ट के आधार पर भवानी सागर पुलिस स्टेशन में एक दाण्डिक मामला संख्या 262/93 दर्ज किया गया।

श्री बिदरी ने जीप द्वारा 150 किमी. से अधिक दूरी और दुर्गम एवं घने तथा अपरिचित जंगली क्षेत्र में 10 किमी. से अधिक पैदल दूरी तय करते हुए वीरप्पन और उसके गैंग द्वारा एस एल आर .303 और एस बी एम एल बन्दूकों से की जा रही गोलीबारी के सामने मौत का सामना करते हुए तथा हमला टुकड़ी की व्यक्तिगत रूप से अगुवाई करते हुए अपनी जान की परवाह न करके उच्च कोटि की संगठनात्मक एवं अभियान कौशल, नेतृत्व, साहस और अत्यधिक उत्कृष्ट वीरता का प्रदर्शन किया। वह छिपाव स्थल पर सफल धावा बोलने और एक ऐसे गैंग के खूंखार और महत्वपूर्ण सदस्य को मारने मे कामयाब हुए जिस पर 10 लाख रूपए का नकद ईनाम था।

इस मुठभेड़ में सर्वश्री शंकर महादेव बिदरी, उप महानिरीक्षक, के.के. विजय कुमार, रिजर्व उप निरीक्षक, कोन्जलट्टा रामानन्द, पुलिस कांस्टेबल और जी के दिलीप कुमार, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक का प्रथम बार/पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिये जा रहे हैं तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत विशेष भत्ता भी दिनांक 31.10.1993 से दिया जाएगा।

बरुण मित्रा
संयुक्त सचिव

सं. 71-प्रेज/2011- राष्ट्रपति, मणिपुर पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री एल. विक्रम सिंह,
सहायक उप निरीक्षक

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 19/11/2009 को करीब 3.20 बजे सुबह केइबी टाइगर कैम्प के क्षेत्र के आसपास घाटी के भूमिगत संगठन से संबंधित सशस्त्र काडरों के मौजूद होने के बारे में एक विश्वस्त जानकारी प्राप्त हुई। आसूचना संबंधी जानकारी के आधार पर, मेजर कौशलेन्द्र सिंह, ब्रेवो कम्पनी के नेतृत्व में इम्फाल ईस्ट कमाण्डो और 23 असम राइफल्स के कार्मिकों का एक संयुक्त दल समुचित योजना और मौके की ब्रीफिंग करने के पश्चात उस क्षेत्र की ओर झटपट रवाना हुआ।

योजनानुसार, असम राइफल्स के कार्मिकों ने टाइगर कैम्प के आबादी वाले क्षेत्र अर्थात पूर्वी और जबकि जमादार चौ. पुष्पेन्द्र कुमार के नेतृत्व में कमाण्डो ने सोनापाट नाम से मशहूर टाइगर कैम्प हिल रेन्ज के पश्चिम की ओर सी.आई.कार्रवाई आरम्भ की।

सामरिक तौर पर, कमाण्डो ने अपने वाहनों से उतरकर संदिग्ध क्षेत्र अर्थात केइबी हिल रेंज की ओर पहुंच गए। पहाड़ी की तलहटी वाले क्षेत्र में ऊबड़-खाबड़ जमीन पर धान के खेत, आबादी वाले क्षेत्र से अलग फैले हुए थे। ज्यों ही कमाण्डो परस्पर सामरिक दूरी बनाए रखते हुए पहाड़ी क्षेत्र की ओर जा रहे थे, उसी समय लगभग 9/10 की संख्या में सशस्त्र उग्रवादियों ने अत्याधुनिक हथियारों से कमाण्डो पर गोलीबारी कर दी। कमाण्डो ने पहाड़ी की तलहटी में स्थित नाले के साथ अपनी पोजीशन लेकर जवाबी गोलीबारी की और अलग-अलग दिशाओं से पहाड़ी के ऊपर की ओर रैंगते हुए आगे बढ़ते रहे। जमादार पुष्पेन्द्र कुमार लगातार गोलियां बरसाते हुए उत्तर की तरफ से कमाण्डो के एक दल का आगे रहकर नेतृत्व करते हुए आगे की ओर बढ़ने लगे। उनके ठीक पीछे राइफलमैन आई. सुनील सिंह चल रहे थे। इसी बीच, सहायक उप निरीक्षक, एल. विक्रम सिंह भीषण मुठभेड़ करते हुए हिल रेंज के पश्चिम की तरफ से आगे बढ़ते रहे। पहाड़ी के ऊपर की तरफ करीब 50 मीटर तक चढ़ने के पश्चात, ए एस आई विक्रम ने एक युवक को देखा जो कमाण्डोज की ओर फायर करने का प्रयास कर रहा था। वह युवक अपने

बाकी साथियों से बिल्कुल अलग-थलग था। ए एस आई विक्रम ने रेडियो सेट के माध्यम से इस विरल स्थिति के बारे में जमादार पुष्पेन्द्र कुमार को अवगत कराया। इस प्रकार, कमाण्डोज ने विभिन्न दिशाओं से उक्त उग्रवादी की ओर नजदीज पहुंचने का सतत प्रयास किया । उग्रवादी के समक्ष जमादार पुष्पेन्द्र कुमार और राइफल मैन आई सिंह का सामना करने की मुश्किल स्थिति उत्पन्न हो गई थी और वह कमाण्डोज के जोरदार हमले का सामना करने में अक्षम होकर पश्चिम की ओर से नीचे की ओर पीछे भागने लगा जहां ए एस आई विक्रम पोजीशन लिए हुए थे। इस प्रकार उग्रवादी को ए एस आई विक्रम का सामना करना पड़ा। ए एस आई विक्रम ने इस कठिन घड़ी में जबरदस्त धैर्य एवं नए जोश के साथ उग्रवादी का मुकाबला किया। इस आमने-सामने की अकेली लड़ाई में, ए एस आई विक्रम उस उग्रवादी को मार-गिराने में सफल हुए। बाकी उग्रवादी दक्षिण की ओर तितर-बितर होकर उस क्षेत्र की ओर गोली बारी करते रहे। जमादार पुष्पेन्द्र कुमार और राइफल मैन सुनील हथियारों से लैश उग्रवादियों के साथ भीषण मुठभेड़ में जमकर भिड़ गए। बाकी उग्रवादी हिल रेंज के घने जंगलों का फायदा उठाकर वापस भाग गए। इस प्रकार इस मुठभेड़ में एक उग्रवादी मारा गया जिसकी पहचान बाद में पीपल्स रिवोलुशनरी पार्टी आफ कांगलेईपाक (प्रीपाक) के यू जी गुट के एक एस/एस सार्जेंट एनगैंरंगबम अमित उर्फ रोज उर्फ विक्की, उम्र (19) वर्ष पुत्र (स्व.) एन जी बीरबल सिंह, निवासी कियामगेई खोईराम लेइकेई ए/पी सागोलबन्द मेइनों लेईराक, इम्फाल के रूप में हुई। शव के पास से एक ए.के. 56 असाल्ट राइफल, जिसका नं. 84575 है, चेम्बर में एक जिन्दा राउण्ड और मैगजीन में 12 जिन्दा राउण्ड के साथ बरामद की गई। इसके अलावा, मुठभेड़ स्थल की तलाशी के दौरान ए के-राइफल की एक खाली मैगजीन, ए के-56 राइफल के 44 खाली खोखे, एस एल आर के 13 खाली खोखे, एम-79 का एक अत्यधिक विस्फोटक शेल, ए के.36 एच ई हथगोला (हैण्ड ग्रेनेड) बरामद हुआ।

इस मुठभेड़ में श्री एल. बिक्रम सिंह, सहायक उप निरीक्षक, ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत विशेष भत्ता भी दिनांक 19.11.2009 से दिया जाएगा।

(बरुण मित्रा)
संयुक्त सचिव

सं. 72-प्रेज/2011- राष्ट्रपति, मणिपुर पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

1. ए. गीतचन्द्र
   हवलदार,
2. एम. धनजीत सिंह
   हवलदार
3. एच. टिकेन्द्रजीत सिंह
   राइफलमैन

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 12 जून, 2010 को अपराह्न 4.30 बजे, सुगनू पुलिस स्टेशन पर तैनात थाउबल जिले की कमाण्डो युनिट को एक विश्वस्त सूचना मिली कि प्रतिबंधित भूमिगत संगठन कांगलेईपाक कम्युनिस्ट पार्टी (एम सी) के कुछ सशस्त्र काडरों ने वान्गू सदंगखोंग एल पी स्कूल जहां पर सड़क निर्माण हेतु मजदूर ठहरे हुए थे, से लशराम नाओबा सिंह नामक एक उप-ठेकेदार का अपहरण कर लिया है। उक्त विशिष्ट और विश्वस्त सूचना के प्राप्त होने पर थाउबल जिले के कमाण्डो की दो टीमें एक टीम 4 राइफल मैनों के साथ हवलदार एम. धनजीत सिंह के नेतृत्व में और दूसरी टीम 4 राइफलमैनों के साथ हवलदार ए. गीत चन्द्र के नेतृत्व में, उक्त गांव अर्थात वान्गू सदंगखोंग की ओर विद्रोह – रोधी कार्रवाई और उक्त उप-ठेकेदार को छुड़ाने के लिए तत्काल रवाना हुई।

वान्गू सदन्गखोंग गांव, सुग्नू पुलिस स्टेशन से लगभग 13 किमी (थाउबल जिला मुख्यालय से 50 किमी) बहुत दूर-दराज क्षेत्र में स्थित है और अपनी स्थलाकृतिक विशेषताओं की वजह से विद्रोहियों से आतंकित हैं। क्षेत्र की संवेदनशीलता को ध्यान में रखते हुए हवलदार धनजीत और हवलदार गीतचन्द्र ने अपने जवानों को अत्यधिक सतर्कता बरतने के बारे में ब्रीफ दिया और इस तरीके से कार्रवाई योजना तैयार की ताकि उग्रवादी छिपकर गांव से बाहर न भाग जाएं।

इस प्रकार, करीब 5.30 बजे अपराह्न जब कमाण्डो दो वाहनों में वान्गू सदन्गखोंग गांव में प्रवेश कर रहे थे, तभी हवलदार धनजीत सिंह, जो पहले वाहन में थे, ने एक युवक को गांव से बाहर आते हुए देखा। उक्त व्यक्ति कमाण्डो को देखकर आशंकित और असहज दिखायी पड़ रहा था, और तेजी से चलने लगा। युवक की संदिग्ध चाल को देखकर, हवलदार धनजीत सिंह ने सत्यापन करने के लिए जोर से आवाज लगाकर उसे रूकने के लिए कहा। तथापि, युवक चेतावनी की ओर ध्यान दिए बगैर इम्फाल नदी के तट की ओर भागने लगा। दूसरे वाहन में चल रहे कमाण्डो को भी सतर्क कर दिया गया और दोनों पार्टियों ने भाग रहे युवक का तेजी से पीछा किया। जब कमाण्डो इम्फाल नदी की ओर जाने वाली गांव की एक संकरी उप-गली से युवक का पीछा कर रहे थे और उसके निकट पहुंचने वाले थे, तभी नदी के किनारे बांस के झुरमुटों के बीच से दो दिशाओं से कमाण्डो पर अचानक गोलियां चलायी गई।

कमाण्डो तत्काल नीचे कूद पड़े और जहां कहीं भी गली में पोजीशन ले सकते थे उन्होंने वहीं पोजीशन ले ली। कुछ देर के लिए तो वे हिल भी नहीं सके। फिर कमाण्डो समय गवांए बिना अलग-अलग दिशाओं में फैल गए और जवाबी गोलीबारी करने लगे और वहां पर सीधी मुठभेड़ शुरू हो गई। जब कमाण्डो ने तेजी के साथ कार्रवाई करनी आरम्भ की और उग्रवादियों के विरूद्ध हमला करते हुए आगे बढ़े तो उन्होंने भी कमाण्डो के हमले का मुकाबला करने के लिए व्यूह रचना करनी आरम्भ कर दी। उग्रवादियों की संख्या लगभग 8 से 10 के आस-पास रही होगी।

हवलदार धनजीत सिंह ने सामने से उग्रवादियों के विरूद्ध जोरदार हमला बोल दिया। उन्हें बांस के झुरमुट के बीच से एक छोटा शस्त्र (पिस्टल) लिए हुए एक उग्रवादी बाहर आता हुआ और नदी तट के दक्षिण की ओर भागता हुआ दिखायी दिया। हवलदार धनजीत ने भाग रहे उस युवक का तेजी से पीछा किया जिसने उन पर 4/5 राउण्ड फायर भी किए। अपनी सुरक्षा और जान के जोखिम की परवाह न करते हुए, वह उस युवक का पीछा करते रहे और अन्ततः उसे मार-गिराया। उसी समय अन्य उग्रवादियों ने भी हवलदार धनजीत पर गोलियां चलानी शुरू कर दी। इन संकटपूर्ण परिस्थिति में, हवलदार गीतचन्द्र सिंह और राइफलमैन टिकेन्द्रजीत सिंह भी हवलदार धनजीत सिंह की सहायता के लिए आगे बढ़े।

दूसरी ओर, हवलदार गीतचन्द्र और राइफलमैन टिकेन्द्रजीत सिंह उग्रवादियों का सफाया करने के लिए गोलीबारी करते हुए बांसों के झुरमुट में घुस गए, जहां उग्रवादी पीछे हटने के लिए इधर-उधर भागने लगे। जब लगभग 3-4 उग्रवादी बच निकलने के लिए निष्फल प्रयास करते हुए नदी तट की ओर भाग रहे थे, तभी उन्हें देख लिया गया। इस निर्णायक स्थिति में हवलदार गीतचन्द्र और टिकेन्द्रजीत सिंह ने भागते हुए उग्रवादियों का तेजी से पीछा किया और उन पर हमला कर दिया। इस हमले में कमाण्डो दूसरे उग्रवादी को मार गिराने में सफल हुए। इस प्रकार, उनकी गोलियों से घायल होने के कारण दो उग्रवादियों ने मुठभेड़ स्थल पर ही दम तोड़ दिया । शेष उग्रवादी अंधेरे और घनी झाड़ियों/बांस के झुरपमुटों का फायदा उठाकर बचकर भाग गए।

कुछ देर तक रुक-रुक कर गोलीबारी चलती रही। जब वहां सन्नाटा हो गया तो कमाण्डो ने पूरे क्षेत्र में तलाशी प्रारम्भ की और उन्हें नदी के किनारे बांस की झांड़ के पास एक व्यक्ति छिपा हुआ मिला जिसकी पहचान बाद में उक्त उप-ठेकेदार अर्थात लैशराम नाओबा सिंह पुत्र (स्व.) धीरेन सिंह निवासी काकवा लिलान्डो लाम्पाक, इम्फाल के रूप में हुई। इस प्रकार उसे उनके चुगुल से छुड़ा दिया गया।

मारे गए दोनों उग्रवादियों की पहचान बाद में (i) निन्थौजाम हेमन्त सिंह, उम्र लगभग 35 वर्ष, पुत्र (स्व.) एन.थोम्बा सिंह, निवासी पांगलतबी माखा लेईकेई और (2) हुईद्रोम बिजेन सिंह उर्फ इनाओ, उम्र 25 वर्ष, पुत्र एच.इबोम्चा सिंह, निवासी क्वसीफाई मेयाई के रूप में हुई। ये दोनों भूमिगत संगठन कांगलेईपाक कम्युनिस्ट पाटी (एम सी) के खूंखार काडर के रूप में सूचीबद्ध थे। उनमें से एक अर्थात एन.हेमन्त सिंह ने वर्ष 1996 में आत्मसमर्पण कर दिया था और राज्य सरकार की पुनर्वास योजना के तहत उसे मणिपुर पुलिस में भर्ती किया गया था। किन्तु दिनांक 30.12.2001 को उक्त व्यक्ति शस्त्र और गोलाबारूद (एक एस एल आर, तीन मैगजीनें, 7.62 गोलाबारूद के 30 राउण्ड और एक एच ई हथगोला के साथ पुलिस से फरार हो गया था और अपने मूल भूमिगत संगठन में शामिल हो गया था। पुलिस अभिलेखों से पता चलता है कि उक्त व्यक्ति जबरन वसूली, बमों को लगाने और विस्फोट करने इत्यादि जैसे अनेक जघन्य अपराधों में संलिप्त था। मारा गया हुईद्रोम बिजेन नामक दूसरा उग्रवादी वर्ष 1999 में पी एल ए में शामिल हुआ था और बाद में कांगलेईपाक कम्युनिस्ट पार्टी (एमसी) में शामिल हो गया था। इस प्रकार, वह भी अनेक जघन्य अपराधों में संलिप्त एक सूचीबद्ध खूंखार उग्रवादी था।

मुठभेड़ स्थल से निम्नलिखित शस्त्र एवं गोलाबारूद बरामद गिए गए:-

(क) मारे गए एच. बिजेन के हाथ से एक .32 एम एम (7.65 के रूप में अंकित) कैलिबर पिस्टल बरामद हुआ जिसकी मैगजीन में .32 गोलाबारूद (7.65 के रूप में अंकित) के दो जिन्दा राउण्ड्स भरे थे (यू एस ए निर्मित एली ब्रांण्ड जिसका पंजीकरण संख्या ए-1477 है)।
(ख) मारे गए उग्रवादी एन. हेमन्त. के हाथ से एक 9 एम.एम. कैलिबर पिस्टल (देशी) बरामद हुआ जिसमें 9 एम. एम. गोलाबारूद के 2 जिन्दा राउण्ड भरे थे।
(ग) .32 गोलाबारूद के दो खाली खोखे (7.65 के रूप में अंकित), 9 एम एम गोलाबारूद के दो खाली खोखे, ए.के. राइफल गोलाबारूद के 15 खाली खोखे।
(घ) मारे गए निन्गथाऊजम हेमन्त की जेब से काले रंग का चमड़े का एक बटुआ, जिसमें निंगथाऊजम हेमन्त सिंह पुत्र एन. लोम्बा सिंह निवासी पनगलताबी के नाम का एक चुनाव पहचान पत्र और एक पैन कार्ड (संख्या बी सी एस पी एस 1475 जी) और एन.अचाउबा सिंह पुत्र एन शामू सिंह निवासी यान्गू सन्दन्गखोंग के नाम से एक ड्राइविंग लाइसेंन्स।

(ड.) दो नोकिया मोबाइल हैण्ड सेट, मारे गए एन हेमन्ता से, एक काले रंग का मोबाइल जिसका आई एम ई आई संख्या 352761/01/733849/3 है और मारे गए एच. बिजेन सिंह से दूसरा लाल रंग का मोबाइल जिसका आई एम ई आई संख्या 352260/01/840598/9 है।

इसका उल्लेख सुग्नू पुलिस स्टेशन में मामले की एफ आई आर संख्या 20(6) 2010 धारा 364-क/342/307/34 आई पी सी, 20 यू ए (पी) और 25(1-सी) शस्त्र अधिनियम में है।

इस मुठभेड़ में सर्वश्री ए. गीतचन्द्र, हवलदार, एम. धनजीत सिंह, हवलदार और एच. टिकेन्द्रजीत सिंह, राइफलमैन ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिये जा रहे हैं तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत विशेष भत्ता भी दिनांक 12.06.2010 से दिया जाएगा।

(बरुण मित्रा)
संयुक्त सचिव

सं. 73-प्रेज/2011- राष्ट्रपति, मणिपुर पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक का चौथा बार/ वीरता के लिए पुलिस पदक का तीसरा बार/ वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

<u>अधिकारियों के नाम और रैंक</u>

सर्व/श्री

01.	पी. संजय सिंह उप निरीक्षक	(वीरता के लिए पुलिस पदक का चौथा बार)
02.	एम.सुधीर कुमार मेईतेई निरीक्षक	(वीरता के लिए पुलिस पदक का तीसरा बार)
03.	जी. थैंगम्पाऊ उप निरीक्षक	(वीरता के लिए पुलिस पदक)
04.	गिंगाउथंग हवलदार	(वीरता के लिए पुलिस पदक)
05.	मो. मजीबुर रहमान हवलदार	(वीरता के लिए पुलिस पदक)
06.	मो. सलामद शाह राइफलमैन	(वीरता के लिए पुलिस पदक)
07.	थ. आनन्द कुमार सिंह राइफलमैन	(वीरता के लिए पुलिस पदक)

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 01/09/2009 को घाटी में सक्रिय उग्रवादियों ने एन एच/50 पर चल रही बस पर टिडिडम रोड़ के साथ फाउगाकचाओ के पास हमला कर दिया और मौके पर ड्राइवर को मार दिया। दिन-दहाड़े ड्राइवर की हत्या जिला प्रशासन के साथ- साथ राज्य के लिए गम्भीर चिन्ता का विषय बन गया। तत्काल, जिला पुलिस इस जघन्य अपराध में संलिप्त दोषियों को पकड़ने के लिए हरकत में आई ताकि जिला पुलिस में और जिला प्रशासन का इस मामले में ध्यान देने के प्रति लोगों का विश्वास कायम रहे।

जिला पुलिस विष्णुपुर के अथक प्रयास के फलस्वरूप, दिनांक 07/09/2009 को प्रातः 3.00 बजे एक विशेष और विश्वस्त सूचना प्राप्त हुई कि प्रतिबंधित गुट कांगलेई याओल कन्ना लुप-मिलिटरी डिफेन्स फोर्स (के वाई के एल-एम डी एफ) के घाटी में सक्रिय लगभग 20 उग्रवादी कुछ वरिष्ठ काडरों जो उक्त ड्राइवर नामतः एन कसकेपम बसन्ता उर्फ एनगोन्गो (28) पुत्र एन.जी मणि सिंह निवासी नाम्बोल थांगटेक, विष्णुपुर की हत्या में संलिप्त थे, के नेतृत्व में कुम्बी पुलिस स्टेशन के दक्षिण-पश्चिम की ओर लगभग 10 किमी की दूरी पर स्थित आनन्दपुर हिल रेन्ज (निन्गथाऊखोंग कुनाऊ चिन्गया लेईकेई) में ठहरे हुए हैं। इस सूचना के प्राप्त होने पर विष्णुपुर जिले के पुलिस अधीक्षक श्री के. जयन्त सिंह एम पी एस ने ओसी/सीडीओ-बीपीआर, श्री एम. सुधीर कुमार मेईतेई और अन्य अधिकारियों से गुप्त मंत्रणा की और एक सुनियोजित कार्रवाई योजना तैयार की तथा तदनुसार उचित बीक्रिग की। उस स्थान पर पहुंचने और विभिन्न दिशाओं से उग्रवादियों पर हमला करने के लिए चार टीमें बनायीं गई आवश्यकता पड़ने पर तत्काल अतिरिक्त बल मुहैया कराने के लिए 7वीं असम राइफल की एक टीम की भी मांग की गई।

तदनुसार, उप निरीक्षक पी.संजय सिंह, उप निरीक्षक जी. थैन्गमपाऊ, हवलदार गिन्गाउथंग, राइफलमैन मो. सलामद शाह, कांस्टेबल आनन्द कुमार सिंह और अन्य कार्मिकों को आनन्दपुर हिल रेंज पर हाओटाक बरास्ता बोंग्लुशी गांव होकर पैदल पहुंचना था जहां वे भूमिगत उग्रवादी ठहरे हुए थे। निरीक्षक एम. सुधीर कुमार मेईतेई, ओ सी /कमाण्डो विष्णुपुर जिनके साथ हवलदार मो. मुजीबुर रहमान और उसके साथी जवान थे, को वाथालम्बी बरास्ता शान्तीपुर होकर आनन्दपुर हिल रेंज पैदल पहुंचना था और सामरिक उत्तरी दिशा को कवर करना था और भूमिगत उग्रवादियों पर हमला करना था। निरीक्षक श्री चन्द्र कुमार सिंह 2 आई/सी कमाण्डो विष्णुपुर को अन्य शेष कमाण्डो और असम-राइफल्स के जवानों के साथ डोंगकोन के रास्ते एनगनुकोन से पैदल चलना था और पुलिस अधीक्षक, विष्णुपुर श्री के. जयन्त सिंह और उनकी टीम को वांगू साबल क्षेत्र से चलना था। अन्य 7वीं असम राइफल्स की टीम को आवश्यकता पड़ने पर अतिरिक्त बल के रूप में सीधे कार्रवाई के लिए तैयार रहना था। यद्यपि, उस दिन भारी वर्षा हो रही थी, फिर भी सभी टीमों ने अपने गन्तव्य के लिए सुबह 9 बजे जिला मुख्यालय से प्रस्थान कर दिया।

जब उप निरीक्षक, पी. संजय सिंह, उप निरीक्षक जी, थैन्गम्पाऊ, हवलदार गिन्गाऊथंग, राइफलमैन मो. सलामद शाह कांस्टेबल थ. आनन्दकुमार सिंह और अन्य जवान करीब 11.45 बजे पूर्वाह्न आनन्दपुर हिल रेंज की तलहटी के पास पहुंचे, तो उन्हें उसके पास 3(तीन) खेती झोपड़ियां दिखाई पड़ी। भरपूर कोशिश के बावजूद भी उन्हें झोपड़ियों में रहने वाला कोई भी व्यक्ति नहीं दिखाई दिया क्योंकि उस क्षेत्र में भारी वर्षा हो रही थी। ऐसी स्थिति में, उप निरीक्षक संजय सिंह और हवलदार जिन्गाउथंग सामरिक तरीके से और सावधानीपूर्वक पूर्वी तरफ से खेती झोपडियों की ओर बढे ताकि इन झोपड़ियों को बेहतर तरीके से घेरा जा सके। झोपड़ियों के भीतर छिपे उग्रवादियों ने अपने अत्याधुनिक हथियारों से उन पर अंधाधुंध गोलियां चलानी शुरू कर दीं। सेकेण्ड से भी कम समय में कवर लेते हुए उन्होंने अपनी ए.के. 47 असाल्ट राइफलों से तत्काल जवाबी गोलीबारी की और पूर्वी तरफ से उन्हें घेर लिया। सहजतापूर्वक, उप निरीक्षक थैन्गमपाऊ राइफलमैन मो. सलामद शाह और कांस्टेबल थ. आनन्द कुमार सिंह ने भी कवर लेते हुए अपनी एके. 47 असाल्ट राइफलों से गोलियों की बौछार करते हुए जोरदार जवाबी गोलीबारी की और दक्षिण दिशा को कवर कर लिया। अब वे सभी नाजुक स्थिति में थे क्योंकि वे भूमिगत उग्रवादियों की मारक क्षमता के अति संवेदनशील रेंज में थे। उन्होंने अपना धैर्य खोये बगैर और अपनी सहज कर्तव्यनिष्ठा की भावना से उन भूमिगत उग्रवादियों के साथ भीषण गोलीबारी की और दो उग्रवादियों को मार गिराने में सफल हो गए। उग्रवादियों और कमाण्डो के बीच गोलियों की बौछार चलती रही। हालांकि उन उग्रवादियों की ओर से बहुत ज्यादा गोलियां चल रही थी जो अत्यंत सुरक्षित प्रकृति प्रदत्त खायी से घिरी पहाड़ी की चोटियों पर पोजीशन लिए हुए थे। वे आगे बढ़ रहे कमाडो पर मशीनगनों और लेथेड बमों से सभी तरफ से फायर कर रहे थे। इस नाजुक घड़ी में, निरीक्षक एम. सुधीर कुमार मेईतेई, ओसी/कमाण्डो विष्णुपुर और हवलदार मो. मुजीबुर रहमान अपने जवानों को पर्याप्त कवर-फायरिंग मुहैया कराने का निर्देश देकर इस प्रतिकूल स्थिति में उत्तरी दिशा से छिपते हुए पहाड़ी के नजदीक पहुंच गए और अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह न करते हुए मोर्टार बमों की लगातार फायरिंग करके जवाबी कार्रवाई की और पहाड़ी की चोटी पर पोजीशन लिए हुए उग्रवादियों को गम्भीर नुकसान पहुंचाया । इस उचित समय का फायदा उठाकर, वे आगे बढ़े और तत्काल दूसरे उग्रवादी को मार गिराया। यह भीषण मुठभेड़ कुछ देर चलती रही और आगे बढ़ रहे कमाण्डो की ताकत को समझकर बाकी उग्रवादी पहाड़ी के आस पास के घने जंगलों में भाग गए।

दोनों ओर से गोलीबारी के बन्द होने के पश्चात, पुलिस अधीक्षक, विष्णुपुर के प्रत्यक्ष पर्यवेक्षण में सभी कमाण्डों कार्मिकों द्वारा आनन्दपुर हिल रेंज में और उसके आस-पास गहन और व्यापक तलाश की गई। तलाश पार्टी को पहाड़ी की चोटी पर झोपड़ियों की तरह के तीन कैम्प मिले किन्तु वहां कोई उग्रवादी नहीं मिला क्योंकि वे घने जंगलों से बचकर भागने में कामयाब हो गए थे । अलग-अलग जगहों पर अज्ञात सशस्त्र उग्रवादियों के तीन शव मिले और निम्नलिखित शस्त्र, गोला-बारूद, आपत्तिजनक दस्तावेज और सामारिक भण्डार भी बरामद किए गए:-

1. (एक) ए के-56 असाल्ट राइफल।
2. 1 (एक) मैगजीन।
3. ए के गोलाबारूद के 8(आठ) जिन्दा राउण्ड
4. ए के गोलाबारूद के 3 (तीन) खाली खोखे।
5. 1 (एक) नोकिया मोबाइल हैण्डसेट।
6. 1 (एक) एम- 16 राइफल।
7. 1 (एक) मैगजीन।
8. एम- 16 गोलाबारूद के 15 (पंद्रह) जिन्दा राउण्ड।
9. 1 (एक) 9 एम एम पिस्टल।
10. 1 (एक) मैगजीन।
11. .9 एम एम गोलाबारूद के (दो) जिन्दा राउण्ड।
12. चीन निर्मित 3 (तीन) हथगोले।
13. 1 (एक) जनरेटर सेल।
14. 1 (एक) वायरलेस आई-काम हैण्डसेट।
15. के वाई के एल (एम डी एफ) की 1 (एक) रसीद बुक।
16. खाबा मंगाग, वित्त सचिव, के वाई के एल (एम डी एफ) द्वारा हस्ताक्षर किए हुए के वाई के एल (एम डी एफ) के 7 (सात) मांग पत्र।
17. 10 (दस) कम्बल।
18. 3 (तीन) तारपोलीन और
19. 1 (एक) छद्मावरण टी शर्ट।

भाग गए उग्रवादियों को और क्षति पहुंचाने के लिए, झोपड़ीनुमा तीनों कैम्पों को पूर्णतः नष्ट कर दिया गया। मृतक उग्रवादियों की पहचान बाद में, उस क्षेत्र में सक्रिय प्रतिबंधित संगठन कांग्लोई यायोल कन्ना लुप, मिलिटरी डिफेन्स फोर्स (के वाई के एल) (एमडीएफ) के खूंखार सशस्त्र काड़रों के रूप में हुई। तथापि, मारे गए काडरों के केवल दो शवों नामतः थिन्गम लुखोई मेईतेई उर्फ आयोक्या (21) पुत्र थ. अंगो मेईतेई, निवासी काकचिंग खुनाऊ, उमाथेल अवांग लेईकेई पो.आ. काकचिंग थाऊबल (2) फुरेलटपाम अजित कुमार शर्मा उर्फ सरूम्बा (16) पुत्र फ. तोम्बा शर्मा निवासी चिंगडांग लेईकेई, जोयपुर खुनाऊ, विष्णुपुर का ही उनके रिश्तेदारों द्वारा दावा किया गया और तीसरे उग्रवादी का सभी विधिक औपचारिकताओं को पूरा करने के बाद म्युनिसिपल काउंसिल द्वारा अज्ञात शव के रूप में संस्कार कर दिया गया।

इस मुठभेड़ में सर्वश्री पी. संजय सिंह, उप निरीक्षक, एम. सुधीर कुमार मेइतेई, निरीक्षक, जी. थैंगम्पाऊ, उप निरीक्षक, गिंगाउथंग, हवलदार, मो. माजीबुर रहमान, हवलदार, मो. सलामद शाह, राइफलमैन और थ. आनन्दकुमार सिंह राइफलमैन ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक का चौथा बार/पुलिस पदक का तीसरा बार/पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिये जा रहे हैं तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत विशेष भत्ता भी दिनांक 07.09.2009 दिया जाएगा।

बरुण मित्रा
संयुक्त सचिव

सं. 74-प्रेज/2011- राष्ट्रपति, मणिपुर पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

1. हुईद्रोम सुकुमार सिंह,
   उप निरीक्षक
2. पी. मणिरतन सिंह
   सहायक उप निरीक्षक

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 03 मई, 2009 को करीब 9.00 बजे रात में 39 असम राइफल्स से एक विश्वसनीय सूचना मिली कि प्रतिबंधित विधिविरूद्ध संगठन (पी आर ई पी ए के) के काडरों के कुछ संदिग्ध गुट आम जनता से जबरन वसूली, अपहरण, फिरौती जैसी अपनी प्रतिकूल गतिविधियों को अंजाम देने के लिए कामलेंग गांव के सार्वजनिक क्षेत्र में घूम रहे हैं और मौका पाने पर सुरक्षा बलों पर घात लगाकर हमला करने की योजना बना रहे है। इस आसूचना जानकारी के आधार पर, ओ/पी,सी डी ओ, इम्फाल-पश्चिम की कमान में कमाण्डो की एक संयुक्त टीम और 39 असम राइफल की एक टीम उक्त क्षेत्र की ओर झटपट रवाना हुई।

जब यह टीम खोंगामपट गांव की ओर जाने वाली सड़क पर कामेंग गांव की ओर गश्त लगा रही थी, तभी उस टीम को जंगल की ओर सड़क की पूर्वी-दिशा में 6/7 युवकों की संदिग्ध गतिविधि नजर आयी। अचानक, सुरक्षा बल ने सत्यापन हेतु युवकों को रूकने की आवाज लगाई, परन्तु रूकने के बजाय उन्होंने तत्काल सुरक्षा बलों पर अत्याधुनिक हथियारों से गोलीबारी कर दी और एक हथगोला भी फेंका और गोलीबारी करते रहे। अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह न करते हुए, सुरक्षा बलों के जवान वाहनों से कूद गए और जवाबी गोलीबारी करने लगे। कड़े प्रतिरोध और सटीक गोलीबारी को देखकर, युवकों ने लान्गोल रिजर्व फारेस्ट की ओर भागना शुरू कर दिया। उनको घने जंगली क्षेत्रों में घुसने से रोकने के लिए सुरक्षा बलों ने 2 इंच मोर्टर से दो राउण्ड फायर किए और हैंड ग्रेनेड फेंके।

जब उप निरीक्षक एच. सुकुमार सिंह, उप निरीक्षक टी.खोमेन जेम, वाई. राजू सिंह और सहायक उप निरीक्षक पी.मणिरतन सिंह 39, असम राइफल्स की टीम के साथ सड़क के पूर्वोत्तर तरफ से गोलीबारी वाले क्षेत्र की ओर बढ़े, तभी उप निरीक्षक एच.सुकुमार सिंह और सहायक उप निरीक्षक पी. मणिरतन सिंह धीरे धीरे उस स्थान की ओर बढ़े जहां युवक सुरक्षा के लिए भाग रहा था। उप निरीक्षक एच. सुकुमार सिंह और सहायक उप निरीक्षक मणिरतन सिंह साथ-साथ चले और कमाण्डो की पोजीशन को देखकर, उस युवक ने सुरक्षा बल पर गोली चला दी और उप निरीक्षक सुकुमार सिंह एक युवक को मार गिराने में कामयाब रहे जबकि सहायक उप निरीक्षक पी मणिरतन सिंह ने बल की ओर भाग रहे दूसरे युवक का पीछा किया और उसे भी तुरन्त मार गिराया। गोलीबारी लगभग 10.20 बजे रात में शुरू हुई थी और 10 मिनट तक चली। शेष अज्ञात युवक अंधेरे और घने जंगली क्षेत्र का फायदा उठाकर बचकर भाग गए।

मुठभेड़ के बाद, क्षेत्र की पूरी तलाशी करायी गई और पहाड़ी के पास सड़क के पूरब की तरफ गोली से घायल एक युवक मृत पाया गया और शव के पास पिन रहित चीन निर्मित हैण्ड ग्रेनेड मिला। पहले शव के दक्षिण पूरब की ओर 10-12 फीट की दूरी पर दूसरा शव भी मिला और 10 जिन्दा कारतूसों से भरी मैगजीन के साथ एक स्टेनगन कारबाइन बरामद की गई।

मुठभेड़ स्थल से निम्नलिखित सामान बरामद हुए थे:-

(क) एक स्टेन. कारबाइन, 10 जिन्दा राउण्डस से भरी मैगजीन के साथ चेम्बर में एक मिस्ड फायर राउण्ड।
(ख) पिन रहित चीन निर्मित एक हथगोला।
(ग) 9 एम एम गोलाबारूद के 5 खाली खोखे।
(घ) 7.62 ए के गोलाबारूद के चार खाली खोखे।

बाद में अज्ञात युवकों की पहचान (1) मायेन्गम बिजॉय सिंह, (34) पुत्र एन बीरेन सिंह निवासी युम्माम लेईकेई, नागा क्राबा लेईराक, (2) गुरूम्यूम बिशे शर्मा (32) पुत्र (स्व.) जी शामू शर्मा निवासी भेइग्याबाटी लेईकेई मांगिल के रूप में हुई और ये सभी पी आर ई पी ए के दुर्दान्त सदस्य थे।

इसका उल्लेख लामसंग पुलिस स्टेशन में धारा 307/341, भा.दं. सं., 25(1-सी) आयुध अधिनियम, 20 यू ए (पी) ए एक्ट और 5 विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तहत मामले की एफआई आर सं. 21 (5)/09 में है।

इस मुठभेड़ में सर्वश्री हुईद्रोम सुकुमार सिह, उप निरीक्षक और पी. मणिरतन सिंह सहायक उप निरीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिये जा रहे हैं तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत विशेष भत्ता भी दिनांक 03.05.2009 से दिया जाएगा।

बरुण मित्रा
संयुक्त सचिव

सं. 75-प्रेज/2011- राष्ट्रपति, मणिपुर पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक/वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

1. जोगेश चन्द्र हाओबिजम, अपर पुलिस अधीक्षक — (वीरता के लिए पुलिस पदक)
2. एस. एच. चन्द्रकुमार सिंह, निरीक्षक — (वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार)
3. एम. धनजीत सिंह, हवलदार — (वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार)
4. एच. टिकेन्द्रजीत सिंह, राइफलमेन — (वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार)

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 17.08.2010 को करीब 5.30 बजे सायं पीपल्स रिवोल्यूशनरी पार्टी आफ कांगलेईपाक (पीआर ई पी ए के) नामक घाटी में सक्रिय भूमिगत संगठन के सशस्त्र काडरों के ग्राम 'सरीक कोंजि' और 'लैराऊ' के सार्वजनिक क्षेत्र में मौजूद होने के संबंध में प्राप्त विश्वसनीय सूचना के आधार पर, श्री जोगेशचन्द्र हाओबिजम, अपर पुलिस अधीक्षक, (ओ पी एस) और निरीक्षक श्री एस. एच. चन्द्रकुमार सिंह, प्रभारी अधिकारी, कमाण्डो यूनिट थाउबाल जिला पुलिस के नेतृत्व में थाउबाल जिला कमाण्डो की एक टीम बनायी गई और उक्त क्षेत्र के लिए तत्काल रवाना हुई।

संदिग्ध छिपने का स्थान दूर-दराज के क्षेत्र में स्थित होने और वहां से विद्रोह की गतिविधियों को अंजाम देने की वजह से श्री जागेशचन्द्र हाओबिजम और निरीक्षक एस. एच. चन्द्रकुमार सिंह ने वहाँ की विद्यमान स्थलाकृति के अनुसार विद्रोह रोधी कार्रवाई की समुचित योजना बनायी और कार्रवाई के दौरान अतिरिक्त सतर्कता बरतने के लिए कमाण्डो कार्मिकों को उचित रूप से ब्रीफ किया।

करीब 6.30 बजे सायं बिल्कुल अंधेरे में, जब कमाण्डो तीन वाहनों में काकचिंग खुनाऊ और इथाई गांव की अन्तर ग्रामीण सड़कों से होते हुए सारिक कोंजिन गांव की ओर जा रहे थे और लैराऊ मुनुसोई पहाड़ी के पास एक सड़क के जंक्शन पर पहुंचे, तो उन पर अलग-अलग दिशाओं से उग्रवादियों ने गोलीबारी शुरू कर दी, जो समीपवर्ती पहाड़ी की घनी झाड़ियों और पेड़ों के पीछे अपनी पोजीशन लिए हुए थे। चूंकि कमाण्डो पर विभिन्न दिशाओं से अत्याधुनिक हथियारों से घात लगाकर हमला किया जा रहा था, इसलिए वे तत्काल कोई कार्रवाई नहीं कर सके तथापि, वे अपने-अपने वाहनों से कूद पड़े।

कमाण्डो को अपने शारीरिक कवरेज के लिए कोई ठोस चीज/आवरण न दिखाई देने के कारण, वे तुरन्त दलदल वाली झील की ओर भागे जहां से उन्होंने उग्रवादियों पर जवाबी गोलीबारी करनी शुरू की। हवलदार एम. धनजीत सिंह और राइफलमैन एच. टिकेन्द्रजीत सिंह जो तीसरे (अन्तिम) वाहन वाले कमाण्डो में थे, ने रेंगते हुए आगे बढ़ने में सफल हुए क्योंकि पहले दोनों वाहनों वाले अधिकारी और जवान भीषण हमले की चपेट में फंसे हुए थे।

श्री जोगेशचन्द्र हाओबिजम ने धैर्य पूर्वक अपने सभी जवानों को फिर से संगठित किया, सुग्राही बनाया और उनमें जोश भरा जो अचानक हमले की वजह से क्षण भर के लिए दुविधा की स्थिति में आ गए थे। यह अधिकारी पहाड़ी की उस तलहटी की ओर अंधाधुंध गोलीबारी करते हुए आगे बढ़े जहां से कमाण्डो पर लगातार गोलियों की बौछार हो रही थी। निरीक्षक श्री एस. एच. चन्द्रकुमार सिंह भी रेंगते हुए आगे बढ़कर टीम के साथ हो गए। हवलदार एम. धनजीत सिंह और राइफलमैन एच. टिकेन्द्र जीत सिंह, पहाड़ी की तलहटी क्षेत्र के पश्चिम की ओर 2/3 उग्रवादियों के एक पृथक गुट का पीछा करने की कोशिश करने लगे। तथापि, वे असहाय हो गए क्योंकि वे स्वचालित हथियारों से उग्रवादियों द्वारा दोनों ओर से की जा रही लगातार गोलीबारी से घिर गए थे। इस नाजुक स्थिति में, श्री जोगेशचन्द्र हाओबिजम और निरीक्षक एस. एच. चन्द्रकुमार सिंह उस स्थान की ओर दौड़े और इस प्रकार कमाण्डो की उग्रवादियों से सीधी टक्कर शुरू हो गई। श्री जोगेशचन्द्र हाओबिजम और निरीक्षक एस. एच. चन्द्रकुमार द्वारा प्रदान की गई अतिरिक्त सहायता और कवरिंग फायर का फायदा उठकार, हवलदार एम. धनजीत सिंह और राइफलमैन एच. टिकेन्द्रजीत सिंह जोरदार गोलीबारी करते हुए आगे बढ़ते रहे और उग्रवादियों पर हमला बोल दिया। अन्ततः वे दोनों ए के.56 राइफल लिए हुए एक उग्रवादी को मार गिराने में सफल हुए। गोली से घायल होने के बावजूद, उग्रवादी लुढ़ककर नीचे चला गया और एक झाड़ी के पीछे शारीरिक कवरेज लेकर कुछ देर गोलीबारी करता रहा। श्री जोगेश चन्द्र हाओबिजम ने अचानक उक्त उग्रवादी की पोजीशन को देख लिया। तब अधिकारी तुरंत उस स्थान पर गए और अपनी ए के-47 राइफल से उग्रवादी पर गोली चला दी। तत्पश्चात, उनकी गोली लगने से घायल होने की वजह से उग्रवादी की मौत हो गई।

दूसरी ओर, निरीक्षक एस. एच. चन्द्रकुमार सिंह जब उग्रवादियों से लोहा ले रहे थे, तभी दूसरे उग्रवादी से उनका सामना हो गया। निरीक्षक एस. एच. चन्द्रकुमार सिंह ने अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह न करते हुए इतनी फुर्ती और वीरता से कार्रवाई की कि उग्रवादी का आगे बढ़ पाना मुश्किल हो गया। इसी बीच निरीक्षक एस. एच. चन्द्रकुमार सिंह पर अन्य दिशाओं से भी गोलीबारी की गई।

तथापि, अपने चारों ओर की मुश्किलों से बिचलित हुए बगैर निरीक्षक श्री एस. एच. चन्द्र कुमार सिंह फुर्ती से आगे बढ़े और उग्रवादी पर गोली चला दी जो उनकी गोली लगने से घायल होने की वजह से मौके पर ही ढ़ेर हो गया। इस प्रकार, मुठभेड़ में गोली लगने की वजह से घायल निम्नलिखित दो उग्रवादी मारे गए:-

(क) सोरो खैबाम खेलेन सिंह पुत्र एस. निपामचा सिंह (35 वर्ष) निवासी खुदेक्पी जो ए के-56 राइफल से लैश था।

(ख) मोईरंगथेम तोम्बी सिंह (60 वर्ष) पुत्र (स्व.) एम. निंगथोरेन सिंह निवासी लैरॉक, जो 9 एम एम पिस्टल से लैश था।

मुठभेड़ स्थल से निम्नलिखित शस्त्र एवं गोला-बारूद बरामद किए गए:-

(क) एस. खेलेन सिंह नामक मारे गए उग्रवादी से एक ए के. 56 राइफल जिसकी मैगजीन में 9 जिन्दा राउण्ड भरे थे।

(ख) एम. तोम्बी सिंह नामक मारे गए उग्रवादी से चीन निर्मित एक 9 एम एम पिस्टल, मॉडल-213 नेरिन्सियों, बॉडी न. 403366, जिसकी मैगजीन में 9 एम एम गोला बारूद के दो जिन्दा राउण्ड भरे थे।

(ग) मारे गए भूमिगत उग्रवादियों के निकट से डेटोनेटर के साथ चीन निर्मित दो हैड ग्रेनेड।

इसके अतिरिक्त, तलाशी के दौरान मुठभेड़ स्थल से गोलाबारूद के 3 (तीन) खाली खोखे बरामद हुए।

श्री जोगेशचन्द्र हाओबिजम, अपर पुलिस अधीक्षक (ओ पी एस) की कमान में कमाण्डो कार्मिक दो उग्रवादियों को मार गिराने के बाद भी उन शेष उग्रवादियों का पीछा करते हुए दबिश की कार्रवाई करते रहे जो क्षेत्र में अंधेरा होने पर भी लैराऊ मुनुसोई हिल नामक पहाड़ी श्रंखला के ऊपर की ओर भाग रहे थे। तथापि वे उग्रवादी पहाड़ी क्षेत्र और अंधेरे का फायदा उठाकर बचकर निकल गए।

इस मुठभेड़ में सर्वश्री जोगेशचन्द्र हाओबिजम, अपर पुलिस अधीक्षक, एस. एच. चन्द्रकुमार सिंह, निरीक्षक, एम. धनजीत सिंह, हवलदार और एच. टिकेन्द्रजीत सिंह राइफलमेन ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक/पुलिस पदक का प्रथम बार नियमावली के नियम 4 (1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिये जा रहे हैं तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत विशेष भत्ता भी दिनांक 17.08.2010 से दिया जाएगा।

बरुण मित्रा
संयुक्त सचिव

सं. 76-प्रेज/2011-राष्ट्रपति, उत्तर प्रदेश पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक/वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

1.	डॉ. प्रीतिन्दर सिंह पुलिस अधीक्षक	(वीरता के लिए पुलिस पदक)
2.	श्री विजयमल सिंह यादव निरीक्षक	(वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार)
03.	श्री अखिलेश कुमार सिंह उप निरीक्षक	(वीरता के लिए पुलिस पदक)

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 19/11/2009 को डॉ. प्रीतिन्दर सिंह, पुलिस अधीक्षक, सोनभद्र को गांव कनाछ, पुलिस स्टेशन चोपन के जंगल में खतरनाक हथियारों के साथ नक्सलियों के गैंग की मौजूदगी के बारे में सूचना प्राप्त हुई। डॉ. प्रीतिन्दर सिंह, पुलिस अधीक्षक, सोनभद्र पुलिस बल के साथ कनाछ गांव पहुंच गए। पुलिस बल को कार्रवाई की योजना के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दने के पश्चात, पुलिस अधीक्षक, सोनभद्र ने पूरे बल को दो दलों में विभाजित किया। डॉ. प्रीतिन्दर के नेतृत्व में पहली टीम निरीक्षक विजयमल के साथ पूर्व से पश्चिम की ओर बढ़ी और उप निरीक्षक अखिलेश के नेतृत्व में दूसरी टीम दक्षिण से उत्तर की ओर बढ़ी। ज्यों ही ये टीमें जंगल की ओर बढ़ी, डॉ. प्रतिन्दर सिंह ने अचानक 10-12 नक्सलियों को घूमते हुए देखा। उन्होंने पुलिस पार्टी को उचित पोजीशन लेने के लिए कहा। उन्होंने स्वयं नक्सलियों को पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण करने के लिए कहा। आत्म समर्पण करने के बजाय नक्सलियों ने अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। एक गोली डॉ. प्रीतिन्दर सिंह और विजयमल की बुलेटप्रूफ जैकेट में लगी और बाद में अखिलेश की बुलेट प्रूफ जैकेट- में भी एक गोली लगी। बार बार दी जा रही

चेतावनी का जब उन पर कोई असर नहीं पड़ा तो पुलिस पार्टी ने भी आत्मरक्षा में नक्सलियों पर जवाबी गोलीबारी शुरू कर दी।

नक्सलियों ने जान से मारने के इरादे से भारी गोलीबारी शुरू कर दी । डॉ. प्रीतिन्दर सिंह, पुलिस अधीक्षक, निरीक्षक विजयमल, उप निरीक्षक अखिलेश ने झाड़ियों में, चट्टानों पर रेंगने के कारण आई चोटों के बावजूद अनुकरणीय साहस और अतुलनीय वीरता का प्रदर्शन किया और अपनी जान की परवाह न करते हुए नक्सलियों की ओर आगे बढ़े। जब गोलीबारी रूक गई तब पुलिस पार्टियां सावधानी के साथ आगे बढ़ी और एक नक्सली का शव पहाड़ की तलहटी में पड़ा देखा जिसकी पहचान सब जोनल कमाण्डर सी पी आई (माओवादी) कमलेश चौधरी के रूप में हुई जिस पर उत्तर प्रदेश सरकार ने 1,00,000 रूपए और बिहार सरकार ने 50,000/-रूपए का नकद ईनाम घोषित कर रखा था।

कार्रवाई स्थल से निम्नलिखित हथियार और गोला बारूद बरामद हुए:-

1. एक.303 बोर राइफल, 31 जिन्दा कारतूस और 1 खाली खोखा
2. एक एस एस बी बन्दूक 12 बोर फैक्ट्री निर्मित, 13 जिन्दा कारतूस और 09 खाली खोखे।
3. एक देशी .32 बोर रिवाल्वर, 3 जिन्दा कारतूस और 03 खाली खोखे
4. ए के.47 राइफल के 16 खाली खोखे, एस एल आर राइफल के 10 खाली खोखे और 315 बोर के 04 खोखे।

इस मुठभेड़ में डॉ. प्रीतिन्दर सिंह, पुलिस अधीक्षक, श्री विजयमल सिंह यादव, निरीक्षक और श्री अखिलेश कुमार सिंह, उप निरीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक/पुलिस पदक का प्रथम बार नियमावली के नियम 4 (1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिये जा रहे हैं तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत विशेष भत्ता भी दिनांक 09/11/2009 से दिया जाएगा।

बरुण मित्रा
संयुक्त सचिव

सं. 77-प्रेज/2011- राष्ट्रपति, पश्चिम बंगाल पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री रवि लोचन मित्रा

निरीक्षक (मरणोपरान्त)

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 24/02/2010 को 22.15 बजे श्री रवि लोचन मित्रा, प्रभारी, सरेन्गा पुलिस स्टेशन, बांकुरा जिला को टेलीफोन पर एक विश्वसनीय सूचना मिली कि सिद्धू सोरेन और सशाधर महतो के नेतृत्व में 40/50 माओवादी दस्ते के सदस्य ग्राम सोनारडांगा, पुलिस स्टेशन सरेन्गा, जिला बांकुरा में सी पी आई (एम) पार्टी के एक नेता श्री ताराशंकर पात्र के घर के निकट श्री ताराशंकर पात्र और इसके बाद कुलडीह के श्री रमेश दुबे और गोबिन्दपुर के श्री राजेश राणादिवे, दोनों सरेन्गा पुलिस स्टेशन के अंतर्गत आते है, का अपहरण और हत्या करने के लिए एकत्रित हुए हैं।

श्री रबि लोचन मित्रा ने उपर्युक्त व्यक्तियों की जान बचाने के लिए उक्त जानकारी के आधार पर कार्य योजना तैयार करने का निर्णय किया। उन्होंने पुलिस स्टेशन के अधिकारियों एवं पुलिस बल को तैयार होने और इस कार्रवाई में उनके साथ चलने का निदेश दिया। करीब 22.40 बजे पुलिस बल के साथ श्री ताराशंकर पात्र के घर के निकट पहुंचने पर प्रभारी अधिकारी सरेन्गा पुलिस स्टेशन ने पाया कि कुछ माओवादी विद्रोहियों ने उक्त घर को घेर रखा है और कुछ लोग श्री ताराशंकर पात्र को उनके घर से जबरदस्ती घसीट कर बाहर ला रहे हैं और उनके सिर पर एक छोटे हथियार से निशाना लगाए हुए हैं। श्री पात्र के दोनों हाथ रस्सी से बंधे हुए थे। यह देखकर, प्रभारी, सरेन्गा पुलिस स्टेशन ने माओवादी विद्रोहियों को ललकारा। तत्काल उनमें से एक माओवादी ने श्री पात्र के शरीर के निचले हिस्से को निशाना बनाते हुए गोली चला दी। इसके साथ-साथ अन्य माओवादी कार्यकर्ताओं ने पुलिस कार्मिकों को निशाना बनाकर अपनी स्वचलित/अर्ध स्व-चलित और अन्य आग्नेयास्त्रों से गोलीबारी करनी शुरू कर दी। श्री पात्र की जान बचाने और अन्य पुलिस कार्मिकों के जीवन की रक्षा करने के लिए प्रभारी, सरेन्गा पुलिस स्टेशन ने अपनी 9 एम एम सर्विस पिस्टल से दो (02) राउण्ड फायर किए और श्री संजीब देबनाथ असीश बिसाई, हिमांग्सू पाल और अमित बाल को गोली चलाने का निदेश दिया। आदेशानुसार उन सभी ने अपने आग्नेयास्त्रों से 5-5 राउण्ड फायर किए। गोलियों की आवाज सुनकर श्री ताराशंकर पात्र, जो घायल थे और जिनके शरीर से खून बह रहा था, को छोड़कर बागी माओवादी मकान से बाहर आ गए और अपने आग्नेयास्त्रों से लगातार गोलीबारी करते हुए पुलिस पर हमला कर दिया। प्रभारी सरेन्गा पुलिस स्टेशन की बुद्धिमत्तापूर्ण एवं साहसी नेतृत्व में

निर्भीक पुलिस बल ने माओवादी विद्रोहियों को पकड़ने के लिए उन पर चारों ओर से हमला कर दिया। गोविन्दपुर मोड़ पहुंचकर श्री आर एल मित्रा, प्रभारी सरेन्गा पुलिस स्टेशन ने अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा और जान की परवाह न करते हुए और अन्य पुलिस कार्मिकों की जान को बचाने के लिए अपनी 9 एम एम सर्विस पिस्टल से फायर करते हुए उनके साथ विद्रोही माओवादियों की ओर बढ़े। एक छोटी मुठभेड़ के बाद माओवादियों की ओर से गोलीबारी रूक गई। पुलिस पार्टी ने माओवादियों की गतिविधि को देखने की कोशिश की। उस समय ताराशंकर पात्र के घर के आस-पास तलाशी की गई। उन्हें उनके मकान में बाएं पैर में बन्दूक की गोली से घायल पाया गया। एक माओवादी विद्रोही जिसने अपना परिचय ग्राम सलुका, पुलिस स्टेशन सरेन्गा के जगन्नाथ दुले पुत्र जयदेव के रूप में दिया, भी बन्दूक की गोली से घायल मिला। उसके बगल में एक राउण्ड जिन्दा गोलाबारूद से भरी एक कामचलाऊ पाइप गन मिली। पूर्णत: तलाशी करने पर उसके ट्राउजर की जेब से दो और जिन्दा गोलाबारूद बरामद किए गए।

उस समय श्री संजीब देवनाथ, जो श्री आर.एल. मित्रा, प्रभारी, सरेन्गा पुलिस स्टेशन के साथ थे, ने पाया कि माओवादियों गैंग का वीरतापूर्वक पीछा करने और उन्हें पकड़ने की कोशिश करते समय श्री मित्रा की बांयी छाती में गोली लगी है और वे अचेत अवस्था में पड़े हैं। एक अन्य माओवादी विद्रोही जिसने अपना परिचय ग्राम सलुका, पुलिस स्टेशन सरेंगा के मित्तन दुले पुत्र महादेव दुले के रूप में दिया, भी दाहिने कन्धे में बन्दूक की गोली से घायल अवस्था में पाया गया। श्री आर-एल-मित्रा, प्रभारी, सरेन्गा पुलिस स्टेशन, ताराशंकर पात्र और दो (02) माओवादी विद्रोहियों को उपचार हेतु तत्काल "सरेन्गा खिस्तीय सेवा निकेतन" पहुंचाया गया जहां श्री रबिलोचन मित्रा, प्रभारी, सरेन्गा पुलिस स्टेशन को मृत घोषित कर दिया गया। एक माओवादी विद्रोही जगन्नाथ दुले को भी मृत घोषित कर दिया गया। घायल ताराशंकर पात्र और मित्तल दुले को बाद में बेहतर चिकित्सा हेतु बांकुरा सम्मिलानी मेडिकल कॉलेज एण्ड हास्पिटल भेज दिया गया। रात के अंधेरे में माओवादी दस्ते के सदस्यों के साथ मुठभेड़ के दौरान श्री रवि लोचन मित्रा प्रभारी सरेन्गा पुलिस स्टेशन ने आतंकवादियों के हमले का अत्यधिक साहस के साथ सामने से मुकाबला किया। गम्भीर खतरों और जान के जोखिम की विवश स्थिति के बावजूद उन्होंने अपनी सुरक्षा की परवाह न करते हुए अपने नेतृत्व के अधीन कार्यरत अधिकारियों एवं जवानों की रक्षा, सुरक्षा और जान का पूरा ध्यान रखा और सावधानी बरती। उनके अनुकरणीय नेतृत्व और साहस की वजह से पुलिस बल, ताराशंकर पात्र की जान बचाने में सफल हुआ। उनकी वीरतापूर्ण कार्रवाई से ही एक खूंखार विद्रोही जगन्नाथ दुले को मारा जा सका और मित्तल दुले नामक दूसरा माओवादी घायल हुआ।

तलाशी के दौरान निम्नलिखित शस्त्र एवं गोलाबारूद बरामद किए गए:-

1. ट्रिगर फायरिंग पिन वाली कामचलाऊ पाइपगन-01
2. जिन्दा गोलाबारूद
3. चालू हालत में ब्लैक रंग का कार्बन मोबाइल सेट-01

इस मुठभेड़ में (स्व.) श्री रवि लोचन मित्रा, निरीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पुरस्कार, राष्ट्रपति का पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत विशेष भत्ता भी दिनांक 24.02.2010 से दिया जाएगा।

बरुण मित्रा
संयुक्त सचिव

सं. 78-प्रेज/2011- राष्ट्रपति, असम राइफल्स पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री थोन्गम बिशोरजीत सिंह,
राइफलमैन

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 11 जून, 2008 एक विशिष्ट आसूचना प्राप्त होने पर मेजर आर डी व्यास द्वारा बटालियन स्पेशल आपरेशन टीम और उरूप आर एम 4579 में इम्फाल ईस्ट पुलिस कमाण्डो के साथ मिलकर एक संयुक्त कार्रवाई आरम्भ की गई। ये टीमें गांव वाली पहाड़ी पर घात लगाकर बैठ गई। करीब 1800 बजे, हथियारों से लैश 5-6 उग्रवादी सीधे घात क्षेत्र की ओर आते हुए दिखे। जब उग्रवादी मारक रेंज में आ गए, तो टीम ने ठीक निशाने पर गोलियों की बौछार कर दी और एक भीषण गोलीबारी की जंग छिड़ गई।

राइफलमैन बिशोरजीत सिंह के साथ टीम गोलीबारी करते हुए; पहाड़ी की ओर फुर्ती से आगे बढ़ी और एक उग्रवादी पर हमला किया और उसे मार गिराया। बाद में 2100 बजे एक और उग्रवादी मारा गया।

अन्य उग्रवादियों को बचकर भागने से रोकने के लिए क्षेत्र की घेराबन्दी की गई। मेजर आर.डी.व्यास राइफलमैन बिशोरजीत के साथ एक नाले में घात लगाकर बैठ गए। दिनांक 12 जून, 2008 को प्रात: 0300 बजे, दो उग्रवादी घात क्षेत्र की ओर आते हुए दिखायी दिए और जब उन्हें ललकारा गया तो उन्होंने घात पर गोलीबारी करके बचकर भागने का प्रयास किया, किन्तु बिशोरजीत ने तत्काल जवाबी गोली चलायी और वह गोली एक उग्रवादी के पैर में लगी। घायल उग्रवादी ने एक पत्थर के पीछे अपनी पोजीशन ली और बहादुर सिपाही पर गोली बारी करने लगा और एक ग्रेनेड फेंका। गम्भीर खतरा होने के बावजूद और आश्चर्यजनक तरीके से

निश्चित मौत से बचते हुए राइफलमैन बिशोरजीत सिंह उग्रवादियों का ध्यान बंटाते हुए बिल्कुल सामने आ गए और सटीक कवरिंग फायर देने लगे। इससे मेजर व्यास को दबाव से राहत मिली और वह उठ खड़े हुए और उग्रवादी पर प्रहार किया और उसे मार गिराया। बाद में, बिशोरजीत ने एक और उग्रवादी को मारने में सहायता की।

जीवन को अत्यधिक खतरे और गम्भीर जोखिम में डालते हुए, अपनी दृढ़ता और सूझबूझपूर्ण कार्रवाई के द्वारा उन्होंने प्रभावकारी कवरिंग फायर मुहैया करायी और इस प्रकार उग्रवादियों का सफाया करने में सहायता की और इस प्रकार निर्भीक इरादे और सराहनीय बहादुरी का प्रदर्शन किया।

इस वीरतापूर्ण कार्रवाई के स्थल से निम्नलिखित बरामदगियां की गई:-

(क) मारे गए उग्रवादी -04
(ख) मैगजीन के साथ जी-2 राइफल-1
(ग) मैगजीन सहित .315 राइफल-01
(घ) मैगजीन के साथ .303 राइफल-01
(ङ) मैगजीन के साथ 9 एम एम पिस्टल-01
(च) लेथोड़ बम-02
(छ) जी-2 राइफल के जिन्दा राउण्ड-13
(ज) .315 के जिन्दा राउण्ड-05
(झ) .303 के जिन्दा राउण्ड-05
(ञ) 9 एम एम के जिन्दा राउण्ड-03

इस मुठभेड़ में श्री थोन्गम बिशोरजीत सिंह, राइफलमैन ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत विशेष भत्ता भी दिनांक 12.06.2008 से दिया जाएगा।

बरुण मित्रा
संयुक्त सचिव

सं. 79-प्रेज/2011- राष्ट्रपति, असम राइफल्स के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री मोहम्मद सईद

राइफलमैन

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

राइफलमैन सामान्य ड्यूटी मोहम्मद सईद अनेक सफल कार्रवाई अभियानों के अंग रहे हैं। दिनांक 11 फरवरी, 2009 को "ओपी पेची" में अग्रणी क्विक रिएक्शन टीम के एक अंग के रूप में उन्होंने एक खूंखार आतंकवादी का सफाया करने में सहायता की।

दिनांक 30 अप्रैल, 2009 को 0600 बजे सुबह 34 असम राइफल्स और थाउबाल कमाण्डो की संयुक्त टीमों ने न्यू टोलेन के जनरल क्षेत्र में तलाशी और आतंकवादियों के सफाया करने का अभियान शुरू किया। मेजर नीरज रावत के अधीन चल रही टीम 3-4 सशस्त्र आतंकवादियों की आवाजाही के संबंध में सूचना मिलने पर न्यू टोलेन की ओर तत्काल रवाना हुई, जहां वह भीषण गोलीबारी की चपेट में आ गई। राइफलमैन जनरल ड्यूटी मोहम्मद सईद, अग्रणी स्काउट ने साथी सैन्य टुकड़ी को खतरा भांपकर चुपके से रेंगते हुए सामने से हो रही गोलीबारी के बीच गोलीबारी कर रहे आतंकवादियों की ओर बढ़ने लगे और अपनी जान का भय न करते हुए यथासम्भव आतंकवादियों के निकट पहुंच गए और उन पर गोलाबारी करके उनमें से एक को मौके पर ही मार गिराया। अन्य आतंकवादी डर गए और वे पहाड़ियों की ओर भाग गए। मारे गए आतंकवादी से मैगजीन सहित एक 9 एम एम पिस्टल, 9 एम एम के 4 जिन्दा राउण्ड, 9 एम एम के 3 खाली खोखे और ए के-47 के दस खाली खोखे बरामद किए गए।

इस मुठभेड़ में श्री मो. सईद, राइफलमैन ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत विशेष भत्ता भी दिनांक 30.04.2009 से दिया जाएगा।

बरुण मित्रा
संयुक्त सचिव

सं. 80-प्रेज/2011-राष्ट्रपति, सीमा सुरक्षा बल के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री नितिन ध्यानी
सहायक कमांडेंट

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 8/9 अप्रैल, 2009 के बीच की रात को जब श्री नितिन ध्यानी, सहायक कमांडेंट, 84 बटालियन, सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और श्री एन के साहू, डी एस पी, छत्तीसगढ़ पुलिस दिनांक 9 अप्रैल, 2009 को एक शक्तिशाली घात लगाने का अभियान चलाने की योजना बना रहे थे तो स्थानीय ग्रामीण ने अदेर क्षेत्र में, जो ओर्चा पुलिस स्टेशन के दक्षिण की तरफ जंगल के अंदर लगभग 26 कि.मी. दूर है, सशस्त्र नक्सलियों की मौजूदगी के बारे में सूचित किया। इस सुराग से उत्साहित हुए श्री नितिन ध्यानी, सहायक कमांडेंट, बी एस एफ ने नक्सलियों के इस समूह को पकड़ने के लिए विस्तृत अभियान चलाने की योजन बनाई। तदनुसार, बी एस एफ की दो प्लाटून, एस ए एफ छत्तीसगढ़ पुलिस की एक प्लाटून, ओर्चा पुलिस स्टेशन के कुछ कार्मिक और कुछ एस पी ओ को मिला कर अभियान चलाने का एक ग्रुप बनाया गया। विस्तारपूर्वक ब्रीफ करने के बाद लगभग 090345 बजे श्री नितिन ध्यानी, सहायक कमांडेंट, 84 बटालियन, बी एस एफ और श्री एन.के.साहू, डी एस पी (मुख्यालय) की कमांन में इस पार्टी ने गांव अदेर की ओर कूच किया। टुकड़ियों ने अपनी चाल अत्यंत सावधानीपर्वूक और चतुराई से चली जिसमें अत्यधिक गोपनीयता बरती गई। दो एस पी ओ के साथ बी एस एफ और एस ए एफ छत्तीसगढ़ का एक-एक भाग पाइंट सेक्शन के रूप में आगे बढ़ा। यह पार्टी छोटी नदी की सहायक नदियों के आस-पास के घने जंगलों की लगभग 13 किमी. की टुकड़ी को ही पार सकी। जब यह पार्टी ओर्चा मेटा और बाई टुंडाबारा पहुंची तो पार्टी ने क्षेत्र की तलाशी लेनी शुरू कर दी और जब यह पार्टी लगभग 0800 बजे खुले पठार तक पहुंची तो दो दिशाओं से उन पर भारी मात्रा में गोलीबारी हो गई।

श्री नितिन ध्यानी, सहायक कमांडेंट बी एस एफ ने अनुकरणीय पेशेवर बुद्धिमत्ता और साहस का परिचय देते हुए कालम सेक्शनों के बिल्कुल पीछे कालम का नेतृत्व करते हुए बांयें छोर को कवर करने के लिए श्री एन.के.साहू, डी एस पी को भेजा और दांयें छोर को कवर करने के लिए स्वयं 51 एम एम मोर डेट के साथ रेंगते हुए आगे बढ़े। जब वे आगे बढ़ रहे थे तो इन्होंने देशी बंदूक से गोलीबारी करते हुए एक नक्सली को देख लिया। इस पर श्री नितिन ध्यानी ने वक्त गवांये बगैर अपनी इंसास राइफल से पांच गोलियां दागी ताकि उस नक्सली को निष्क्रिय किया जा सके। इसके तुरंत बाद इन्होंने अपने हथियार से गोलीबारी को, नक्सलियों की

चीखें सुनाई दी और नक्सलियों ने जंगल की ओर भागना शुरू किया। श्री नितिन ध्यानी ने भाग रहे नक्सलियों पर तत्काल 51 एम एम से गोलीबारी कर दी। अत्यधिक तनाव और चारों ओर शोर होने के बावजूद इन्होंने अपना मानसिक संतुलन बनाए रखा और अपनी पार्टी को गोलीबारी करने का आदेश दिया। इन्होंने पुलिस पार्टी को मोर्चे पर बने रहने के लिए कहा और इंसास की 09 राउंद गोलीबारी, 01 राइफल ग्रेनेड और 51 एम एम मोर. के 03 एच ई बमों का ही इस्तेमाल करके गोलीबारी अनुशासन के उच्च मानकों का परिचय दिया।

गोलीबारी 15 मिनट तक चली। इसके बाद चतुराई से तलाशी अभियान चलाया गया जिसके परिणामस्वरूप उस क्षेत्र से अज्ञात नक्सली का शव बरामद हुआ । जिस क्षेत्र को श्री नितिन ध्यानी, सहायक कमांडेंट, बी एस एफ ने नक्सलियों को निष्क्रिय करने का लक्ष्य बनाया था वहां से निम्नलिखित हथियार/गोलीबारूद/विस्फोटक पदार्थ और अन्य वस्तुएं बरामद हुई:-

(क)	राइफल भरमार	-	02 नग
(ख)	देशी कट्टा	-	01 (12 बोर)
(ग)	12 बोर जीवित राउंद	-	6 राउंद
(घ)	ग्रेनेड	-	01 नग
(ड.)	पाइप बम	-	01 नग
(च)	टिफिन बम	-	04 नग
(छ)	तार	-	03 बंडल
(ज)	बर्दी (नक्सली)	-	02 नग
(झ)	दवाइयां	-	02 बक्से
(ञ)	ग्रेनेड पाउच	-	01 नग
(ट)	थैले	-	03 नग
(ढ)	नक्सली साहित्य	-	02 नग (प्रभात, हुरोकल)
(ड)	दैनिक प्रयोग की वस्तुयें		-

इस मुठभेड़ में श्री नितिन ध्यानी, सहायक कमांडेंट ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत विशेष भत्ता भी दिनांक 09.04.2009 से दिया जाएगा।

बरुण मित्रा
संयुक्त सचिव'

18—101 GI/2011

सं. 81-प्रेज/2011-राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

1. थोरट प्रसाद
   कांस्टेबल
2. राज कुमार
   कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 26.02.2009 को लगभग 0630 बजे ओसी गरमुर, मजौली द्वीप समूह से यह विश्वसनीय सूचना प्राप्त होने पर कि ग्राम: बालीगांव, थानांतगर्त: जंगरैमुख, मजुली उप-प्रभाग के एक मकान में उग्रवादी छिपे हुए हैं तो स्थानीय पुलिस और जी/189 बटालियन, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सी आर पी एफ) को मिला कर एक संयुक्त अभियान चलाने और उग्रवादियों का मुकाबला करने/ पकड़ने के लिए चतुराई पूर्ण योजना बनाई गई। बल द्वारा की गई तुरंत कार्रवाई देख करके उग्रवादी घबरा गए और उन्होंने उस मकान से अभियान दल पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी जिसमें उन्होंने शरण ली हुई थी। अभियान दल ने तुरंत मोर्चा संभाला और लक्ष्यगत मकान को घेर लिया। कांस्टेबल/जीडी थोरट प्रसाद और कांस्टेबल/जीडी राज कुमार ने गोलियों की बौछार के बीच रेंगते हुए लम्बी दूरी तय की। इन्होंने अपने जीवन के लिए होने वाले गंभीर खतरे की परवाह नहीं की और उग्रवादियों के निकट पहुंच गए। जब 2 उग्रवादियों ने भारी गोलीबारी करते हुए बच कर भाग निकलने की कोशिश की तो कांस्टेबल/जीडी थोरट प्रसाद और कांस्टेबल/जीडी राज कुमार ने निशाना साध कर जबावी गोलीबारी की जिसके परिणामस्वरूप भाष्कर हजारिका (28 बटालियन उल्फा का आपरेशन कमांडर) और शरत बोरा (उल्फा का खूंखार उग्रवादी) नामक दो दुर्दांत उग्रवादी मारे गए और 10000 अमरीकी डालर के साथ हथियारों/गोलीबारूद/विस्फोटक पदार्थों का जखीरा, महत्वपूर्ण दस्तावेज और 1,00,000 भारतीय मुद्रा बरामद की गई।

निम्नलिखित हथियार/गोलाबारूद बरामद हुआ:-

1. चार जीवित राउंद के साथ एक ए के 56 राइफल, मैग्जीन
2. ए के सीरीज के 49 जीवित राउंद
3. ए के सीरीज के 13 खाली केस
4. सात राउंद वाले मैग्जीन के साथ 9 एम एम की 01 पिस्तौल
5. 02 स्पेयर मैग्जीन और 55 जीवित राउंद
6. छोटे हथियार एक जीवित राउंद
7. एक चीनी ग्रेनेड
8. डिटोनेटर-20
9. मोबाइल फोन-05
10. अप्रयुक्त सिम कार्ड-18
11. कलाई घड़ी-05
12. भारतीय मुद्रा- एक लाख
13. उल्फा से संबंधित अन्य दस्तावेजों के साथ 10,000 अमरीकी डालर और दवाइयां

इस मुठभेड़ में सर्वश्री थोरट प्रसाद, कांस्टेबल और राज कुमार, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिये जा रहे हैं तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत विशेष भत्ता भी दिनांक 26.02.2009 से दिया जाएगा।

बरुण मित्रा
संयुक्त सचिव

सं. 82-प्रेज/2011-राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री घुबदे देवीदास
हैड कांस्टेबल (मरणोपरांत)

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

41 कार्मिकों और 05 सिविल पुलिस कार्मिकों को मिला कर बनाई गई ए/65 बटालियन की दो प्लाटूनों ने दिनांक 17.06.2008 को लगभग 0700 बजे अभियान शुरू किया। रास्ते में इन्होंने संदिग्ध गांवों/ जंगली क्षेत्र की तलाशी ली और लगभग साढ़े पांच घंटे पैदल चलने के बाद ये गुमरीदीह पहुंचे और मकानों की तलाशी ली। तलाशी के लिए अगला गांव कोंडे था, यह क्षेत्र पहाड़ियों, नालों से भरा पड़ा है और जंगली क्षेत्र है जो आगे बढ़ रहे दल के सामने प्राकृतिक बाधायें पैदा कर रहे थे।

अभी यह दल गुमरीदीह से 200 मीटर ही आगे बढ़ा होगा कि उन पर स्वचालित हथियारों से अंधाधुंध गोलीबारी हो गई। नक्सलियों ने जंगल/पहाड़ियों से घिरे खेतों में लगाए गए अपने मोर्चों से ग्रेनेड भी फैंके, आई ई डी धमाके किए। ए/65 के हैड कांस्टेबल/जीडी शत्रुघ्न सिंह, एल एम जी फटने से बुरी तरह से घायल हो गए। नक्सलियों ने चारों तरफ से हमला कर दिया था और सड़क की दांई तरफ से शत्रु की ओर से भारी गोलीबारी हो रही थी। हमारे दल के दो जवानों ने नक्सलियों की ओर ग्रेनेड फैंकने शुरू किए लेकिन दुर्भाग्यवश कुछ ग्रेनेड नहीं फटे। इससे नक्सली उत्साहित हो गए और उन्होंने गोलीबारी तेज कर दी।

तदनुसार घात लगा कर किए गए इस भयंकर हमले में नक्सलियों का पलड़ा भारी रहा। इस पर हैड कांस्टेबल/जीडी घुबदे देवीदास ने जल्दी ही संपूर्ण स्थिति का जायजा लिया और पहले वे रेंगते हुए लगभग 20 मीटर आगे बढ़े ताकि अपेक्षाकृत रूप से ऊंची जमीन तक पहुंचा जा सके और रणनीतिक लाभ हासिल किया जा सके और फिर इन्होंने नक्सलियों का विश्लेषण किया और उनके मोर्चों का पता लगाया। इसके आसपास ही 51 एम एम मोर्टार के साथ कांस्टेबल लीला राम पटेल ने मोर्चा संभाला हुआ था लेकिन नक्सलियों की गोलीबारी से ये घायल हो गए। स्थिति का जायजा लेते हुए हैड कांस्टेबल/जीडी घुबदे देवीदास ने साहस करके नक्सलियों पर गोलीबारी कर दी। इन्होंने घायल जवान लीला राम पटेल की सहायता के लिए उन तक पहुंचने और 51 एम एम मोर्टार का प्रयोग करके नक्सलियों की घात का मुकाबला करने की सोची जबकि नक्सली इनकी योजना को निष्फल करने के लिए प्रतिबद्ध थे। इसके बाद दो नक्सली महिलायें, घायल हैड कांस्टेबल/ जी डी शत्रुघ्न सिंह से इनका हथियार छीनने के लिए एक-एक करके आगे बढ़ी। लेकिन हमारी टुकड़ियों ने इसे देख लिया और इसके जबाब में की गई

गोलीबारी में दोनो महिलायें मारी गई। अत्यधिक विपरीत स्थिति होने के बावजूद हैड कांस्टेबल/जीडी घुबदे देवीदास, कांस्टेबल/जीडी लीला राम तक पहुंचने में सफल हो गए और ये उन्हें खींच कर सुरक्षित स्थान पर ले गए। इसके बाद इन्होंने एक सेकेंड भी गंवाए बगैर दुश्मन पर 51 एम एम मोर्टर बम फेंके। बम, नक्सलियों पर भारी पड़े और वे घबरा गए। इस पर शत्रुओं ने महसूस किया कि अधिक समय तक टिके रहना उनके लिए कठिन है। उन्होंने यह भी महसूस किया कि यदि वे हैड कांस्टेबल/जीडी देवीदास घुबदे को नही रोक पाते हैं तो उनके लिए बच कर भाग निकलना कठिन होगा। इसी बीच हैड कांस्टेबल देवीदास घुबदे ने एक और बम फेंकने की कोशिश की लेकिन सेफ्टी पिन टूट गई। अब नक्सलियों ने वह भारी गोलीबारी हैड कांस्टेबल/जीडी घुबदे देवीदास की तरफ मोड़ दी जिससे ये बुरी तरह घायल हो गए। तब तक हमारी टुकड़ियों ने शत्रु का कारगार ढंग से मुकाबला किया और घबराये हुए नक्सलियों का लाभ उठा कर ये उनकी ओर भी आगे बढ़े ताकि उन्हें गिरफ्तार किया जा सके। उन्होंने गुमरीदीह नाले/जंगल का फायदा उठाया और अपनी जान बचाने के लिए उन्होंने भागना शुरू कर दिया। यह लड़ाई आधा घंटे से अधिक समय तक चली और जब तक टुकड़ियां उस क्षेत्र की तलाशी लेती तब तक सायं हो गई थी।

इस लड़ाई में हैड कांस्टेबल देवीदास घुबदे सहित पांच कार्मिक घायल हुए जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल लाया गया था । जब कि दूसरे कार्मिक बचा लिए गए लेकिन हैड कांस्टेबल/जीडी घुबदे देवीदास घायलावस्था में वीरगति को प्राप्त हो गए। शत्रु अपने साथियों के शव और घायलों को अपने साथ ले जाने में सफल हो गए।

मुठभेड़ स्थल से निम्नलिखित सामग्री बरामद की गई:-

(क)	रॉकेट लांचर	-	01 नग
(ख)	एस एल आर का खाली केस	-	23 नग
(ग)	ए के-47 का खाली केस	-	12 नग
(घ)	315 बोर का खाली केस	-	08 नग
(ङ)	इंसास का खाली केस	-	01 नग
(च)	पेंसिल बैटरी	-	06 नग
(छ)	कौमोफ्लेग कैप	-	01 नग

इस मुठभेड़ में (स्व.) श्री घुबदे देवीदास, हैड कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पुरस्कार, राष्ट्रपति का पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत विशेष भत्ता भी दिनांक 17.06.2008 से दिया जाएगा।

बरुण मित्रा
संयुक्त सचिव

सं. 83-प्रेज/2011-राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

1. हर्षपाल सिंह
   सहायक कमांडेंट
2. रियाज अहमद
   कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 31.05.2008 को लगभग 1730 बजे अर्जुन यादव उर्फ विजय यादव (गिरफ्तार किया गया माओवादी) और नक्सल एरिया कमांडर नितीश उर्फ योद्धा सॉं के बीच पूर्व-निर्धारित बैठक के बारे में विशिष्ट सूचना प्राप्त होने पर कमांडेंट 22 बटालियन केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल और एस.पी. हजारीबाग ने छापा मारने की योजना बनाई और तदनुसार निम्नलिखित तीन टीमें बनाई:

टीम 1: श्री हर्षपाल सिंह, सहायक कमांडेंट, ए/22 बटालियन, सी आर पी एफ की कमांड और उप निरीक्षक भोला प्रसाद, झारखंड पुलिस और अन्यों को मिला कर एसॉल्ट टीम।

टीम 2: उप निरीक्षक बिनोदानंद सिंह, झारखंड पुलिस की कमांड में कार्डन टीम।

टीम 3: एस डी पी ओ सरयू पासवान के नेतृत्व और उप निरीक्षक/ जी डी मदन लाल, ई/22 बटालियन और उप निरीक्षक अरूण कुमार तथा झारखंड पुलिस कांस्टेबलों को मिला कर स्टॉपर टीम।

सभी टीमें अर्जुन यादव के साथ अपराह्न 8 बजे आगे बढ़ी और चंदरमंडु गांव पहुंचे और एक ग्रामीण ने टीम का मार्गदर्शन किया तथा बैठक स्थल के बारे में सूचना दी। श्री हर्षपाल सिंह, सहायक कमांडेंट और उप निरीक्षक भोला प्रसाद सिंह तथा कांस्टेबल/जीडी रियाज अहमद, अंर्जुन यादव के साथ एक छोटी नदी पार करने के बाद अंधेरे और छल का लाभ उठा कर एक छोटी पहाड़ी पर होने वाली बैठक स्थल के निकट पहुंचे। श्री हर्षपाल सिंह, सहायक कमांडेंट और एस एच ओ भोला प्रसाद ने अपने आपको नक्सलियों की पार्टी के रूप में दर्शाया, जो बैठक में भाग लेने आई है और बैठक स्थल के बारे में पूछा तथा उस पार्टी को नक्सल ग्रुप का एक हिस्सा मानते हुए गांव का एक सिविलियन इन्हें बैठक स्थल तक ले गया। 08 कांस्टेबलों के साथ श्री हर्षपाल सिंह, सहायक कमांडेंट, एस एच ओ भोला प्रसाद और हैड कांस्टेबल/जी डी महिन्द्र सिंह, पूरी तरह से आश्चर्य का भाव लाते हुए लक्ष्य क्षेत्र अर्थात् बैठक स्थल की ओर बढ़े।

बैठक स्थल में प्रवेश करने से पहले श्री हर्षपाल सिंह, सहायक कमांडेंट ने स्ट्राइकिंग पार्टी के कमांडर हैड कांस्टेबल/जी डी महिन्द्र सिंह से कहा कि वे निकटवर्ती स्थल में अपनी पार्टी के साथ मोर्चा संभाले जहां से जरूरत पड़ने पर सर्पोटिंग गोलीबारी की जा सकती है। श्री हर्षपाल सिंह, सहायक कमांडेंट, एस एच ओ भोला प्रसाद और कांस्टेबल/जीडी रियाज अहमद, गिरफ्तार किए गए माओवादी अर्जुन यादव उर्फ विजय यादव उर्फ डाक्टर के साथ चुपचाप बैठक स्थल पर पहुंचे क्योंकि ये सिविल पोशाक में थे। अपराह्न लगभग 0930 बजे अर्जुन यादव उर्फ विजय यादव ने नितीश को पुकारा और हाथ मिलाने के बाद लाल सलाम का स्वागत किया और अन्य लोगों की ओर इशारा किया। पार्टी के पास ए के-47 राइफल देख कर नक्सलियों को पुलिस की मौजूदगी का संदेह हुआ और उन्होंने गोलीबारी कर दी। श्री हर्षपाल सिंह, सहायक कमांडेंट की कमान में स्ट्राइकिंग पार्टी ने जबाब में पूरी और कारगर नियंत्रित गोलीबारी की। मुठभेड़ के दौरान नितीश उर्फ योद्धा साओ और अर्जुन यादव उर्फ विजय यादव उर्फ डाक्टर ने पिस्तौल छीनने और एस एच ओ भोला प्रसाद, श्री हर्षपाल सिंह, सहायक कमांडेंट और कांस्टेबल/जीडी रियाज अहमद को अपने कब्जे में करने और पिस्तौल छीनने की कोशिश लेकिन नक्सलियों से घिरे इन जांबाजों ने बहादुरी से जवाबी गोलीबारी की और घटनास्थल पर ही नितीश और अर्जुन, दोनों को ही मार गिराया। दूसरी ओर से नक्सलियों ने हर्षपाल सिंह, सहायक कमांडेंट और कांस्टेबल/जीडी रियाज अहमद पर भारी गोलीबारी शुरू कर दी लेकन इन्होंने अपने जीवन को जोखिम में डाला और नक्सलियों तथा उप-निरीक्षक भोला प्रसाद को अपने कब्जे में लिया। इस गोलीबारी में रश्मि और विजय घत्बार नामक दो नक्सलियों को गोली लगी और मारे गए। एक नक्सली कैडर 16 वर्षीया सुश्री कान्ति, पुत्री भुवेश्वर हेमराम को पकड़ लिया गया। क्यू आर टी के साथ एस.पी. हजारीबाग, सेकेंड-इन-कमान- 22 बटालियन सहित कमांडेंट-22 बटालियन, रात के दौरान तुरंत घटना स्थल पर पहुंचे और शेष अभियान का पर्यवेक्षण किया। अभियान में श्री हर्षपाल सिंह, सहायक कमांडेंट ने असाधारण साहस, बहादुरी और प्रभावी कमांड और नियंत्रण का परिचय दिया और सी आर पी एफ पार्टी से किसी को भी नुकसान हुए बगैर यह अभियान सफल हुआ। कांस्टेबल/जीडी रियाज अहमद ने भी असाधारण बहादुरी और साहस का परिचय दिया जब इन्होंने पूरी मुठभेड़ में अपने जीवन को जोखिम में डाला। .303 बोल्ट एक्शन राइफल-01 नग, सिंगल बैरल मजल लोडिंग राइफल-01, देशी पिस्तौल (.315)-01, रिवाल्वर (.38)-01, वन केन बम (लगभग-25 कि.ग्रा.), आई ई डी-1 नग, इलैक्ट्रानिक डिटोनेटर-01, आई ई डी तार-01 बडंल, दवाइयां- 01 पैकेट, प्रशिक्षण सामग्री-01 पैकेट, वर्दी-01, नोकिया मोबाइल फोन-01, कुल्हाड़ी-02, 12 बोल्ट बैटरी-01, राउंद-.303-35 राउंद,.38-04 राउंद,.315-09 राउंद, धनुष-बांण-01, पिट्ठू-06 (कपड़ों से भरा), 2200/-रूपए नकद और कुछ अन्य आपत्तिजनक दस्तावेज भी अभियान के दौरान बरामद किए गए।

इस मुठभेड़ में सर्वश्री हर्षपाल सिंह, सहायक कमांडेंट और रियाज अहमद, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिये जा रहे हैं तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत विशेष भत्ता भी दिनांक 31.05.2008 से दिया जाएगा।

बरुण मित्रा
संयुक्त सचिव

सं. 84-प्रेज/2011-राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व श्री

1. विनय कुमार कपिल (मरणोपरांत)
   सहायक कमांडेंट
2. हनमंत बिरदार (मरणोपरांत)
   हैड कांस्टेबल
3. पंकज कुमार त्यागी (मरणोपरांत)
   कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

ग्राम लक्ष्मणिया में माओवादियों के इकट्ठे होने के बारे में दिनांक 19.12.2007 को प्राप्त आसूचना जानकारी के आधार पर श्री विनय कुमार कपिल, सहायक कमांडेंट, 153 बटालियन की कमान में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सी आर पी एफ), सिविल पुलिस और बी एम पी के एक संयुक्त अभियान ने ग्राम लक्ष्मणिया में छापा मारने और तलाशी लेने के लिए कूच किया। जब यह दल लक्ष्मणिया ग्राम से लगभग एक किमी. दूर था तो इन्होंने देखा कि 40-50 माओवादी, गांव के दक्षिण से ग्राम सेमराहा की ओर भाग रहे हैं। श्री विनय कुमार कपिल, सहायक कमांडेंट, जो मोटर साइकल पर थे, ने निर्णय लिया कि वे जी/153 के 9 कार्मिकों के साथ मोटर साइकल पर माओवादियों का पीछा करेंगे जबकि दल के शेष कार्मिक पैदल ही माओवादियों का पीछा करेंगे। श्री विनय कुमार कपिल, सहायक कमांडेंट के दल ने लम्बी दूरी तक माओवादियों का पीछा किया। श्री विनय कुमार कपिल, सहायक कमांडेंट और इनके दल ने आगे आ रहे संभावित खतरे की परवाह किए बगैर माओवादियों का ग्राम- कदम तक पीछा किया जिसमें माओवादियों ने बांस के पुल को पार कर पहले ही प्रवेश कर दिया था। श्री विनय कुमार कपिल और इनके दल ने शेष दल से पहले ग्राम कदम में प्रवेश किया और माओवादियों के बारे में पूछ-ताछ की। इनके दल ने इशारा पाकर एक मीटर चौड़े बेहद कमजोर बांस के खतरनाक पुल को पार किया। चूंकि मोटर साइकल पर इस पुल को पार नहीं किया जा सकता था इसलिए अपने दल के साथ इन्होंने पैदल आगे बढ़ने का निर्णय लिया। इससे इनके साहस और समर्पण की भावना का पता

चलता है क्योंकि ये अज्ञात क्षेत्र में मौजूद खतरे की ओर ही बढ़ रहे थे। श्री विनय कुमार कपिल, सहायक कमांडेंट और हैड कांस्टेबल/जीडी हनमंत बिरदार, कांस्टेबल/जीडी पंकज कुमार त्यागी, कांस्टेबल/जी.डी. के. षणमुगम, कांस्टेबल/जीडी संदीप कुमार, कांस्टेबल/जीडी मुशीर अहमद, कांस्टेबल/बग. विनोद कुमार, कांस्टेबल/जीडी महेन्द्र सिंह, कांस्टेबल/जीडी सतीश चंद और कांस्टेबल/जीडी प्रदीप कुमार को मिला करके बनाए गए दल ने बांस के पुल (लगभग डेढ़ मीटर चौड़ा) को पार करने के बाद पी.एस. राजेपुर के तहत कदम गांव में प्रवेश किया। हैड कांस्टेबल/जीडी हनमंत बिरदार और कांस्टेबल/जीडी पंकज कुमार त्यागी, कास्टेबल/जीडी के. षणमुगम और कांस्टेबल/बग. विनोद कुमार के साथ श्री विनय कुमार कपिल, सहायक कमांडेंट उक्त दल के साथ आगे बढ़े जबकि अन्य कार्मिक भी पीछे से चतुराई से आगे बढ़ रहे थे। एक स्थान पर इन्होंने उप-निरीक्षक/जीडी अत्तर सिंह और अन्य कार्मिकों को मिला करके बनाई गई पिछली पार्टी के साथ चर्चा करने की सोची कि वे इनके साथ मिल जाएं लेकिन अगले ही क्षण बांयें छोर से माओवादियों ने बांस के झुरमुटों और झाड़ियों के पीछे से इन पर गोलीबारी कर दी। इस पर श्री विनय कुमार कपिल, सहायक कमांडेंट और इनके दल ने उस ओर तत्काल जबावी गोलीबारी की लेकिन उसी समय दांये छोर से बांस की झाड़ियों और सामने के दो मकानों से भी उन पर गोलीबारी हो गई। चूंकि ये खुले क्षेत्र में थे और इनके पास अपने बचाव की कोई आड़ नहीं थी इसलिए ये अलाभप्रद स्थिति में थे फिर भी इन्होंने बहादुरी से जबावी कार्रवाई की। इसी बीच आमने-सामने की इस लड़ाई में श्री विनय कुमार कपिल, सहायक कमांडेंट की बांई भुजा में गोली लग गई। बांई हथेली गंभीर रूप से घायल होने के बावजूद इन्होंने गोलीबारी करनी जारी रखी और हैड कांस्टेबल/जीडी हनमंत बिरदार, और कांस्टेबल/जीडी पंकज कुमार त्यागी से कहा कि वे वापस लौट जांए और अपनी जान बचाएं। इन्होंने अपने पीछे के कार्मिकों को भी आदेश दिया कि वे माओवादियों पर गोलीबारी जारी रखें। लेकिन हैड कांस्टेबल/जीडी हनमंत बिरदार और कांस्टेबल/जीडी पंकज कुमार त्यागी वापस नहीं लौटे और इन्होंने गोलीबारी जारी रखी। इन्होंने माओवादियों के विरूद्ध कारगर कार्रवाई की और उन्हें आगे नहीं बढ़ने दिया ताकि वे अपने सदस्यों की स्थिति का लाभ न उठा सकें। बाद में श्री विनय कुमार कपिल, सहायक कमांडेंट अचेत हो कर गिर पड़े लेकिन हैड कांस्टेबल/जीडी हनमंत बिरदार और कांस्टेबल/जीडी पंकज कुमार त्यागी ने निकटवर्ती क्षेत्र से गोलीबारी जारी रखी। कांस्टेबल/जीडी पंकज कुमार त्यागी ने श्री विनय कुमार कपिल को वहां से हटाने की कोशिश की लेकिन दुर्भाग्य से इनकी पीठ और छाती के मध्य में दो गोलियां लग गईं और श्री विनय कुमार कपिल की छाती के पीछे भी गोली लग गई जो दोनों के लिए घातक सिद्ध हुई। इसी बीच हैड कांस्टेबल/जीडी हनमंत बिरदार ने गोलीबारी जारी रखी और सपाट धरातल पर आमने-सामने की लड़ाई साहस पूर्वक लड़ी। इसी बीच हैड कांस्टेबल/जीडी हनमंत बिरदार के बांयें कंधे के सामने और बांयें कंधे के पीछे भी गोलियां लग गईं। यूनिट क्यू आर टी जब स्थल पर पहुंची तो बहादुर सिपाहियों/शहीदों के शव मिले।

उप-मंडलीय अधिकारी पकरीदयाल, पश्चिम चंपारण द्वारा एस पी, मोतिहारी, पश्चिम चंपारण को प्रस्तुत रिपोर्ट के अनुसार इन तीनों अधिकारियों ने अपना सर्वोच्च बलिदान देने से पहले ब्रिज किशोर राम (24 वर्ष) नामक एक उग्रवादी को मार गिराया। पूरी तलाशी के दौरान रक्त के धब्बे पाए गए जिससे यह पता चलता है कि मुठभेड़ में 4-5 माओवादी मारे गए थे। इसके अलावा अत्यंत अंधेरे और गहरे कोहरे का लाभ उठाते हुए माओवादी भाग खड़े हुए और वे अपने साथ शव ले जाने में भी सफल हो गए। तथापि, एक उग्रवादी का शव बरामद हुआ। घटना स्थल के पूर्वी छोर पर बिंदेश्वर सिंह और योगेन्द्र सिंह की जमीन से निम्नलिखित गोलीबारूद पाए/बरामद किए गए:

(i) ए के राइफल की 08 गोलीबारूद
(ii) एस एल आर की 01 गोलीबारूद
(iii) इंसास राइफल की 04 गोलीबारूद
(iv) इंसास राइफल के 02 राउंद

इस मुठभेड़ में सर्वश्री (स्व.) विनय कुमार कपिल, सहायक कमांडेंट, (स्व.) हनमंत बिरदार, हैड कांस्टेबल और (स्व.) पंकज कुमार त्यागी, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिये जा रहे हैं तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत विशेष भत्ता भी दिनांक 19.12.2007 से दिया जाएगा।

बरुण मित्रा
संयुक्त सचिव

सं. 85-प्रेज/2011- राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार/ वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

1. प्रकाश रंजन मिश्रा (वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार)
   सहायक कमांडेंट
2. हेम राज ठाकुर (वीरता के लिए पुलिस पदक)
   कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

पी एस- केरेदारी के नोनियादीह और निकटवर्ती पहाड़ी वन क्षेत्र में नक्सलियों की गतिविधि के बारे में दिनांक 18.08.2008 को लगभग 1700 बजे विशिष्ट सूचना प्राप्त होने पर एस पी हजारीबाग, कमांडेंट 22 बटालियन, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सी आर पी एफ) और श्री पी आर मिश्रा, ए सी, ओसी-22 बटालियन ने तलाशी और छापा मारने की एक विशेष योजना बनाई और श्री पी आर मिश्रा की कमान में डी 22 बटालियन की दो शक्तिशाली प्लाटूनों ने इसे निष्पादित किया। सौंपे गए कार्य को पूरा करने के लिए डी 22 बटालियन की टुकड़ियों को तीन समूहों में विभाजित किया गया। स्टॉप ग्रुप का नेतृत्व उप-निरीक्षक/जीडी रणजीत सिंह ने किया और रिजर्व ग्रुप तथा रेड ग्रुप का नेतृत्व श्री पी.आर. मिश्रा ने किया जिसमें 5 अन्य कार्मिक शामिल थे। टुकड़ियों को विस्तार से बताया गया और इसके बाद इन्होंने लगभग 1745 बजे विशेष अभियान के लिए कूच किया। यह दल लगभग 1945 बजे बारका गांव पुलिस स्टेशन पहुंचा जहां उप-निरीक्षक बाल किशोर किस्कू, ओसी, पी एस-केरेदारी टुकड़ियों में शामिल हो गए। टुकड़ियां और आगे बढ़ीं और इन्होंने अपने वाहन अम्बातंद पुलिस पिकेट में छोड़ दिए और इसके बाद इन्होंने नियमित मार्ग को छोड़ दिया और पगडंडियों से होते हुए पैदल ही गहरी नदी पार की, पहाड़ी क्षेत्रों, घनी झाड़ियों और गहरे अंधेरे को पार करके ये आगे बढ़े। लगभग 10 किमी. की दूरी पार करने के बाद ये ग्राम-नोनियादीह के निकट पहुंचे और इन्होंने नक्सल इंडो-गुटों की शरण स्थलियों की तलाशी लेनी शुरू की। लम्बी पहाड़ी श्रृंखला की तलहटी में मकानों का समूह दिखाई दिया। एन वी डी की सहायता से घने वन और नाले के निकट पहाड़ी की तलहटी के ऊपर अलग-थलग पड़े मकान के निकट कुछ असामान्य हलचलें पाई गईं। तथापि,

उस समय कोई नक्सली नहीं देखा गया। श्री पी.आर. मिश्रा ने सभी छः स्टॉप ग्रुपों को बच कर भाग निकलने के संभावित मार्गों पर तैनात कर दिया और सभी ओर से अत्यंत कठिन भू-भाग पर नजर रखने की कोशिश की। उस अकेले मकान के यथा संभव निकट पहुंचने के लिए श्री पी.आर. मिश्रा, रेड ग्रुप के साथ आगे बढ़े। लक्ष्य क्षेत्र के बिल्कुल नजदीक पहुंचने के बाद रेड ग्रुप ने पहाड़ी की ओर आगे बढ़ना शुरू किया और रणनीतिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान पर पहाड़ी में कुछ नक्सलियों की मौजूदगी नोटिस की जिन्हें संभवतः संतरी की ड्यूटी पर तैनात किया गया था और उन्हें पुलिस बल की मौजूदगी का संदेह हुआ तथा उन्होंने श्री पी आर मिश्रा तथा रेड दल पर गोलीबारी कर दी। लेकिन श्री पी.आर. मिश्रा भारी गोलीबारी से बच गए और इन्होंने टुकड़ियों को आदेश दिया कि वे इन्हें कवर फायरिंग दें और ये संतरी को पकड़ने और अन्य नक्सलियों की स्थितियों का पता लगाने के लिए आगे बढ़े तथा साथ ही नक्सलियों की गोलीबारी का जबाब भी दिया। चूंकि श्री पी.आर. मिश्रा, रेड ग्रुप के आगे-आगे बढ़ रहे थे इसलिए नक्सलियों की गोलियों की बौछार उन पर ही हुई लेकिन इन्होंने अत्यंत साहसिक पहल की, असाधारण साहस और अत्यंत बहादुरी का परिचय दिया और टीम नियंत्रित की। लेकिन यह जानते हुए कि चारों ओर अन्य कई नक्सली मौजूद हो सकते हैं और अंधेरे तथा घने वन और चट्टानी पहाड़ियों के कारण दिखाई न देने की वजह से वे रक्षात्मक हो सकते हैं, ये कांस्टेबल/जीडी हेमराज ठाकुर और हैड कांस्टेबल/जीडी तथा रेड ग्रुप के दो कांस्टेबल/जीडी की सपोर्टिंग गोलीबारी के साथ पीछे की ओर से अधिक से अधिक निकट पहुंचे और उस नक्सली विशेष के बिल्कुल निकट पहुंच गए जो लांग रेंज के हथियार से लगातार गोलीबारी कर रहा था जो बाद में 7.62 एम एम एस एल आर पाई गई। कांस्टेबल/जीडी हेमराज ठाकुर के साथ श्री पी आर मिश्रा ने अपने जीवन को गंभीर खतरे में डालते हुए पहाड़ी की चोटी और चट्टानों के पीछे से नक्सलियों द्वारा की जा रही भारी गोलीबारी के बीच आगे बढ़ना जारी रखा। श्री पी आर मिश्रा और कांस्टेबल/जीडी हेमराज ठाकुर, पहाड़ी की तलहटी में थे और ये ऊपर की ओर आगे बढ़ रहे थे जबकि नक्सली सुरक्षित चट्टानों के पीछे छिपे हुए थे और वे लाभप्रद स्थिति में थे। दोनों ने ही अपने जीवन की परवाह नहीं की और इन्होंने संतरी के निकट पहुंचने की कोशिश की और उसके निकट पहुंचने के बाद श्री पी.आर मिश्रा ने उस नक्सली पर कई राउंद गोलीबारी की और उसे वहीं पर मार गिराया। दूसरे नक्सलियों ने इन पर और कांस्टेबल/जीडी हेमराज ठाकुर पर गोलीबारी करनी जारी रखी और बहुत कम दूरी से दोनों ओर से भारी गोलीबारी हुई जिसमें श्री पी आर मिश्रा और कांस्टेबल/जीडी हेमराज ठाकुर उस समय दर्शाई गई अपनी चतुराई और बहादुरी से बच गए। दोनो ओर से 0300 बजे तक गोलीबारी होती रही और क्योंकि चीखने की आवाज सुनाई दे रही थी इसलिए इसमें नक्सलियों के भी मारे जाने और घायल होने की संभावना हो गई लेकिन उन्होंने अंधेरे और घने वन का बेहतरीन उपयोग किया और वहां से भाग खड़े हो गए। स्टॉप ग्रुप के साथ भी गोलीबारी हुई जिन्होंने अत्यंत सावधानी से जबावी गोलीवारी की ताकि दोनों ओर से हो रही गोलीबारी से इनके ग्रुप का कोई कार्मिक हताहत न हो। मुठभेड़ के दौरान नक्सलियों का पता लगाने के लिए पैरा बम फेंके गए। 0300 बजे के बाद नक्सली, श्री पी.आर. मिश्रा और कांस्टेबल/जीडी हेमराज ठाकुर द्वारा सुनियोजित और नियंत्रित

गोलीबारी तथा साहासिक दबाव को नहीं झेल सके और रक्षात्मक तथा लाभप्रद स्थिति में होने के बावजूद वे असहाय हो गए। वे श्री पी.आर. मिश्रा और कांस्टेबल/जीडी हेमराज ठाकुर को नहीं मार सके और घने वन के साथ जुड़े नाले और पहाड़ियों की श्रृंखला का लाभ उठाते हुए वहां से भाग खड़े हुए। नक्सलियों के बच कर भाग निकलने के संभावित मार्गों को काटने के लिए दो एच ई वम भी गिराए गए। पहले प्रकाश में पूरे क्षेत्र की तलाशी ली गई और घेराव किया गया तथा दल ने रात को श्री पी.आर. मिश्रा द्वारा मार गिराए गए नक्सलियों के शव बरामद किए, ग्रामीणों द्वारा जिनकी पहचान विनोद मुंडा (प्लाटून कमांडर) के रूप में की गई लेकिन बाद में इसकी पहचान कैलू मांझी उर्फ सुमन माझी उर्फ परवेज दा (एमसीसीआई मिलिट्री विंग का प्लाटून कमांडर) के रूप में की गई जो अत्यंत खूंखार नक्सली के रूप में जाना जाता था, पुत्र झल्लू मांझी, ग्राम सिमरावेड़ा, पी एस-महुआटंड, जिला- बोकारो, झारखंड के रूप में की गई। श्री पी.आर मिश्रा और कांस्टेबल/ जीडी हेमराज ठाकुर ने पूरे अभियान के दौरान अपने जीवन की परवाह किए बगैर असाधारण साहस और कौशल का परिचय दिया जिसके परिणामस्वरूप कैला उर्फ सुमन मांझी, उर्फ परवेज दा (एम सी सी आई मिलिट्री विंग का प्लाटून कमांडर) नामक खूंखार नक्सली मारा गया और कई नक्सली घायल हो गए। इस अभियान के दौरान निम्नलिखित हथियार/गोलीबारूद/अन्य वस्तुएं बरामद की गईं:-

(क)	7.62 एम एम एस एल आर	-01 नग
(ख)	303 बोल्ट एक्शन राइफल	-01 नग
(ग)	7.62 एस एल आर गोलीबारूद	-158 राउंद
(घ)	.303 बोल्ट एक्शन गोलीबारूद	-48 राउंद
(ड.)	7.62 एस एल आर मैग्जीन	-03 नग
(च)	.303 बोल्ट एक्शन मैग्जीन	-01 नग
(छ)	इलैक्ट्रानिक डिटोनेटर	-02 नग
(ज)	वायरलैस सैट	-02 नग
(झ)	मोबाइल सैट	-02 नग
(ञ)	वाकमैन	-02 नग
(ट)	पिट्ठू	-07 नग
(ठ)	भारतीय मुद्रा	-1,71,750/-
(ड)	नक्सल साहित्य, लेवी रशीद	-कुछ
(ढ)	पुल थ्रो	-04 नग
(ण)	.303 खाली केस	03 राउंद
(त)	6.2 एम एम के खाली केस	-08 नग
(थ)	पुरूष और महिला कपड़े	-कुछ
(द)	छाता	-12 नग

इस मुठभेड़ में सर्वश्री प्रकाश रंजन मिश्रा, सहायक कमांडेंट और हेम राज ठाकुर, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक का प्रथम बार/पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिये जा रहे हैं तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत विशेष भत्ता भी दिनांक 19.08.2008 से दिया जाएगा।

बरुण मित्रा,
संयुक्त सचिव

सं. 86-प्रेज/2011-राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री आनंद सिंह
सेकैंड – इन-कमान

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

ग्राम वारपुरा, पी एस-सोपोर, जिला-बारामुला (जम्मू और कश्मीर) में आतंकवादियों की मौजूदगी के संबंध में एस ओ जी, सोपोर/श्रीनगर के माध्यम से दिनांक 15-16.07.2008 को विशिष्ट सूचना मिलने पर एस ओ जी/ जे के पी, सोपोर/श्रीनगर, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सी आर पी एस) की 179/177/92 बटालियन और 22 आर आर द्वारा संयुक्त अभियान चलाया गया। शुरू में टुकड़ियों द्वारा संदिग्ध मकानों का घेराव किया गया। श्री आनंद सिंह, सेकैंड-इन-कमान, 179 बटालियन, सी आर पी एफ भी यूनिट क्यू ए टी के साथ घटना स्थल पर पहुंची। जब लक्ष्यगत मकानों के चारों ओर कंसर्सिया कॉयल विछाई जा रही थी उस समय छिपे हुए आतंकवादियों ने एक ग्रेनेड फेंका जिससे अधिकारियों सहित आर आर, सी आर पी एफ और जे के पी के 13 कार्मिक घायल हो गए। श्री आनंद सिंह, सेकैंड-इन-कमान, 179 बटालियन, सी आर पी एफ ने स्वयं कई घायल कार्मिकों को वहां से हटाया । रात में इन्होंने बारीकी से स्थिति का जायजा लिया और घेरा बढ़ा दिया, संदिग्ध क्षेत्र में तेज रोशनी करवाई और आतंकवादियों को भागने नहीं दिया। सुबह ये तलाशी लेने के लिए मुख्य संदिग्ध मकान में गए लेकिन उग्रवादी रात में निकटवर्ती मकान में चले गए थे। उन्होंने उस मकान से एस ओ जी/ जे के पी के तलाशी दल पर गालीबारी की जिससे जे के पी का एक कार्मिक मारा गया और एक घायल हो गया। बी पी वाहनों की सहायता से तलाशी दल और घायल कार्मिकों को वहां से हटाया गया और इस प्रक्रिया के दौरान आतंकवादियों ने बुलेट-प्रूफ जिप्सी पर भी गोलीबारी की जिससे

इसका विंड स्क्रीन क्षतिग्रस्त हो गया। घायल कार्मिकों और तलाशी दल को हटाने के बाद सेना द्वारा एम जी एल सहित टुकड़ियों द्वारा मकान पर भारी गोलीबारी कर दी लेकिन कोई सफलता नहीं मिल सकी। फिर यह निर्णय लिया गया कि जिस रसोई घर से आतंकवादी गोलीबारी कर रहे थे उस किचन में हैंड ग्रेनेड फेंका जाए। लेकिन सड़क की तरफ खुल रही किचन में केवल एक खिड़की ही थी और वहां पर कोई आड़ नहीं थी। इस तथ्य को जानते हुए भी कि आतंकवादी किचन से गोलीबारी कर रहे हैं और उनके पास ग्रेनेड हैं, ग्रेनेड फेंकने के लिए स्वयं श्री आनंद सिंह आगे आए। ग्रेनेड फेंकने के लिए श्री आनंद सिंह अकेले ही गए जबकि सी आर पी एफ और सेना का कवरिंग दल बुलेट प्रूफ वाहन में ही रहा। श्री आनंद सिंह खुली सड़क से आगे बढ़े और किचन की खिड़की से इन्होंने हैंड ग्रेनेड फेंका जो अंदर फट गया। इसके बाद इन्होंने उसी खिड़की से एक और ग्रेनेड फेंका। जब श्री आनंद सिंह खिड़की की ओर बढ़ रहे थे या जब इन्होंने सड़क की तरफ वाली खिड़की से ग्रेनेड फेंका उस समय यदि आतंकवादियों ने उन पर गोलीबारी कर दी होती तो ये बच नहीं पाते क्योंकि वहां पर कोई आड़ नहीं थी।

इसके बाद सेना ने उस मकान में आई ई डी रखा लेकिन यह नहीं फटा। इस पर श्री आनंद सिंह ने अपने जीवन को गंभीर खतरे में डाला और खुले में खिड़की तक गए और खिड़की से किचन में एक और आई ई डी लगाया। आई ई डी के विस्फोट के कारण मकान ध्वस्त हो गया और उस पर आग लग गई। जिस कमरे (रसोई घर) में श्री आनंद सिंह ने ग्रेनेड फेंका था और आई ई डी लगाई थी उसी कमरे से शवों को हटाए जाने के दौरान आतंकवादियों के दो शव बरामद हुए। उनकी पहचान हिलाल अहमद सोफी उर्फ खालिद पुत्र मो. सुल्तान सोफी (अल-बुर्क/जे-ई-एम) निवासी वारपोरा सोपोर और अली रोजा (अल-बुर्क/जे-ई-एम) निवासी पाकिस्तान के रूप में हुई और 02 एके 47 राइफल, 05 एके-47 मैग्जीन और एके-47 के 60 राउंद बरामद हुए।

इस मुठभेड़ में श्री आनंद सिंह, सेकेंड-इन-कमान ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पुरस्कार, पुलिस पदक का प्रथम बार नियमावली के नियम 4 (1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत विशेष भत्ता भी दिनांक 16.07.2008 से दिया जायेगा।

बरुण मित्रा
संयुक्त सचिव

सं. 87-प्रेज/2011- राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार/ वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

1. के. सज्जानुद्दीन (वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार)
   कमांडेंट
2. संतोष कुमार पाल (वीरता के लिए पुलिस पदक)
   सहायक कमांडेंट
3. चन्द्रदेव सिंह यादव (वीरता के लिए पुलिस पदक)
   कांस्टेबल
4. वसीम अहमद खान (वीरता के लिए पुलिस पदक)
   कांस्टेबल
5. कृष्ण कुमार (वीरता के लिए पुलिस पदक)
   कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

ग्राम लुरोजगिर के आस-पास के खेतों और फलोद्यानों में 6 से 8 उग्रवादियों की मौजूदगी के संबंध में दिनांक 16.05.2008 की रात को श्री के. सज्जानुद्दीन, कमांडेंट, 185 बटालियन, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सी आर पी एफ) को किसी स्रोत से सूचना प्राप्त हुई। सूचना में आगे बताया गया था कि गांव के निकट से गुजर रहे पानी के पाइप के साथ-साथ चलते हुए उग्रवादियों की अवस्थिति की पुष्टि की जा सकती है। सूचना की पुष्टि करने के बाद दिनांक 17.05.2008 की सुबह ही अभियान की योजना बनाई गई।

उग्रवादियों की स्थिति सुनिश्चित करने के लिए श्री संतोष कुमार पाल, सहायक कमांडेंट, 185 बटालियन की कमान में एक शक्तिशाली, प्लाटून की तैनाती की गई। इस प्लाटून को तीन भागों में बांटा गया, एक भाग हैड कांस्टेबल/जी डी टी डी नायर की कमान में, दूसरा भाग श्री संतोष कुमार पाल, सहायक कमांडेंट की कमान में था। ग्राम लुरोजगिर के आस-पास के खेतों और फलोद्यानों की तलाशी लेने की प्रक्रिया में कांस्टेबल/जीडी सी एस यादव और कांस्टेबल/

जीडी कृष्ण कुमार, जो हैड कांस्टेबल/जी डी टी डी नायर की कमान वाले भाग में थे, ने अखरोट के खेतों में थोड़ी सी ऊंचाई वाले स्थान पर उग्रवादियों को देखा। इन दो कांस्टेबलों और उग्रवादियों के बीच गोलीबारी का पहला दौरा शुरू हुआ। इस गोलीबारी में दो उग्रवादी मारे गए। बाकी उग्रवादी, मुठभेड़ स्थल पर अपने पीछे दो एके-56 मैग्जीन, एक वायरलैस सैट और अन्य उपकरण छोड़ गए और उन्होंने पड़ोस की पहाड़ी की तरफ भागने की कोशिश की लेकिन श्री संतोष कुमार पाल ने गोलीबारी की आवाज सुन कर उन्हें पहले ही रोक दिया। दोनों ओर से हुई भारी गोलीबारी में उग्रवादी, ग्राम लुरोजगिर के उत्तर-पूर्व दिशा में पड़ने वाली पहाड़ी की ओर लौटने पर मजबूर हो गए। उग्रवादियों की भारी गोलीबारी के बावजूद यह दल आगे बढ़ने और ऊंचाई वाले स्थानों तक पहुंचने में सफल हुआ ताकि उग्रवादियों को गांव के आस-पास के खेतों और फलोद्यानों की ओर ले जाया जा सके। इस गोलीबारी में एक उग्रवादी मारा गया। यह संपूर्ण कार्रवाई श्री संतोष कुमार पाल, सहायक कमांडेंट, हैड कांस्टेबल/जीडी वनराज भाई, कांस्टेबल/जीडी वसीम अहमद खान, कांस्टेबल/जीडी सी एस यादव, कांस्टेबल/जीडी कृष्ण कुमार, कांस्टेबल/जीडी जतिन्द्र कुमार, कांस्टेबल/जीडी हिलाल अहमद हुर्रा और कांस्टेबल/जीडी शौकत हुसैन मीर 185 बटालियन की कमान में की गई और इन्होंने अत्यधिक साहस, बहादुरी और निडरता का परिचय दिया।

इस अवसर पर श्री के. सज्जानुद्दीन, कमांडेंट, 185 बटालियन के नेतृत्व में मुख्य दल, 42 बटालियन आर आर के कुछ तत्वों के साथ घटना स्थल पर पहुंचा। श्री सज्जानुद्दीन ने तत्काल स्थिति का जायजा लिया और महसूस किया कि क्योंकि उग्रवादी गांव में भाग कर जा सकते हैं इसलिए गांव का घेराव करना आवश्यक है। गांव की घेरा बंदी करना उस समय तक जारी रखा जब तक उग्रवादी, सी आर पी एफ की टुकड़ियों के बढ़ते दबाव पर जबावी कार्रवाई करने के लिए मजबूर न हो जाएं। उग्रवादियों ने स्वचालित और ग्रेनेड से अत्यधिक गोलीबारी की। ऐसा प्रतीत होता है कि उनकी संख्या लगभग छः है। इस अत्यंत गंभीर स्थिति में श्री सज्जानुद्दीन ने टुकड़ियों के साथ निरंतर निकट संपर्क बनाए रखा और अत्यधिक उच्च श्रेणी की नेतृत्व क्षमता का परिचय दिया। इनकी निजी नेतृत्व क्षमता और उदाहरण के कारण ही उग्रवादियों को अंततः पकड़ लिया गया।

अंतिम हमले में उग्रवादियों की ओर से स्वचालित हथियारों और ग्रेनेड से भारी गोलीबारी की गई। श्री सज्जानुद्दीन के बिल्कुल निकट दो ग्रेनेड फटे लेकिन इन्होंने अपनी सुरक्षा की बिल्कुल भी परवाह नहीं की और इस मुठभेड़ को तर्कसंगत और सफलतापूर्वक संपन्न किया।

दिन में हुई इस मुठभेड़ में जे-ई-एम के कुल छः उग्रवादी मारे गए बाद में जिनकी पहचान वसीम हसन अहंगर (जिला कमांडर) पुत्र गुलाम हसन अहंगर, निवासी कुचमुल्ला, मेहराज अहमद शैख पुत्र गुलाम नबी शैख निवासी नूरपुरा, मोहम्मद युसुफ वट पुत्र अब्दुल समद बट निवासी चरसू, त्राल, इफ्तिखार अहमद निवासी पाकिस्तान और अहरम उर्फ कुल्लू बट निवासी पाकिस्तान और अली बाबा उर्फ बट निवासी पाकिस्तान के रूप में की गई। मुठभेड़

सं. 88-प्रेज/2011- राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

1. पी. महाराजन
   कांस्टेबल
2. सतीश चंद
   हैड कांस्टेबल
3. निरंजन सिंह
   कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 11.09.2008 को लगभग 2030 बजे ओसी ए/125 श्री ए.के. सिंह ए सी को आई/सी, एस ओ जी लालपुरा से एस ओ एस प्राप्त हुआ कि एस ओ जी टिक्कीपुरा के कुछ कार्मिकों की ग्राम डेवर के निकट ग्राम छोटी मर्गी में उग्रवादियों के साथ मुठभेड़ हो गई है, मुठभेड़ अभी भी चल रही है और एस ओ जी, टिक्कीपुरा को तत्काल कुमुक की जरूरत है। कमांडेंट 125 के साथ चर्चा करने के बाद श्री ए.के. सिंह, ए सी ने चुने हुए कार्मिकों को मिला कर बनाई गई अपनी कंपनी की प्लाटून और एस ओ जी लालपुरा के 10 कार्मिकों के साथ मुठभेड़ स्थल की ओर कूच किया। मुठभेड़ स्थल को जाने वाले मार्ग में श्री ए.के. सिंह, ए. सी. स्थल से 02 एके-47 राइफल, 04 एके-56 राइफल, 23 एके-47 मैग्जीन, 3 वायरलैस सैट, एडेप्टर के साथ 4 वायरलैस सैट एंटीना, 10 नोकिया मोबाइल फोन, 5 चीनी ग्रेनेड, 01 पाक ग्रेनेड, 6 यू बी जी एल शैल, 1 चीनी पिस्तौल, 2 पिस्तौल मैग्जीन, 3 पिस्तौल राउंद, 88 एके-47 राउंद और कपड़े के जूते, मोबाइल फोन चार्जर, खाद्य पदार्थ आदि जैसी विभिन्न प्रकार की वस्तुएं बरामद हुई।

इस मुठभेड़ में सर्वश्री सज्जानुद्दीन, कमांडेंट, संतोष कुमार पाल, सहायक कमांडेंट, चंद्रदेव सिंह यादव, कांस्टेबल, वसीम अहमद खान, कांस्टेबल और कृष्ण कुमार, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक का प्रथम बार/पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिये जा रहे हैं तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत विशेष भत्ता भी दिनांक 17.05.2008 से दिया जाएगा।

बरुण मित्रा
संयुक्त सचिव

ने टेलीफोन पर आई/सी एस ओ जी टिक्कीपुरा से बात की और उग्रवादियों की संभावित संख्या, उनके आश्रय स्थल आदि सहित स्थिति का जायजा लिया। मुठभेड़ स्थल पहुंच कर सी आर पी एफ प्लाटून ने उसे घेर लिया और जब कभी आवश्यक हुआ तब उग्रवादियों पर गोलीबारी कर उन्हें करारा जबाब दिया। लगभग 2230 बजे हैड कांस्टेबल/जीडी सतीश चंद, कांस्टेबल/जीडी पी. महाराजन, कांस्टेबल/जीडी निरंजन सिंह को मिला कर बनाई गई कार्डन पार्टी ने एक उग्रवादी देख लिया और उसे लक्ष्य बना कर की गई गोलीबारी में उसे मार गिराया । पूरी रात मुठभेड़ होती रही। चूंकि यह क्षेत्र पेड़-पौधों से भरा हुआ है और तब तक अंधेरा हो गया था इसलिए उसे सील करना अत्यंत कठिन था। तथापि कांस्टेबल/जीडी पी महाराजन ने उग्रवादियों को घेरे से भागने नहीं दिया क्योंकि इन्होंने अपनी 2 इंच मोर्टार से पैरा बम फेंके थे। इससे उग्रवादियों का पता लगाना आसान हो गया और सुरक्षा बल प्रभावी गोलीबारी कर सके। 2330 बजे श्री ए.के. सिंह, ए सी ने एक बार फिर श्री संजय कुमार, कमांडेंट से फोन पर संपर्क किया और कुमुक भेजने के लिए कहा। श्री संजय कुमार, कमांडेंट, 125 बटालियन, सी आर पी एफ, यूनिट क्यू आर टी के साथ दिनांक 12.09.2008 को 1245 बजे मुठभेड़ स्थल पर पहुंचे। अभियान की कमान अपने हाथ में लेकर इन्होंने ए/125 सी आर पी एफ का घेरा मजबूत किया।

क्षेत्र की तलाशी सुबह की पहली किरण के साथ शुरू हुई। एक उग्रवादी, जो पेड़-पौधों के नीचे छिपा हुआ था उसने सर्चिंग पार्टी पर गोलीबारी कर दी। सर्चिंग पार्टी के सदस्य श्री ए.के. सिंह, ए सी, हैड कांस्टेबल/जीडी जी.सी. बौमात्री, कांस्टेबल/जीडी रोशन लाल और कांस्टेबल/जीडी राजा राम मीणा ने उसे मार गिराया। घेरे के अंदर घटना स्थल के सभी मकानों और आस-पास के खुले क्षेत्र की पूरी तलाशी ली गई लेकिन कोई अन्य उग्रवादी नहीं मिला। अभियान समाप्त किया गया। एल ई टी के दो उग्रवादियों के शव अलग-अलग स्थानों पर पाए गए। बाद में उनकी पहचान मोहम्मद इस्माइल निवासी पाक अधिकृत कश्मीर, पिता का नाम ज्ञात नहीं और समीर अहमद राठेर पुत्र गुलाम अहमद राठेर निवासी नवपुरा, पईन, पुलवामा के रूप में की गई। मारे गए उग्रवादियों के कब्जे से बड़ी मात्रा में शुष्क राशन के अलावा 2 ए.के.-47 राइफल, 5 मैग्जीन और 90 राउंद बरामद हुए। इस बात को देखते हुए कि सुरक्षा बलों के कार्मिकों या संपत्ति को कोई नुकसान नहीं हुआ इसलिए इस क्षेत्र में सी आर पी एफ द्वारा अभियान की दृष्टि से यह एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

इस मुठभेड़ में सर्वश्री पी.महाराजन, कांस्टेबल, सतीश चंद, हैड कांस्टेबल और निरंजन सिंह, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिये जा रहें है तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत विशेष भत्ता भी दिनांक 12.09.2008 से दिया जाएगा।

बरुण मित्रा
संयुक्त सचिव

सं. 89-प्रेज/2011- राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री केदार नाथ सिंह

हैड कांस्टेबल/ड्राइवर

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

नक्सलियों ने दिनांक 12.07.2009 को लगभग 0600 बजे राजनंदगांव सीमा चौकी मदनवाड़ा के सिविल पुलिस कार्मिकों पर उस समय घात लगाई जब ये दैनिक निवृत्ति के लिए गए हुए थे। एस पी राजनंदगांव से सूचना मिलने पर श्री विनोद चौबे, भा.पु.से ने पुलिस सीमा चौकी की ओर गाड़ियों के काफिले में घटना स्थल की ओर कूच किया। जब गाड़ियों का यह काफिला ग्राम कोरकोट्टि के निकट पहुंचा तो नक्सलियों ने इस काफिले पर गोलीबारी कर दी जिसमें इस काफिले के ड्राइवर को गोली लग गई और इसी बीच एस पी राजनंदगांव ने निकटवर्ती पुलिस स्टेशन को इस घटना के बारे में सूचित किया और मानपुर में तैनात केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सी आर पी एफ) एम पी वी के लिए कहा।

सूचना प्राप्त होने पर सी आर पी एफ के एम पी वी के साथ कुमुक दल घटना स्थल की ओर भेजा गया। जब सिविल पुलिस के साथ एम पी वी सातवें मील के पत्थर के निकट पहुंची तो नक्सलियों ने इस पर गोलीबारी कर दी। एम पी वी चला रहे केदार नाथ सिंह ने निरंतर चल रही गोलीबारी के बावजूद एम पी वी को आगे बढ़ाना जारी रखा और अपने जीवन के प्रति गंभीर खतरे को स्वीकार किया तथा एम पी वी को एक तरफ खड़ा भी कर दिया और घायल डी एफ जवान का पकड़ कर वाहन के अंदर रख दिया। हैड कांस्टेबल/ड्राइवर केदार नाथ सिंह ने स्वयं अपना जीवन अत्यंत खतरे में डाला और साहस पूर्वक एम पी वी को चारों ओर घुमाते रहे ताकि वाहन में बैठे पुलिस कार्मिक कारगर ढंग से जबावी कार्रवाई कर सकें। नक्सली अधिक संख्या में थे और उन्होंने टायर फाड़ने के लिए गोली चला कर और एम पी वी वाहन को घेर कर इस चाल पर जबाबी कार्रवाई की जबकि कुछ नक्सली सड़क से आए और ड्राइवर को डराने के लिए उन्होंने सीधे ही सामने के शीशे पर गोली चला दी लेकिन हैड कांस्टेबल/ड्राइवर घबराया नहीं और फटे हुए टायर से ही ये बहादुरी से वाहन को चलाते रहे जिससे पुलिस कार्मिक कारगर ढंग से गोलीबारी कर सके और इन्होंने अपनी कार्बाइन, एम पी वी के ऊपर की तरफ कर दी और नक्सलियों पर गोलीबारी कर दी जिससे एक नक्सली पर गोली लग गई और वह सड़क पर गिर पड़ा। ड्राइवर केदार नाथ सिंह उस नक्सली को चलती एम पी वी के नीचे ही कुचलना चाहते थे लेकिन अचानक चट्टान के पीछे से एक और नक्सली आया और उसने घायल नक्सली को झाड़ियों में खींच लिया। बाद में नक्सलियों ने एम पी वी पर हमला कर दिया और पैट्रोल बमों

से एम पी वी को जला कर उड़ाने की कोशिश की। हैड कांस्टेबल/ड्राइवर के.एन. सिंह ने अपने जीवन को गंभीर खतरे में डाला और भारी गोलीबारी के बीच एम पी वी वाहन को सफलतापूर्वक मानपुर की ओर ले गए और शौर्य का परिचय दिया।

फिर हैड कांस्टेबल/ड्राइवर केदार नाथ सिंह, एम पी वी को आगे-पीछे ले गए ताकि जवान और अधिक कारगर ढंग से गोलीबारी का सकें और दूसरे कार्मिकों तक पहुंच सकें और वे एम पी वी में आड़ ले सकें। अचानक ही इन्होंने इस गोलीबारी में सड़क के निकट एक पेड़ के साथ आई जी पी दुर्ग को अपने गनमैन के साथ देखा। तत्काल ये एम पी वी को पीछे मोड़ कर आई जी पी के निकट ले गए और आई जी पी तथा इनके गनमैन की कमीज के कॉलर को पकड़ कर एम पी वी के अंदर खींच लिया और फिर एम पी वी को पीछे मोड़ा ताकि अंदर बैठे कार्मिक एम पी वी के स्लॉट से अलग-अलग दिशाओं में गोलीबारी कर सकें। इन्होंने यह भी नोट किया कि नक्सली चट्टानों और पेड़ों के पीछे से गोलीबारी कर रहे हैं और मृत जवानों के हथियार उठा रहे हैं और फिर जंगल में ओझल हो रहे हैं। ऐसे अवसर पर हैड कांस्टेबल/ड्राइवर केदार नाथ सिंह ने एम पी वी के माइक्रोफोन पर जोर-जोर से चिल्लाना शुरू कर दिया कि वे नक्सलियों पर अलग-अलग दिशाओं में गोलीबारी करें। घटना स्थल के लगभग निकट पहुंची सी आर पी एफ पार्टी ने भाग रहे नक्सलियों की दिशा में एच ई बम फेंके जिसके परिणामस्वरूप नक्सली घने वन, पथरीली जमीन और नालों का लाभ उठा कर घटना स्थल से भाग खड़े हुए।

इस घटना में हैड कांस्टेबल/ड्राइवर केदार नाथ सिंह ने उत्कृष्ट और अनुकरणीय साहस, वीरता, उच्च चरित्र, अतुलनीय बहादुरी का परिचय दिया, अपने जीवन को खतरे में डाला और दूसरे के हित के लिए कर्तव्य का पालन करते हुए अत्यंत सूझ-बूझ का परिचय दिया जिससे श्री मुकेश गुप्ता, आई जी पी (सिविल पुलिस) और अन्य 11 कार्मिकों का जीवन बचाया जा सका।

मुठभेड़ स्थल से निम्नलिखित बरामदगियां की गईं और उन्हें घटना स्थल ही नष्ट कर दिया गया।

(क) 09 ग्रेनेड (ख) 12 मोलोटोव कॉकटेल (ग) पैट्रोल बम (घ) 60 मीटर बिजली की तार।

इस मुठभेड़ में श्री केदार नाथ सिंह, हैड कांस्टेबल/ड्राइवर ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पुरस्कार, राष्ट्रपति का पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत विशेष भत्ता भी दिनांक 12.07.2009 से दिया जाएगा।

बरुण मित्रा
संयुक्त सचिव

सं. 90-प्रेज/2011- राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार/ वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

1. सत्येन्द्र नाथ सिंह, सहायक कमांडेंट — (वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार)
2. संतोष कुमार सिंह, कांस्टेबल — (वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार)
3. गुलाब सिंह, कांस्टेबल — (वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार)
4. कृष्ण कुमार, कांस्टेबल — (वीरता के लिए पुलिस पदक)

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

नक्सलियों द्वारा दिनांक 14.06.2006 और 15.06.2006 को किए गए बंद के आह्वान को देखते हुए पुलिस की मांग के अनुसार टुकड़ियां अपनी ड्यूटियों पर थीं। दिनांक 13.06.2006 को टुकड़ियां, पी एस रामगढ़ के अंतर्गत पत्रतु गईं और वहां पर रात में रूक गई। दिनांक 14.06.2006 को लगभग 1000 बजे टुकड़ियां रेलगाड़ी में सवार हुई, हैंदरगिर पहुंची और उस क्षेत्र की तलाशी ली। दिनांक 15.06.2006 को लगभग 2000 बजे टुकड़ियां, शाक्तिपुंज एक्सप्रेस रेल गाड़ी में सवार हुईं और लगभग 2130 बजे बाराखाना पहुंची। वहां से टुकड़ियां केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सी आर पी एफ)/सिविल पुलिस के वाहनों पर सवार हुई और 0030 बजे घाटो पहुंची। यह सूचना प्राप्त होने पर कि नर्की जंगल में नक्सली बहुतायत संख्या में मौजूद हैं, एस पी हजारीबाग ने टुकड़ियों को सूचित किया कि वे डुबका गावं चले जाएं। लगभग 0600 बजे नर्की पहुंचने पर टुकड़ियों ने वाहन छोड़ दिए और पैदल ही दो दलों में डुबका की ओर चल पड़े। एक दल श्री एस.एन.सिंह, सहायक कमांडेंट के नेतृत्व में और दूसरा दल उपनिरीक्षक/जीडी नवीन कुमार झा के नेतृत्व में था। इसी बीच श्री एस.एन.सिंह, सहायक कमांडेंट ने भी नक्सलियों के एकत्र होने के बारे में स्थानीय ग्रामीणों से सूचना एकत्र की और इस आशय की सूचना मिलने पर 72वीं बटालियन की टुकड़ियां सभी क्षेत्रों को कवर करते हुए चतुराई से आगे बढ़ी। जब श्री एस.एन. सिंह अपने दल के साथ संदिग्ध छिपने/प्रशिक्षण स्थल की ओर बढ़ रहे थे तो नक्सलियों ने इस दल पर निगरानी चौकी से गोलीबारी कर दी। श्री एस.एन. सिंह, सहायक कमांडेंट के दांये पैर पर गोली लग गई लेकिन इन्होंने अपनी निजी सुरक्षा और जीवन की परवाह नहीं की और आगे बढ़ना तथा जबावी गोलीबारी करना जारी रखा। इस मुठभेड़ के दौरान श्री एस.एन. सिंह, सहायक कमांडेंट ने एक नक्सली को मार गिराया और उसके कब्जे से

एक एस एल आर बरामद की। नक्सलियों के साथ भयंकर मुठभेड़ होती रही और एक अधिकारी ने गोलीबारी करना जारी रखा और टुकड़ियों को इस ढंग से संगठित किया कि उन पर गोली लग जाने के बारे में जानकारी मिलने पर टुकड़ियों का मनोबल न गिरे। दांये पैर पर गोली लग जाने के बावजूद श्री एस.एन. सिंह, सहायक कमांडेंट ने सामने की पहाड़ी से टुकड़ियों को निदेश देना जारी रखा कि वे नक्सलियों की घेराबंदी करें और उन पर गोलीबारी करना तथा बम फैंकना जारी रखें। श्री एस.एन. सिंह, सहायक कमांडेंट ने अपनी टुकड़ियों के कांस्टेबल/जीडी गुलाब सिंह, कांस्टेबल/जीडी संतोष कुमार सिंह और कांस्टेबल/जीडी कृष्ण कुमार नामक तीन कांस्टेबलों के साथ नक्सलियों को ललकारा और गोलीबारी जारी रखी। जब नक्सलियों की ओर से गोलीबारी रूक गई तो पूरे क्षेत्र का घेराव किया गया और पूरी तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान, एक एस एल आर, दो .303 राइफल मैग्जीन के साथ, एक .315 सिंगल बैरल राइफल, एक नक्सली का शव, तीन मैन पैक्ड मोटोरोला सैट, 12 इलैक्ट्रानिक डिटोनेटर, 700 जीवित राउंद, दो फ्लैश आपरेटिड आई ई डी, एक इलैक्ट्रानिक आपरेटिड आई ई डी, 26700/-रूपए नकद, पोलीथीन शीट के साथ 40 थैले, वर्दी, वर्तन, नक्सली साहित्य और उपयोग की अन्य वस्तुएं बरामद हुईं। मारे गए नक्सली के शव सहित बरामद किए गए सभी हथियार/गोलीबारूद और अन्य वस्तुएं सिविल पुलिस को सौंपी गई। मुठभेड़ के बाद निकटवर्ती ग्रामीणों ने पुष्टि की कि मुठभेड़ के दौरान 2-3 नक्सली भी घायल हुए जिन्हें नक्सली अपने साथ ले गए। उल्लिखित तथ्यों से यह देखा जा सकता है कि खूंखार नक्सली को मार गिराने और बड़ी मात्रा में हथियार/विस्फोटक पदार्थ बरामद किया जाना तभी संभव हो सका जब श्री एस.एन. सिंह ने असाधारण साहस, वीरता, नेतृत्व, दृढ़ता और संकल्प का परिचय दिया तथा कांस्टेबल संतोष कुमार सिंह, कांस्टेबल गुलाब सिंह और कांस्टेबल कृष्ण कुमार नामक 72 बटालियन के तीन कास्टेबलों ने अनुकरणीय वीरता और संकल्प का परिचय दिया। इन्होंने भारी गोलीबारी के बीच अपने जीवन की परवाह नहीं की और बढ़ते रहे और बहादुरी से लड़ाई लड़ी तथा न्यूनतम बल प्रयोग करके और पुलिस कार्मिकों के अमूल्य जीवन को हानि पहुंचाए बगैर सफलता हासिल की।

इस मुठभेड़ में सर्वश्री सत्येन्द्र नाथ सिंह, सहायक कमांडेंट, संतोष कुमार सिंह, कांस्टेबल, गुलाब सिंह, कांस्टेबल और कृष्ण कुमार, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक का प्रथम बार/पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिये जा रहे हैं तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत विशेष भत्ता भी दिनांक 16.06.2006 से दिया जाएगा।

बरुण मित्रा
संयुक्त सचिव

सं. 91-प्रेज/2011 - राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

1. अरूण कुमार
   सहायक कमांडेंट
2. मोहम्मद रियाज
   कांस्टेबल
3. अनूप कुमार हरंगखल
   कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 05.10.2009 को लगभग 2200 बजे श्री अरूण कुमार ओ सी ए-187 बटालियन, रात को कैंप क्षेत्र की नियमित गश्त पर थे। इन्हें डुमरू टॉप क्षेत्र में कुछ उग्रवादियों की मौजूदगी के बारे में यूनिट/कंपनी द्वारा विकसित स्रोत से सूचना प्राप्त हुई। इन्होंने तत्काल यह सूचना टेलीफोन पर कमांडेंट, 187 बटालियन को दी और अभियान चलाने के आदेश मांगे। दूसरे स्रोतों से सूचना की पुष्टि करने के बाद कमांडेंट, 187 बटालियन ने सिविल पुलिस के साथ अभियान चलाने के आदेश दिए। श्री अरूण कुमार, सहायक कमांडेंट ने अभियान की योजना बनाई और अभियान के लिए कार्मिक चुने, कार्रवाई के दौरान सिविल पुलिस के साथ भूमिका, जिम्मेदारी और आर वी बिन्दुओं, अभियान से पहले और अभियान के दौरान अपनाई जाने वाली सावधानी के बारे में उन्हें बताया। श्री अरूण कुमार, सहायक कमांडेट के नेतृत्व में जी ओ-01, हैड कांस्टेबल/जीडी-03, कांस्टेबल/जीडी-24, कुल-28 केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सी आर पी एफ) और सिविल पुलिस 09 को मिला कर बनाए गए संयुक्त दल ने लगभग 2300 बजे डुमरू टॉप क्षेत्र की ओर कूच किया। यह दल अंधेरे और घने पहाड़ी वन से हो कर लगभग 10 कि.मी. आगे बढ़ा और दिनांक 06.10.2009 को लगभग 0400 बजे आर वी पहुंचा। श्री अरूण कुमार, सहायक कमांडेंट ने अंधेरे में ही महत्वपूर्ण/रणनीतिक बिंदु निश्चित किए और घेरा डाल दिया। श्री अरूण कुमार, सहायक कमांडेंट और बल के चुने हुए कुछ कार्मिक चुपचाप डुमरू टॉप की चोटी पर पहुंचे। लगभग 0600 बजे जब संयुक्त दल ने तलाशी अभियान शुरू किया तो श्री अरूण

कुमार (दल कमांडर) ने डुमरू टॉप की ओर जाते हुए कंबल में लिपटे 03 संदिग्ध व्यक्ति देखे। श्री अरूण कुमार (दल कमांडर) ने उन तीन संदिग्ध व्यक्तियों को ललकारा।

इस पर उन संदिग्ध व्यक्तियों ने दल पर अंधाधुंध गोलीबारी कर दी। श्री अरूण कुमार ने कांस्टेबल/जीडी मोहम्मद रियाज खां, कास्टेबल/जीडी अनूप कुमार हरंगखल,ए/187 बटालियन और सी आर पी एफ/सिविल पुलिस के अन्य कार्मिकों के साथ जवाबी गोलीबारी शुरू कर दी। दोनों ओर से हुई इस गोलीबारी के दौरान श्री अरूण कुमार, सहायक कमांडेंट ने नोट किया कि एक उग्रवादी पहाड़ी भू-भाग की गहरी खाई की झाड़ियों में छिपा हुआ है। श्री अरूण कुमार, सहायक कमांडेंट, मोहम्मद रियाज खां, कांस्टेबल/जीडी और अनूप कुमार हरंगखल, कांस्टेबल/जीडी ने भारी गोलीबारी के बीच अपने जीवन की परवाह किए बगैर छिपे हुए उग्रवादी की ओर चतुराई से आगे बढ़ना शुरू किया। श्री अरूण कुमार, सहायक कमांडेंट और ए/187 बटालियन के उक्त दो कांस्टेबल/जीडी ने घायल उग्रवादी द्वारा की गई भारी गोलीबारी के बीच अपने जीवन की परवाह किए बगैर पहाड़ी भू-भाग में लगभग 500 मीटर तक उग्रवादी का पीछा किया और जावेद इकबाल, कोड नाम-मतीन, निवासी देहेदानी मरमत, जिला-डोडा नामक एच एम के एक खूंखार उग्रवादी को मार गिराया और मुठभेड़ स्थल से एक ए के-47 राइफल, 10 जीवित राउंद, एक मैग्जीन और एक वायरलैस सैट बरामद किए। श्री अरूण कुमार, सहायक कमांडेंट द्वारा किए गए वीरता के इस कृत्य से इस यूनिट विशेष और सामान्य रूप से बल की कीर्ति बढ़ी है। तलाशी के दौरान छिपे हुए उग्रवादी के उस स्थान को नष्ट कर दिया गया। उक्त तीन कार्मिकों के दल ने अनुकरणीय साहस और कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

इस मुठभेड़ में सर्वश्री अरूण कुमार, सहायक कमांडेंट, मोहम्मद रियाज, कांस्टेबल और अनूप कुमार हरंगखल, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिये जा रहे हैं तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत विशेष भत्ता भी दिनांक 06.10.2009 से दिया जाएगा।

बरुण मित्रा,
संयुक्त सचिव.

24—101 GI/2011

सं. 92-प्रेज/2011- राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

1. सेवा सिंह
   हैड कांस्टेबल
2. जी. राधाकृष्णन
   हैड कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 27.09.2008 को 63 बटालियन, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सी आर पी एफ) की तीन प्लाटून ने 4 सिविल पुलिस कार्मिकों के साथ लगभग 0300 बजे बदेनघोल और कोंगेरा गांवों, जहां के बारे में आसूचना जानकारी से पता चला था कि अपना स्थापना दिवस मनाने के लिए बड़ी संख्या में नक्सली यहां पर एकत्र हुए हैं, में नक्सल-रोधी अभियान चलाने के लिए ए/63 बटालियन, धौड़ी शिविर से कूच किया। टुकड़ियों ने नक्सलियों को पकड़ने और निष्क्रिय करने के लिए आस-पास के क्षेत्र की तलाशी लेने की योजना बनाई। ये चतुराई से उक्त गांवों की ओर पैदल बढ़ रहे थे। जब ये टुकड़ियां लगभग 0845 बजे उक्त गांवों के निकट गहरे जंगली क्षेत्र की तलाशी ले रही थी तो रामू और उर्मिला, आंध्र के खूंखार और सूचीबद्ध नक्सली, नामक नक्सल कमांडर के नेतृत्व में कम से कम 30-40 नक्सलियों के नक्सली दलम (मिलिट्री विंग) ने टुकड़ियों पर घात लगा दी। उन्होंने टुकड़ियों पर आधुनिक हथियारों से भारी गोलीबारी कर दी। टुकड़ियों ने गोलीबारी से बचने के लिए आड़ लेने के बाद नक्सलियों को गोलीबारी में उलझाए रखा। इस गोलीबारी में नक्सलियों ने टुकड़ियों पर हावी होने की कोशिश की ताकि पुलिस कार्मिकों की हत्या/घायल करके उनके हथियारों को लूटा जा सके। इसी अफरा-तफरी में नक्सलियों ने सिविल पुलिस के एस पी ओ चैतू को देख लिया जो स्थानीय मार्गदर्शक के रूप में टुकड़ियों के साथ आया था और आगे बढ़ रहा था, उस पर गोली लग गई और वह नीचे गिर पड़ा। वहां पर एक नक्सली दिखाई दिया और उसने एस पी ओ चैतू की हत्या करके उसकी एस एल आर राइफल छीनने की मंसा से घायल एस पी ओ चैतू पर हमला कर दिया। अपने जीवन को खतरे में देख करके एस पी ओ चैतू सहायता के लिए चिल्लाया। इस पर हैड कांस्टेबल सेवा

सिंह, सी/63 बटालियन, जिन्होंने निकट ही मोर्चा संभाला हुआ था और जो गोलीबारी कर रहे थे, भारी गोलीबारी के बीच तुंरत आए और देखा कि एक नक्सली, घायल एस पी ओ चैतू को अपने काबू में करने की कोशिश कर रहा है तथा अपने तेज धार वाले हथियार से उसकी हत्या करने के लिए खींच रहा है तथा साथ ही उसकी एस एल आर राइफल भी लूटने की कोशिश कर रहा है। दोनों के बीच संघर्ष अपने चरम बिन्दु पर था। सेवा सिंह ने इस तीव्र लड़ाई में समय गंवाए बिना अपने जीवन को खतरे में डाला और निशाना साध करके उस नक्सली को घटना स्थल पर ही ढेर कर दिया तथा ये घायल एस पी ओ का जीवन और उसका हथियार बचाने में सफल रहे। इसी बीच जब सेवा सिंह इस लड़ाई में लिफ्त थे तो निकटवर्ती स्थान पर छिपा हुआ एक और नक्सली अचानक बाहर आया और उसने सेवा सिंह को लक्ष्य बना कर गोलीबारी शुरू कर दी। इस चीख पुकार को सुन कर जब हैड कांस्टेबल जी. राधाकृष्णन, ए/63 बटालियन वहां आए तो इन्होंने देखा कि एक नक्सली, इनके साथी सेवा सिंह को लक्ष्य बना करके इन पर गोली चला रहा है। श्री जी.राधाकृष्णन ने इस पर अत्यंत सूझ-बूझ का परिचय दिया और उस नक्सली को वहीं पर ढेर कर दिया। श्री जी. राधाकृष्णन का यह साहसिक कृत्य, बहादुरी और सूझ-बूझ का सर्वोच्च उदाहरण है जिसमें अपने जीवन की तुलना में दूसरों के जीवन को अधिक मूल्य दिया गया है। नक्सलियों ने अपने मृत साथियों के शव उठा कर ले जाने की कोशिश की लेकिन उक्त दोनों कार्मिकों द्वारा लक्ष्यबद्ध और कारागार गोलीबारी के कारण उनकी यह कोशिश सफल नहीं हो सकी। घटना स्थल पर ही अपने साथियों के मारे जाने और सुरक्षा बलों द्वारा की गई साहसिक कार्रवाई सें घबरा कर नक्सलियों ने घने झाड़-झंकार और ढलवा पहाड़ी क्षेत्र का लाभ उठाया और इस गोलीबारी से डर कर भाग खड़े हुए। तथापि, दोनों ओर से लगभग 20-25 मिनट तक गोलीबारी हुई। इसके बाद पूरे क्षेत्र की अच्छी तरह से तलाशी ली गई जिसमें उक्त दोनों नक्सलियों के शवों सहित 03 भरमर बंदूकें, एक टिफिन बम जिसमें आई ई डी था और 25 मीटर बिजली की तार बरामद हुई। घटना स्थल पर कई स्थानों पर खून के धब्बे भी पाए गए जिससे इस तथ्य का पता चलता है इस मुठभेड़ में निश्चित ही कुछ और नक्सली मारे गए होंगे लेकिन नक्सली उन्हें खींच कर अपने साथ ले गए होंगे।

इस मुठभेड़ में सर्वश्री सेवा सिंह, हैड कांस्टेबल और जी. राधाकृष्णन, हैड कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिये जा रहे हैं तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत विशेष भत्ता भी दिनांक 27.09.2008 से दिया जाएगा।

बरुण मित्रा
संयुक्त सचिव

सं. 93-प्रेज/2011- राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

1. अमित कुमार त्यागी
   कांस्टेबल (मरणोपरांत)
2. भानु प्रताप यादव
   कांस्टेबल
3. भुपाल मजुमदार
   उप-निरीक्षक

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

ग्राम- मुंडयारी, पी एस- पट्टन, बारामुला (जम्मू और कश्मीर) में उग्रवादियों की मौजूदगी के बारे में दिनांक 19.04.2009 को लगभग 1930 बजे एस पी (ओपीएस) एस ओजी, कार्गो, श्रीनगर से विशिष्ट सूचना प्राप्त हुई। एस पी (ओ पी एस), एस ओ जी, श्रीनगर और श्री निशांत वैष्णव, सहायक कमांडेंट, 117 बटालियन, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सी आर पी एफ) द्वारा विशेष अभियान की एक संयुकत योजना बनाई गई। तदनुसार, एफ/117 बटालियन, सी आर पी एफ की प्लाटून ने एस ओ जी कार्गो कार्मिकों के साथ लगभग 2030 बजे एस ओ जी कार्गो कांप्लेक्स से कूच किया और लगभग 2115 बजे ग्राम-मुंडयारी (पट्टन) की सीमा में पहुंचे। दी गई सूचना के अनुसार एफ/117 बटालियन सी आर पी एफ और एस ओ जी ने ग्राम-मुंडयारी का आंतरिक घेराव करना शुरू किया। यह आंतरिक घेराव लगभग 0300 बजे पूरा हुआ। इसी बीच 29 आर आर और 45 बटालियन सी आर पी एफ भी इसमें शामिल हो गई और इन्होंने बाहरी घेरा डाला। पहली किरण के साथ एफ/117 बटालियन सी आर पी एफ दल और एस ओ जी कार्गो श्रीनगर के कार्गो द्वारा तलाशी शुरू की गई। इस उद्देश्य से कि कोई सिविलियन हताहत न हो इसलिए मो. खांडे पुत्र अब्दुल अजीज खांडे के संदिग्ध मकान और आस-पास के मकानों में रह रहे लोगों को वहां से हटाने के पूरे प्रयास किए गए। तलाशी अभियान के दौरान जब मो. खांडे पुत्र अब्दुल अजीज खांडे के मकान में छिपे उग्रवादियों को बच कर भाग निकलने का कोई रास्ता न मिला तो उन्होंने लगंभग 0700 बजे ऑप्रेशन टुकड़ियों पर अंधाधुंध गोलीबारी कर दी।

ऑप्रेशन टुकड़ियों ने इस गोलीबारी का प्रभावी ढंग से जबाव दिया। इसी बीच उग्रवादियों ने दल पर ग्रेनेड फेंका। ग्रेनेड के छर्रों से अपने आप को बचाने के उद्देश्य से सुरक्षा दल ने तदनुसार उस समय उपलब्ध सुरक्षित आड़ ली । इसी बीच उग्रवादी सुरक्षा दल की ओर आगे बढ़े और उन्होंने बहुत नजदीक से सुरक्षा दल पर गोलीबारी कर दी जिससे उप निरीक्षक/जीडी भुपाल मजुमदार, कांस्टेबल/जीडी भानु प्रताप यादव और कांस्टेबल/जीडी अमित कुमार त्यागी पर गोलियाँ लगने के कारण ये घायल हो गए लेकिन सुरक्षा दल ने अपने जीवन की परवाह किए बगैर उग्रवादी पर गोलीबारी करनी जारी रखी और उसे वहीं पर ढेर कर दिया। मारे गए उग्रवादी की पहचान अब्दुल रशीद बेग पुत्र गु. मोहम्मद बेग निवासी गनिस्तान, सुम्बल जिला बांदीपुरा (जम्मू और कश्मीर) एच एम ग्रुप के रूप में हुई। उन उग्रवादियों से कुछ और जानकारी प्राप्त होने पर एस ओ जी कार्मिकों के साथ हमारे दल ने उनसे निम्नलिखित हथियार/गोलीबारूद बरामद किए:

राइफल एके-47-01 नग, मैग्जीन एके-47-05 नग, मैग्जीन पिस्तौल -01 नग और पाउच -01 नग। उग्रवादी का शव और बरामद किये गये हथियार/गोलीबारूद, पी एस-पट्टन, बारामुला, जम्मू और कश्मीर को सौंपे गए।

उप निरीक्षक/जीडी भुपाल मजुमदार, कांस्टेबल/जीडी भानु प्रताप यादव और कांस्टेबल/जीडी अमित कुमार त्यागी को विशेष अभियान के दौरान शरीर पर कई जगह चोटें आईं। घायल कार्मिकों को इलाज के लिए तत्काल 29 आर आर अस्पताल ले जाया गया जहां अमित कुमार त्यागी की घायलावस्था में मृत्यु हो गई।

इस मुठभेड़ में सर्वश्री (स्व.) अमित कुमार त्यागी, कांस्टेबल, भानु प्रताप यादव, कांस्टेबल और भुपाल मजुमदार, उप-निरीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिये जा रहे हैं तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत विशेष भत्ता भी दिनांक 19.04.2009 से दिया जाएगा।

बरुण मित्रा
संयुक्त सचिव

सं. 94-प्रेज/2011, राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

1. रघुवंश कुमार
   सेकण्ड-इन-कमांड
2. कृष्ण कुमार हलदर
   कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 27.01.2009 को लगभग 1300 बजे, श्री रघुवंश कुमार, 2-आई/सी, 177 बटालियन, सी आर पी एफ ने अमरगढ़, सोपोर में एक संयुक्त घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरु किया। सैन्य टुकड़ियों को देखते ही आतंकवादी ने गोलीबारी शुरु कर दी और बचकर भाग निकलने का प्रयास किया। श्री रघुवंश कुमार ने असीमित साहस दर्शाते हुए और अपनी जान को भारी खतरे में डालते हुए, अन्य सैन्य टुकड़ियों को बचाने के उद्देश्य से उस आतंकवादी पर बहुत करीब से गोलीबारी की और उसे घायल कर दिया जो पास की ही एक गली में चला गया।

कांस्टेबल कृष्ण कुमार हलदर ने उस गली में अपने आदमी तैनात करके और अपनी जान की परवाह किए बिना आतंकवादी पर सामने से गोलीबारी शुरु कर दी। आतंकवादी एक घर में छिप गया और शांत बैठा रहा। श्री कुमार और कांस्टेबल हलदर ने जे के पी और 52 आर आर की संयुक्त टीम के साथ घर की तलाशी का कार्य शुरु किया। तलाशी के दौरान, आतंकवादी ने अचानक भारी गोलीबारी शुरु कर दी और टीम पर हथगोले फेंके जिसके फलस्वरुप 52 आर आर के राइफलमैन श्री सोहन लाल शर्मा मारे गए और दो अन्य सैन्य-कर्मी घायल हो गए। श्री कुमार और कांस्टेबल हलदर अपनी जान की परवाह किए बिना आतंकवादी के बहुत करीब जा पहुँचे और उस पर गोलीबारी शुरु कर दी। उनकी त्वरित और साहसपूर्ण कार्रवाई से न केवल अन्य कार्मिकों की जान बचाई जा सकी बल्कि आतंकवादी को भी मार गिराया गया।

मारे गए आतंकवादी की पहचान अबु हम्जा, प्रभागीय कमांडर, लश्कर-ए-तैयबा के रूप में हुई। उसके पास से एक ए के-47 राइफल, 04 मैगजीनें और 31 राउण्ड बरामद किए गए।

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री रघुवंश कुमार, सेकण्ड-इन-कमांड और कृष्ण कुमार हलदर, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहे हैं तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत विशेष भत्ता भी दिनांक 28.01.2009 से दिया जाएगा।

बरुण मित्रा
संयुक्त सचिव.

सं. 95-प्रेज/2011, राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

1. विशाल पाटीदार
   सहायक कमांडेंट
2. मोहम्मद आरिफ़ वागाय
   कांस्टेबल
3. तनवीर अहमद मीर
   कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 11.04.2009 को भारी हथियारों से लैस आतंकवादियों, जिसका एक भाग जे ई एम जैसे आत्मघाती दस्ते के रूप में जाना जाने वाला आतंकवादी संगठन हो सकता था, की मौजूदगी के बारे में विशिष्ट सूचना प्राप्त होने पर कुछ ही मिनटों में सहायक कमांडेंट श्री विशाल पाटीदार और 53 आर आर और जम्मू एवं कश्मीर पुलिस की एस.ओ.जी. यूनिट के विशेष अभियान दल के साथ पुलवामा जिले के स्थानीय अपर पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशंस) श्री असलम के नेतृत्व में उस विशिष्ट क्षेत्र की घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरु किया गया। श्री विशाल पाटीदार सी आर पी एफ अभियान दल के प्रभारी कम्पनी कमान्डर थे और इनके पास पुलवामा में उग्रवादी/आतंकवादी हमले के विरुद्ध चलाए गए विशेष अभियान के समन्वय का प्रभार था। तदनुसार, लगभग 1845 बजे श्री विशाल पाटीदार के नेतृत्व में ए/182 सी आर पी एफ की एक प्लाटून जम्मू एवं कश्मीर पुलिस और 53 आर आर के विशेष अभियान दल के साथ से क्षेत्र विशेष की ओर गई और उस क्षेत्र को सभी सिविलियनों से खाली करा लिया और लक्ष्य-मकान को घेर लिया। उसी समय यह पता चला कि लक्ष्य-मकान में छिपे आतंकवादियों की संख्या अधिक हो सकती है और चारों ओर से सुरक्षा बलों पर एक साथ हमले हो सकते हैं और यह भी पता चला कि सभी आतंकवादी एक ही स्थान पर नहीं होंगे। एस ओ जी की पार्टी जिसमें सी आर पी एफ के श्री विशाल पाटीदार प्रतिनिधि थे, अपनी जान की परवाह किए बिना उस स्थल की ओर गए और आतंकवादियों को बाहर निकालने और सी ए एस ओ अभियान चलाने के

उद्देश्य से तत्काल उस क्षेत्र की घेराबंदी करने की व्यवस्था की। यह कार्य अगले दिन सुबह होने तक जारी रहा और इस लम्बी अवधि के दौरान, श्री विशाल पाटीदार और दो कांस्टेबलों अर्थात् मोहम्मद आरिफ़ वागाय और तनवीर अहमद मीर ने शौर्य और धैर्य की सच्ची भावना प्रदर्शित की और अत्यधिक तत्परता भी बनाए रखी। अगले दिन सूर्योदय के समय जब आतंकवादियों ने तलाशी दल पर गोलीबारी की तब श्री विशाल ने स्थिति पर नियंत्रण स्थापित किया और सामने की ओर से तथा बाईं ओर से हो रही भीषण गोलीबारी के बीच अनुकरणीय साहस का परिचय देते हुए उस स्थल तक पहुंचे और इस प्रकार तलाशी दल तथा सिविलियनों को बचाने का उनका उद्देश्य पूरा हुआ। इस प्रक्रिया में पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशंस) श्री असलम की नेतृत्व वाली एस ओ जी टीम द्वारा जे ई एम का एक आतंकवादी, आज़ाद बदर मारा गया।

53 आर आर के असॉल्ट कमांडर कैप्टन पटियाल को एक अन्य आतंकवादी से घातक चोट पहुँची। बाद में यह आतंकवादी सभी पार्टियों पर गोलीबारी जारी रखने के प्रयोजन से पड़ोस के एक बड़े मकान में चला गया। जब शेष टीम और शेष नेतृत्व दल गोलीबारी के अपनी रक्षा करने में व्यस्त था, तब श्री विशाल पाटीदार ने केवल दो कांस्टेबलों के साथ पुनः अदम्य साहस और शौर्य की भावना प्रदर्शित की और अत्यंत संकटकालीन स्थिति के महत्व को भाँपकर सी आर पी एफ की छोटी टुकड़ी का नेतृत्व किया जो अब घेराबंदी पार्टी न रहकर आक्रमण-पार्टी में तब्दील हो गई। संकटकाल में नेतृत्व की यह मिसाल निश्चित रूप से एक ऐसे निर्भीक सैनिक के महान गुणों को प्रकट करती है जो न केवल अपने साथियों को बचाने बल्कि अभियान के लक्ष्य को पूरा करने के लिए भी अपना जीवन न्योछावर करने को तैयार है। तत्पश्चात् श्री विशाल ने बच निकलने के एकमात्र रास्ते को, जो फंसे हुए आतंकवादी के लिए सुलभ था, तत्काल सील कर दिया। यदि श्री विशाल ने वीरता की भावना प्रदर्शित न की होती और असॉल्ट कमांडर का स्थान न लिया होता, तो उग्रवादी निश्चित रूप से निकल भागने में सफल हो गया होता। इन तीनों लोगों ने ही अपनी सुरक्षा की परवाह न करते हुए ऐसे समय पर अपनी सक्षमता और कौशल का प्रदर्शन करते हुए योजनाबद्ध, सुसमन्वित और लक्ष्यबद्ध गोलीबारी की, जब इन गुणों की अत्यधिक आवश्यकता थी। इस दुर्लभ से दुर्लभतम समय पर दुर्लभ से दुर्लभतम गुणों के प्रदर्शन के परिणामस्वरूप आतंकवादी पैर में चोट लगने से घायल हो गया। इस प्रकार असॉल्ट कमांडर श्री विशाल ने बच निकलने के एकमात्र रास्ते को वास्तविक रूप में अवरुद्ध करके और आतंकवादी को पैर में चोट पहुंचा कर उसे घायल करके दो कार्य किए।

उस विशेष समय पर असॉल्ट कमांडर (श्री विशाल) की शौर्यपूर्ण कार्रवाई का सबसे बड़ा साक्ष्य और प्रमाण स्वयं घायल उग्रवादी से प्राप्त हुआ क्योंकि घायल उग्रवादी की अन्यत्र अपने कमांडर के साथ टेलीफोन पर बातचीत सक्षम प्राधिकारी द्वारा सतत अवरुद्ध करके सुनी जा रही थी। बाद में अंतिम आक्रमण के एक भाग के रूप में कांस्टेबल मोहम्मद आरिफ और तनवीर अहमद मीर की सहायता से श्री विशाल ने उस मकान में हथगोले फेंके और अभियान को समाप्त किया। वे उस क्षेत्र में प्रवेश करने वाले प्रथम व्यक्ति भी थे, जहाँ से निरन्तर गोलीबारी हो रही थी। अभियान की समाप्ति पर, जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) के दो खतरनाक आतंकवादियों के शव

बरामद हुए जिनकी पहचान (1) अजाज बाबर पुत्र ताज मोहम्मद निवासी – हवेली लाकाह, जिला – ओकारा, पाकिस्तान और (2) अहसानुल्लाह फ़ारुक़ी उर्फ अफाक पुत्र बरकतुल्लाह कुरैशी निवासी रावलपिंडी, पाकिस्तान के रूप में हुई। इस अभियान के परिणामस्वरूप निम्नलिखित हथियार/गोलाबारुद/सामान भी बरामद किए गए:-

i)	ए के -56 राइफल	-	01 (क्षतिग्रस्त)
ii)	ए के – 47 राइफल	-	01
iii)	ए के मैगजीन	-	05 (02 क्षतिग्रस्त)
iv)	चीन निर्मित हथगोला	-	01
v)	जे ई एम पहचान-पत्र	-	01
vi)	जाली स्थानीय पहचान-पत्र	-	01

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री विशाल पाटीदार, सहायक कमांडेंट, मोहम्मद आरिफ वागाय, कांस्टेबल और तनवीर अहमद मीर, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत विशेष भत्ता भी दिनांक 12.04.2009 से दिया जाएगा।

बरुण मित्रा
संयुक्त सचिव

सं. 96-प्रेज/2011, राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक/ वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

01.	जयपाल सिंह उप-निरीक्षक	(वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक) (मरणोपरान्त)
02.	भरत राम हैड कांस्टेबल	(वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक) (मरणोपरान्त)
03.	दिवाकर तिवारी उप-कमांडेंट	(वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक) (मरणोपरान्त)
04.	शंकर कुमार सहायक कमांडेंट	(वीरता के लिए पुलिस पदक)
05.	प्रदीप कुमार सिंह कांस्टेबल	(वीरता के लिए पुलिस पदक)

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 10.4.09 को लगभग 0840 बजे सी आर पी एफ की ए/55 बटायिन के 45 कार्मिकों की एक पार्टी चिन्तागुफा पुलिस स्टेशन पर तैनात 06 सिविल पुलिस कार्मिकों के साथ सी/डब्ल्यू जी पी ई 2009 में मिनप्पा मतदान केन्द्र के क्षेत्र और रास्ते की टोह लेने के लिए पैदल मार्च किया। लगभग 1130 बजे रास्ते में जब सैन्य कर्मी दल गाँव पाइडीगुडा पार कर रहा था, तब अत्याधुनिक हथियारों से लैस और जन मिटिया द्वारा समर्थित नक्सलियों के एक बड़े समूह ने उन पर आक्रमण कर दिया जिसका सैन्य दल ने प्रभावकारी जवाब दिया। तथापि, नक्सली सैन्य दल की घेराबंदी करने में सफल रहे और शीघ्र ही उन्होंने स्थिति पर अपना नियंत्रण स्थापित कर लिया। इस बीच, सैन्य दल ने वायरलेस के माध्यम से अपने मुख्यालय से अतिरिक्त बल की मांग की। भीषण गोलाबारी में, हैड कांस्टेबल भरत राम ने एक नक्सली को गोलीबारी करते देख, एक पेड़ की आड़ लेकर सटीक निशाना साधा और उसे मार गिराया। कुछ देर के बाद, एक साथी नक्सली जो मारे गए नक्सली के उठाने और घसीटकर ले जाने का प्रयास कर रहा था, भी उनके द्वारा मार गिराया गया। इस लड़ाई में हैड कांस्टेबल भरत राम नक्सलियों की भारी गोलीबारी के चपेट में आ गए और सरकारी सेवा में अपने प्राण न्योछावर कर दिए। शहीद भगत राम ने अंतिम सांस लेने से पूर्व चतुराई से अपना हथियार अपने शरीर के नीचे छिपाकर बचा लिया। छत्तीसगढ़ पुलिस के कांस्टेबल चोला राम पटेल भी एक नक्सली को मार गिराने में सफल हुए। अतिरिक्त बल एक-एक करके तीन बार में आया। वे पहली पार्टी के आगे चले और सीधी मुठभेड़ में लिप्त हो गए। उप-निरीक्षक जयपाल सिंह ने अपनी जान की परवाह न करते हुए 03 नक्सलियों का खात्मा कर दिया और उनके शव और हथियार बरामद किए।

तथापि, नक्सलियों ने अपने साथियों के शव प्राप्त करने के प्रयत्न में भारी गोलीबारी की जिसमें वे घटनास्थल पर ही मारे गये। सहायक कमांडेंट श्री शंकर कुमार ने अपने सथियों का आगे से नेतृत्व किया और कई नक्सलियों को मार गिराया। इस अधिकारी ने अपनी आँख में लगी चोट की परवाह किए बिना अपने सैन्य दल को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उप-कमांडेंट श्री दिवाकर तिवारी ने नक्सलियों के पश्चिम की ओर से गोलीबारी करते हुए अपने दल के साथ घात के क्षेत्र में प्रवेश किया। कांस्टेबल प्रदीप कुमार सिंह अपनी जान की परवाह किए बिना हिम्मत के साथ नक्सलियों को चुनौती देते हुए उनकी ओर आगे बढ़कर अदम्य साहस का परिचय दिया और दुश्मन की और से भारी गोलीबारी करते हुए नक्सलियों को भारी जनहानि पहुँचाई। तथापि, इस कार्रवाई में वे पेड़ के ऊपर से गोलियाँ चला रहे एक नक्सली को देख नहीं पाए और उनके सीने और घुटने में बहुत सी गोलियाँ [redacted] उन्होंने बेहोश होने तक गोलीबारी जारी रखी। उप कमांडेंट श्री दिवाकर तिवारी ने घायल कांस्टेबल प्रदीप कुमार सिंह और सहायक कमांडेंट श्री शंकर कुमार को बेहोशी ही हालत में सुरक्षित स्थान पर पहुँचाया। साथ ही साथ, वे वीरतापूर्वक अपने साथियों को नक्सलियों को मार गिराने के लिए प्रोत्साहित करते रहे। दुर्भाग्यवश, उन्हें भी एक नक्सली की गोली लगी और घटनास्थल पर ही उनकी मृत्यु हो गई। यह गोलीबारी लगभग तीन घण्टे तक जारी रही। उस क्षेत्र में हथियारों से गोलीबारी करने के बाद नक्सली पीछे हटे और घने जंगल में भाग गए। सूचना के अनुसार, इस गोलीबारी में 20-25 नक्सली मारे गए और कई नक्सली घायल हुए, लेकिन नक्सली अपने साथियों के शव घसीटकर ले जाने में सफल रहे।

[redacted]

तथापि, सैन्य दल भरी हुई मैगजीन सहित एक रेगूलर ए के एम राइफल, जिंदा कारतूस, वायरलेस सेट और नक्सली साहित्य आदि सहित लड़ाकू वेशभूषा में 03 नक्सलियों के शव बरामद करने में सफल रहा।

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री (स्वर्गीय) जयपाल सिंह, उप-निरीक्षक, (स्वर्गीय) भरत राम, हैड कांस्टेबल, (स्वर्गीय) दिवाकर तिवारी, उप-कामंडेंट, शंकर कुमार, सहायक कमांडेंट और प्रदीप कुमार सिंह, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, राष्ट्रपति का पुलिस पदक/पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत विशेष भत्ता भी दिनांक 10.04.2009 से दिया जाएगा।

बरुण मित्रा
संयुक्त सचिव

सं. 97-प्रेज/2011, राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

1. श्रीमती सियाम होई चिंग मेहरा
   सेकण्ड-इन-कमांड
2. श्री माचामल्ला सदानन्दम
   कांस्टेबल
3. श्री विनय सरकार
   कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 06-07.01.2010 के दौरान, सी आर पी एफ ने एक पाकिस्तानी अबुक्रारी और एक कश्मीरी मंजूर अहमद, जिन्होंने श्रीनगर के लाल चौक में होटल पंजाब को अपने कब्जे में कर लिया था, सहित भारी हथियारों से लैस दो आतंकवादियों का सफलतापूर्वक सामना किया और उन्हें मार गिराया और इसमें उनका कोई भी अधिकारी हताहत नहीं हुआ। यह अभियान 22 घण्टे चला। यह घटना निम्नलिखित रूप में हुई:

06 जनवरी को लगभग 1405 बजे माइसूमा पुलिस स्टेशन के एस एच ओ लाल चौक क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्तियों की जांच कर रहे थे। जब उन्होंने दो व्यक्तियों को अपने फिरान उठाने को कहा, तब उन्होंने फिरान के अंदर से ही गोली चला दी। उनके ड्राइवर, जो पास में ही खड़ा था, को सिर में गोली लगी और उसकी घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई। उसके बाद आतंकवादी भाग निकले और भागते हुए उन्होंने एक हथगोला फेंका। सी आर पी एफ के हैड कांस्टेबल गेंदालाल कुशवाहा, जो ड्यूटी पर थे, घायल हो गये। आतंकवादी सड़क के दूसरी ओर से होटल पंजाब में घुस गए और वहाँ से गोलीबारी करनी शुरु कर दी। होटल के सामने से सी आर पी एफ की 132वीं बटालियन के कमांड पोस्ट के कार्मिकों ने तत्काल जवाबी गोलीबारी की। सी आर पी एफ की 180 बटालियन के सैन्यदल और जम्मू और कश्मीर पुलिस सहित श्रीमती सियाम होई चिंग मेहरा, सेकण्ड-इन-कमांड की कमान के तहत सी आर पी एफ की 132 बटालियन के सैन्यदल लाल चौक, श्रीनगर के पलाडियम थिएटर, जो अभियान के प्रयोजन के लिए लाल चौक

में सी आर पी एफ की कमांड पोस्ट के रूप में कार्य करता है, पर फिदायीन हमले का जवाब देने के लिए दिनांक 06.01.2010 से 07.01.2010 को एक अभियान में व्यस्त थे। 132 बटालियन, सी आर पी एफ की कमांड पोस्ट अर्थात् पलाडियम थिएटर परदिनांक 06.01.2010 को लगभग 1405 बजे सशस्त्र फिदायीन हमला हुआ और अंधाधुंध गोलीबारी हुई और हथगोले फेंके गए। 132 बटालियन, सी आर पी एफ पोस्ट पर हुए हमले का श्रीमती सियाम होई चिंग मेहरा, सेकण्ड-इन-कमांड की कमान में, जिन्होंने फिदायिनों पर जवाबी हमले की योजना बनाई, युक्तिपूर्वक जवाब दिया गया और उन्हें होटल पंजाब में शरण लेने के लिए बाध्य कर दिया। श्रीमती सियाम होई चिंग मेहरा, सेकंड-इन-कमांड ने लाल चौक के आस-पास के क्षेत्र की प्रभावकारी घेराबंदी करना भी सुनिश्चित किया जिसके द्वारा बचकर भाग निकलने के रास्ते सफलतापूर्वक बंद कर दिए गए और अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह किए बिना और अपनी जान जोख़िम में डालकर मुठभेड़ स्थल से हताहतों को व्यक्तिगत रूप से हटाया। यह मुठभेड़ अर्थात् अपने सैन्य दल और उग्रवादियों के बीच गोलीबारी, रात भर चली और अगले दिन अर्थात् 07.01.2010 को 1130 बजे समाप्त हुई। श्रीमती सियाम होई चिंग मेहरा, सेकंड-इन-कमांड, 132 बटालियन, सी आर पी एफ के सैन्यदल के साथ होटल पंजाब की बिल्डिंग पर कब्जा जमाए उग्रवादियों की अंधाधुंध गोलीबारी से घिर गईं। अपने ऊपर की जा रही भारी गोलीबारी की परवाह न करते हुए और तैनात सुरक्षा बलों के होते हुए भी और चंगुल में फंसाने की चाल को जानते हुए भी, रूम इन्टरवेंशन पार्टी रणनीतिपूर्वक गोलीबारी के बीच आगे बढ़ी। इस प्रकार अपनी जान को जोख़िम में डालकर उन्होंने हमले का डटकर मुकाबला किया और उग्रवादियों को गोलीबारी में लिप्त रखा जिसके परिणामस्वरुप रूम इंटरवेंशन पार्टी अंतिम हमले की योजना बनाने में कामयाब हुई जिसमें दो उगग्रादी मारे गए।

आतंकवादियों को गोलीबारी में उलझाकर, बाजार में फंसे हुए, सैकड़ों लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया और हाउस इंटरवेंशन पार्टी ने अंततः आतंकवादियों को अगले दिन तक उलझाए रखा। हाउस इंटरवेंशन होटल पंजाब के आखिरी तल की दीवार में एम एम जी से गोलीबारी करके बनाई गई एक दरार के मध्यम से बनाया गया था। यह दरार एम एम जी से गोलीबारी की एक नई विधि से बनाई गई थी। हाउस इंटरवेंशन पेशेवर तरीके से किया गया था। इसके परिणामस्वरुप कोई भी व्यक्ति हताहत नहीं हुआ। तथापि, एक जवान अर्थात् कांस्टेबल सदानंदम एक आतंकवादी की गोली पैर में लगने से घायल हो गए थे। कांस्टेबल विनय सरकार ने हाउस इंटरवेंशन टीम के प्रवेश के लिए एक रास्ता बना दिया। वे भारी जोखिम उठाकर टिन से बनी छत पर लगभग 20-25 फुट तक चले। उन्होंने टीम के अन्य सदस्यों को बिल्डिंग के अंदर प्रवेश करने में सक्षम बनाया। उन्होंने अपनी जान को भारी जोखिम होने के बावजूद उत्कृष्ट शौर्य का प्रदर्शन किया। उनकी इस शौर्यपूर्ण कार्रवाई के परिणामस्वरूप हाउस इंटरवेंशन टीम के अन्य सदस्यों के बिल्डिंग में प्रवेश करने की वजह से अंततः आतंकवादियों का खात्मा संभव हुआ।

जब हाउस इंटरवेंशन पार्टी ने होटल में प्रवेश किया, तब कांस्टेबल सदानंदम ने आगे से मोर्चा संभाले रखा और अच्छी तरह से यह जानते हुए कि आतंकवादी वहां पर छिपे हुए हैं और सैन्य दल की गतिविधियों को देख रहे हैं, उन्होंने अपने आपको भारी खतरे में डालकर अन्य सदस्यों की आगे रहकर सुरक्षा की। उन पर गोलियाँ चलाई गईं और वे इनसे घायल भी हुए लेकिन वे दृढ़ रहे और टीम के अन्य सदस्यों को सतर्क किया और उनकी जान बचाई। उनकी शौर्यपूर्ण कार्रवाई के परिणामस्वरूप अंततः आतंकवादियों का खात्मा हुआ।

तदनंतर, आतंकवादियों ने होटल में आग लगा दी और इस प्रकार उत्पन्न संभ्रम का फायदा उठाकर होटल की पिछली खिड़की से कूदकर बच निकलने का प्रयास किया। उन्हें पीछे की ओर तैनात पार्टी ने मार गिराया।

इस अभियान में, लश्कर-ए-तैयबा के निम्नलिखित आतंकवादी मारे गए:-

1) पाकिस्तान निवासी अबु कारी
2) सोपरे निवासी मंजूर अहमद

मारे गए आतंकवादियों से निम्नलिखित हथियार और गोलाबारुद बरामद किए गए:-

i.	ए के 47 राइफल	:	01
ii.	ए के 56 राइफल	:	01
iii.	यू बी जी एल	:	01
iv	ए के बारुद	:	162 राउंड.
v.	चीन निर्मित हथगोला	:	01
vi.	ए के मैगजीन	:	10
vii.	पाउच	:	02

इस मुठभेड़ में श्रीमती सियाम होई चिंग मेहरा, सेकंड-इन-कमांड, श्री माचामल्ला सदानन्दम, कांस्टेबल और श्री विजय सरकार, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत विशेष भत्ता भी दिनांक 07.01.2010 से दिया जाएगा।

बरुण मित्रा
संयुक्त सचिव

सं. 98-प्रेज/2011, राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

01. अरविंद सिंह बिष्ट
सहायक कमांडेंट

02. अजय सिंह तोमर
कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

एस ओ जी (पुलवामा) द्वारा जुटाई गई विशिष्ट आसूचना के आधार पर, श्री अनवर-उल-हक (उप पुलिस अधीक्षक/जम्मू एवं कश्मीर) की कमान में एस ओ जी, सी ओ-183 की कमान में 183 बटालियन, 44 आर आर और अरविंद सिंह बिष्ट, सहायक कमांडेंट की कमान में जी/182 की एक प्लाटून की संयुक्त टीम ने दिनांक 27 सितम्बर, 2008 को लगभग 17:30 बजे काडीपोरा, पुलिस स्टेशन – राजपोरा, जिला – पुलवामा (जम्मू एवं कश्मीर) के सामान्य क्षेत्र की घेराबंदी की।

श्री बिष्ट ने दुर्गम, पर्वतीय और झाड़-झंकाड़ वाले भू-भाग में एस ओ जी/सी आर पी एफ की संयुक्त तलाशी पार्टी का नेतृत्व करते हुए तलाशी की योजना बनाई और तलाशी शुरु की। श्री बिष्ट ने सावधानीपूर्वक और विवेकपूर्वक तरीके से मुठभेड़-स्थल से सिविलियनों को सुरक्षित बचाकर बाहर निकाल लिया। उनकी अनवरत एवं योजनाबद्ध तलाशी ने हिज्बुल मुजाहिद्दीन उग्रवादी को बचकर नीचे की ओर भागने के लिए विवश कर दिया जहाँ कांस्टेबल/सामान्य ड्यूटी अजय सिंह तोमर ने सहायता पहुंचने तक अपनी जान की परवाह किए बिना, बहादुरी से और अकेले ही उग्रवादी के बचकर भाग निकलने के प्रयास को विफल कर दिया। श्री बिष्ट अपनी तलाशी टीम के साथ सम्पर्क स्थल पहुँच गए। उस स्थान से उगग्रादी की ओर ऊपर-नीचे बढ़ते हुए और "गोलीबारी करने तथा आगे बढ़ने" (फायर एंड मूव) की रणनीति अपनाकर उन्होंने दाहिनी ओर से पार्श्विक आक्रमण शुरु कर दिया। चूँकि, श्री बिष्ट संयुक्त पार्टी का नेतृत्व कर रहे थे, अत: उन्होंने ही सबसे पहले उग्रवादी को देखा और हमला टीम को उस दिशा में लक्ष्यबद्ध गोलीबारी करने का संकेत दिया। नियंत्रित एवं समन्वित गोलीबारी ने उग्रवादी की गतिविधि को रोक दिया।

उग्रवादी ने चाल चली और मृत हेने का ढोंग रचा। इसी बीच श्री बिष्ट चुपके से रेंगर उग्रवादी के पीछे की ओर पहुँच गए और उसी समय उप-निरीक्षक सलीम (एस ओ जी/पुलवामा) और कांस्टेबल गफ्फूर (एस ओ जी/पुलवामा) उग्रवादी की ओर झपटे। चालाक उग्रवादी ने उन

पर अचानक गोलीबारी शुरु कर दी। श्री बिष्ट ने समय गँवाए बिना उगग्रादी पर लक्ष्यबद्ध गोली चलाई जिससे उसके सिर के पीछे की ओर घातक चोट लगी।

यद्यपि यह अभियान टीम के सुसंगठित प्रयास की वजह से सफल हुआ था, तथापि ये दोनों कार्मिक अपने अत्यंत शौर्यपूर्ण प्रयास और अपेक्षित ड्यूटी से परे सर्वोत्कृष्ट साबित हुए।

पहला स्थान कांस्टेबल तोमर का है जिनकी सतर्कता और साहसिक प्रयास ने अपने जीवन को सतत खतरा होते हुए भी उगग्रादी के बचकर भाग निकलने के प्रयास को विफल कर दिया। इसके अतिरिक्त उन्होंने अंतिम हमले में भी प्रमुख भूमिका निभाई। दूसरा स्थान श्री बिष्ट का है, जिन्होंने अपने ऊपर निरन्तर खतरा होते हुए भी, सही योजना और पूर्ण निष्पादन के साथ, बहुत ही दुर्गम भूभाग में तलाशी शुरु की। उन्होंने विवेकपूर्ण तरीके से स्थिति का विश्लेषण किया और मुठभेड़-स्थल से सिविलियनों को सुरक्षित निकाल लिया। उनके अनम्य दृष्टिकोण और युक्तिपूर्ण योजनाबद्ध तलाशी ने उग्रवादी को सामने आने के लिए बाध्य कर दिया। उनकी इस निर्णायक नैदानिक कार्रवाई के परिणामस्वरूप 3 उग्रवादी मारे गए। इसके दौरान उन्होंने दो एस ओ जी कार्मिकों की जान भी बचाई।

उनकी सतर्क योजना और उत्कृष्ट निष्ठा और उदाहरणात्मक दृष्टिकोण के परिणामस्वरूप अभियान में सफलता मिली और इसमें हथियारों, सिविलियनों और बल कार्मिकों की कोई हानि नहीं हुई।

अभियान की समाप्ति पर उग्रवादी का शव बरामद हुआ और उसकी पहचान निम्नलिखित रूप हुई:- एच एम तंजीम के रईस अह डार उर्फ शोएब पुत्र मो.यासीन डार निवासी गड्डीपुरा, शूपियान।

मुठभेड़ स्थल से निम्नलिखित शस्त्र/गोलाबारुद भी बरामद किए गए:-

(क)	ए के – 56 राइफल	-	01
(ख)	ए के मैगजीन	-	02
(ग)	ए के गोलाबारुद	-	25 राउंड
(घ)	चीनी पिस्तौल	-	01 (क्षतिग्रस्त)
(ड.)	पिस्तौल मैगजीन	-	01
(च)	पिस्तौल राउंड	-	03

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री अरविंद सिंह बिष्ट, सहायक कमांडेंट और अजय सिंह तोमर, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत विशेष भत्ता भी दिनांक 27.09.2008 से दिया जाएगा।

बरुण मित्रा
संयुक्त सचिव

सं. 99-प्रेज/2011, राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

01. रणबीर सिंह सोलंकी
कांस्टेबल

02. बीरेन चन्द्र दास
हैड कांस्टेबल

03. नीलमेगम उल्लागप्पन
कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 20 अगस्त, 2007 को लगभग 1100 बजे कमांडेंट 166 बटालियन, सी आर पी एफ ने गनोपोरा गाँव में लश्कर-ए-तैयबा के दो आतंकवादियों के मौजूद होने के बारे में सूचना प्राप्त होने पर, अपने सैन्य को दल एकत्र किया और गनौपोरा गांव की ओर कूच किया और लक्ष्य मकान के आस-पास के क्षेत्र की घेराबंदी कर ली। जैसे ही सैन्य दल न तलाशी अभियान शुरु किया, आतंकवादियों ने खतरे का आभास होते ही सैन्य दल पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरु कर दी। चूँकि सैन्य दल और आतंकवादियों के बीच बड़ी संख्या में ग्रामवासी और पालतू पशु अभी भी फंसे हुए थे, इसलिए सैन्य दल ने जवाबी कार्रवाई करने में अत्यधिक नियंत्रण प्रदर्शित किया और ग्रामवासियों के सुरक्षित स्थान तक पहुंचने के लिए सुरक्षित रास्ता सुनिश्चित किया।

इसी बीच महानिरीक्षक (ऑप्स) कश्मीर और उप-महानिरीक्षक दक्षिणी कश्मीर, सी आर पी एफ भी घटनास्थल पर पहुंच गए और आगे कार्रवाई की योजना बनाने से पूर्व स्थिति का विश्लेषण किया। तदनुसार, उप-महानिरीक्षक दक्षिणी कश्मीर, कमांडेंट 166 बटालियन और श्री सलविंदर कुमार, सहायक कमांडेंट की कमान के तहत तीन हमला दल गठित किए गए। कमांडेंट के नेतृत्व में दूसरे दल ने उप-महानिरीक्षक के नेतृत्व वाले पहले दल द्वारा की जा रही कवरिंग गोलीबारी के साथ लक्ष्य मकान में आगे से प्रवेश करने का प्रयास किया। जैसे ही हमला दल ने मकान में प्रवेश किया, मकान के स्नान-गृह में छिपा एक आतंकवादी सैन्य दल की ओर

अंधाधुंध गोलीबारी करते हुए तेजी से बाहर निकला। सामने आ जाने के बावजूद और खतरे अथवा परिणामों को दरकिनार कर 166 बटालियन सी आर पी एफ के कांस्टेबल/सामान्य ड्यूटी रणबीर सिंह सोलंकी ने रणनीतिपूर्वक उग्रवादी को ढेर कर दिया और अत्यधिक सूझबूझ का परिचय देते हुए मारे गए आतंकवादी का हथियार छीन लिया। इसी दौरान दूसरा आतंकवादी, जो सबसे ऊपरी तल पर घिर गया था, सैन्य दल पर लगातार गोलीबारी करता रहा और उसने सैन्य दल की ओर एक हथगोला फेंका किन्तु श्री सलविन्दर कुमार, सहायक कमांडेंट, जो स्थिति के प्रति सजग थे, ने हथगोले को पैर से पास ही के झरने में फेंक दिया।

इस कार्रवाई के दौरान, एक महिला, जो लक्ष्य मकान (आतंकवादियों के कब्जे में) की निवासी थी, ने रक्षा की गुहार लगाई और मकान में फंसे एक पोलियोग्रस्त व्यक्ति को सुरक्षित बाहर निकालने का अनुरोध किया। पहले और तीसरे हमला दल की कवर गोलीबारी का लाभ उठाते हुए, जी डी रणबीर सिंह सोलंकी, हैड कांस्टेबल/सामान्य ड्यूटी बीरेन चन्द्र दास और 166 बटायिन सी आर पी एफ के कांस्टेबल/सामान्य ड्यूटी नीलमगेम उल्लागप्पन ने अपनी जान की परवाह किए बिना मकान के सबसे ऊपरी तल पर छिपे आतंकवादियों की भारी गोलीबारी के बावजूद अशक्त व्यक्ति को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। बचे हुए आतंकवादी को मार गिराने के लिए अंतिम हमले की योजना बनाई गई और मकान के सबसे ऊपरी तल पर संकेंद्रित भारीगोलीबारी की गई और कुछ राइफल ग्रेनेड भी दागे गए। कुछ समय बीत जाने के बाद, मकान से गोलीबारी पूर्णतः बंद हो गई। अभियान पूरा होने के बाद, मकान की तलाशी के दौरान, दो आतंकवादियों के शव बरामद हुए जिनकी पहचान निम्नलिखित के रूप में हुई:-

क) अहमद हाइ राथर उर्फ खुबैद उर्फ साद भाई, निवासी अलियापुर (लश्कर-ए-तैयबा गुटा का जिला कमांडर – "क" श्रेणी)।

ख) सिराज अहमद मीर उर्फ उमर, निवासी तुलराम (लश्कर-ए-तैयबा गुट का आतंकवादी)।

निम्नलिखित हथियार/गोलाबारुद बरामद किए गए:-

i)	5.56 इंसास राइफल (बिना बट वाली)	-	1
ii)	5.56 इंसास मैगजीन	-	1
iii)	इंसास राउंड	-	9
iv)	ए के 56 राइफल (क्षतिग्रस्त)	-	1
v)	ए के मैगजीन	-	1
vi)	ए के राउंड	-	8
vii)	सिम के साथ सैटेलनाइट फोन	-	1
viii)	वायर सैट आई.कॉम	-	1
ix)	कामचलाऊ चार्जर	-	1
x)	मोबाइल (नोकिया-1100)	-	1

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री रणबीर सिंह सोलंकी, कांस्टेबल, बीरेन चन्द्र दास, हैड कांस्टेबल और नीलमेगम उल्लागप्पम, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत विशेष भत्ता भी दिनांक 20.08.2007 से दिया जाएगा।

बरुण मित्रा
संयुक्त सचिव

सं. 100-प्रेज/2011, राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

<u>अधिकारियों के नाम और रैंक</u>

सर्व/श्री

01. सुसर अरुण बलवन्त
हैड कांस्टेबल

02. तुकाराम चव्हाण
कांस्टेबल

<u>उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया</u>

दिनांक 13.04.2008 को लगभग 2130 बजे पुलिस अधीक्षक (अभियान), श्रीनगर से पुलिस स्टेशन हारवान, श्रीनगर (जम्मू एवं कश्मीर) के अंतर्गत डाचीगॉव नेशनल पार्क क्षेत्र में उग्रवादियों की मौजूदगी के बारे में विश्वस्त सूचना प्राप्त होने पर, एस ओ जी श्रीनगर (जम्मू एवं कश्मीर) के साथ सहायक कमांडेंट श्री शिव कुमार झा की कमान में जी/122 की एक प्लाटून और सहायक कमांडेंट श्री हरीश चंद की कमान में एफ/117 की एक प्लाटून ने कैम्प स्थल से प्रस्थान किया और लगभग 2230 बजे डाचीगाँव नेशनल पार्क पहुंच गई।

एस ओ जी श्रीनगर (जम्मू एवं कश्मीर) के साथ जी/122 और एफ/117 की प्लाटून ने बच निकलने के संभावित रास्तों पर घात लगाना शुरु किया। जी/122 बटालियन के हैड कांस्टेबल/जी डी सुसर अरुण बलवन्त की कमान के तहत कांस्टेबल/जी डी विनोद कुमार यादव और कांस्टेबल/जी डी तुकाराम चव्हाण ने निगरानी करने के लिए दिए गए क्षेत्र में एक छोटे नाले के समीप घात लगा ली।

लगभग 0045 बजे कांस्टेबल/जी डी तुकाराम ने अपने से कुछ गज दूर दो संदिग्ध व्यक्तियों की गतिविधि महसूस की और उनकी पहचान के लिए उन्हें रूकने की चेतावनी दी। लेकिन रूकने के बजाय संदिग्ध च्यक्तियों ने गोलियाँ चलाना शुरु कर दिया। कांस्टेबल /जी डी तुकाराम चव्हाण ने उग्रवादियों की गोलीबारी का जवाब दिया और अपने स्थान से कूदकर दूसरे वैकल्पिक स्थान पर आ गए और हैड कांस्टेबल/जी डी सुसर अरुण बलवन्त और कांस्टेबल/जी डी विनोद कुमार यादव को भी गोलीबारी करने के लिए सतर्क कर दिया।

हैड कांस्टेबल/सामान्य ड्यूटी सुसर अरुण बलवन्त और कांस्टेबल/सामान्य ड्यूटी विनोद कुमार यादव ने समय गँवाए बिना उग्रवादियों की ओर तत्काल गोलीबारी शुरु कर दी। निकट की इस आपसी गोलीबारी के दौरान हैड कांस्टेबल/सामान्य ड्यूटी सुसर अरुण बलवन्त के पाँव में गोली लग गई। गंभीर रूप से घायल होने के बावजूद हैड कांस्टेबल/सामान्य ड्यूटी सुसर अरुण बलवन्त अपनी जान की परवाह किए बिना कांस्टेबल/सामान्य ड्यूटी तुकाराम चव्हाण के साथ बहादुरी से लड़े और एक उग्रवादी को घटनास्थल पर ही मार गिराने में सफलता प्राप्त की। दूसरा उग्रवादी अंधेरे और घनी झाड़ियों की आड़ लेकर बच निकलने में कामयाब हो गया। मारे गए उग्रवादी की पहचान अबू हाफ़िज़ उर्फ जकीरा, निवासी पाकिस्तान (लश्कर-ए-तैयबा का जिला कमांडर) के रूप में हुई तथा 01 ए के-47 राइफल, 02 मैगजीन, 10 जिन्दा गोलाबारुद और 03 हथगोले बरामद किए ।

सम्पूर्ण अभियान के दौरान हैड कांस्टेबल/सामान्य ड्यूटी सुसर अरुण बलवन्त और कांस्टेबल/सामान्य ड्यूटी तुकाराम चव्हाण ने अपनी जान को प्रत्यक्ष और गंभीर खतरा होते हुए भी अनुकरणीय साहस, सी क्यू बी की स्थिति में उत्कृष्ट सूझबूझ, व्यावसायिक दक्षता, उत्कृष्ट शौर्य और पूर्ण कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री सुसर अरुण बलवन्त, हैड कांस्टेबल और तुकाराम चव्हाण, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहे हैं तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत विशेष भत्ता भी दिनांक 14.04.2008 से दिया जाएगा।

बरुण मित्रा
संयुक्त सचिव

सं. 101-प्रेज/2011, राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री एस.एम. सिधगणेश

कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 14.05.2008 को 11.15 बजे पुलिस स्टेशन सिरडाला के अंतर्गत माधी गाँव में माओवादियों के इकट्ठा होने की विशिष्ट सूचना प्राप्त होने पर, 153 बटालियन की सहायक कमांडेंट श्रीमती विजयलक्ष्मी की कमान के तहत दो प्लाटूनों वाली केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की एक पार्टी ब्रीफिंग के लिए निर्दिष्ट स्थान की ओर रणनीतिपूर्वक आगे बढ़ी। पुलिस अधीक्षक, नवादा ने अभियान में भाग लेने वाले के.रि.पु.बल, बी एम पी और एस ए पी के सैन्य दलों को स्थिति के बारे में अवगत कराया। तथापि, सैन्य दलों की उपस्थिति को भाँपकर, माओवादी सैन्य दलों के वहाँ पहुंचने से पहले माधी गाँव से बच निकलने में कामयाब हो गए।

तत्पश्चात्, माओवादियों को उनके छिपने के स्थान से पकड़ने के लिए सैन्य दलों को तीन छोटे दलों में विभाजित किया गया ताकि वे घने जंगल में रणनीतिपूर्वक पैदल आगे बढ़ सकें। आगे बढ़ने के दौरान सैन्य दलों ने अचानक माओवादियों की उपस्थिति भाँप ली और एक पेड़ के नीचे उनका लाल झंडा भी दिखाई पड़ा। पार्टी कमांडर ने सैन्य दलों को कठिन एवं चुनौतीपूर्ण स्थिति का सामना करने के लिए सतर्क रहने के लिए कहा और माओवादियों की घेराबंदी कर ली। माओवादियों ने यह महसूस कर कि उन्हें घेरा जा रहा है, सैन्य दलों की ओर तत्काल अंधाधुंध गोलीबारी शुरु कर दी। सतर्क सैन्य दलों ने स्थिति को संभाल लिया और प्रभावकारी जवाबी गोलीबारी शुरु कर दी। चूँकि माओवादी पहाड़ी इलाके से भलीभाँति परिचित थे, इसलिए उन्होंने स्थिति का पूरा लाभ उठाया।

153 बटालियन की सहायक कमांडेंट श्रीमती विजय लक्ष्मी, जो अभियान का आगे से नेतृत्व कर रही थीं, ने साहसिक कदम उठाते हुए स्थिति को नियंत्रित करने के लिए एच ई बम दागने का आदेश दिया। के.रि.पु. बल की 153 बटालियन के कांस्टेबल/सामान्य ड्यूटी एस एम सिधगणेश, जो फायरिंग जोन में थे, माओवादियों को हमारे सैन्य दलों की ओर बढ़ने से रोकने

के लिए आदेश का पालन किया और माओवादी कैम्पों को गंभीर क्षति पहुँचाई। अभियान दल के अन्य कार्मिकों ने भी माओवादियों का मुकाबला करने में उनकी सहायता की। अभियान के दौरान, कांस्टेबल/सामान्य ड्यूटी एस एम सिधगणेश के बाएँ घुटने में गोलियाँ लगने से वे घायल हो गए किन्तु अपने जीवन को भारी जोखिम में डालकर वे नक्सलियों के विरुद्ध साहस से लड़े और देश से असामाजिक तत्वों को समाप्त करने में अपनी ड्यूटी करते हुए अदम्य साहस और उच्च मनोबल का प्रदर्शन किया।

तलाशी अभियान के दौरान घटनास्थल से माओवादियों के 06 शव, 03 बोल्ट एक्शन राइफलें, 02 हस्तनिर्मित कार्बाइन, 2 कि.ग्रा. आर डी एक्स, 100 मीटर फ्यूज वायर, 303 राइफल के 40 जिन्दा राउंड, एक वायरलेस सेट, तीन केस बम और मोबाइल सेटों के 2 चार्जर बरामद किए गए ।

ई/153 बटालियन के कांस्टेबल/सामान्य ड्यूटी एस एम सिधगणेश द्वारा निभाई गई भूमिका के फलस्वरूप न केवल नक्सली मार गिराए गए बल्कि उनके अति सुरक्षित छिपने के ठिकाने, जो उनके लिए सर्वाधिक सुरक्षित स्थान था, में माओवादियों का मनोबल भी प्रभावकारी ढंग से समाप्त हो गया। विपरीत परिस्थिति में जिम्मेदारी की भावना और बुद्धि के उचित प्रयोग, बल के कठिन प्रशिक्षण और उनके द्वारा उठाये गये गंभीर जोखिम के फलस्वरूप अभियान में सफलता प्राप्त हुई।

इस मुठभेड़ में श्री एस.एम. सिधगणेश, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत विशेष भत्ता भी दिनांक 14.05.2008 से दिया जाएगा।

बरुण मित्रा
संयुक्त सचिव

सं. 102-प्रेज/2011, राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री थेयशिंगू राजन

कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 14.09.2008 को 0200 बजे निरीक्षक राजीव कुमार की कमान में एफ/63 बटालियन की दो प्लाटूनों और यूनिट क्यू आर टी के साथ जिला पुलिस बल और एस पी ओ 63 बटालियन, के.रि.पु. बल कैम्प के समग्र पर्यवेक्षण के तहत के.रि.पु. बल कैम्प फरासगाँव से 63 बटालियन, के.रि.पु. बल 2 के प्रभारी श्री आर एम सम्पार के समग्र पर्यवेक्षण के अंतर्गत करमारी गाँव में विशेष अभियान हेतु निकल पड़े। उन्होंने गाँव की तलाशी करने के लिए 0600 बजे उसकी घेराबंदी कर ली। लगभग 0800 बजे जब पार्टी करमारी गाँव के जंगल क्षेत्र की तलाशी कर रही थी, तभी नक्सलियों के एक दल, जो संख्या में कम से कम 10 थे और पास में ही कैम्प में डेरा डाले हुए थे, ने 2 आई ई डी धमाकों और स्वचालित और स्वचालित हथियारों से गोलीबारी करके पार्टी पर हमला कर दिया। ज्यों ही थेयशिंगू राजन, कांस्टेबल/सामान्य ड्यूटी ने धमाके की आवाज़ सुनी, त्यों ही सैन्यदल के एक भाग का नेतृत्व करते हुए उन्होंने सावधानीपूर्वक पोज़ीशन ले ली और नक्सललियों की दिशा का पता लगाया। वे अपनी जान की परवाह किए बिना बहादुरी से रेंगकर आगे बढ़े और रणनीतिपूर्वक उन पर गोलीबारी शुरू कर दी। उनकी इस पहल से न केवल नक्सलियों के हौसले पस्त हो गए, बल्कि उन्होंने बचकर भागने की तैयारी करना भी शुरु कर दिया क्योंकि कांस्टेबल/सामान्य ड्यूटी थेयशिंगू राजन एक खतरनाक नक्सली को मार गिराने में सफल हो गए थे। इस प्रकार कांस्टेबल/सामान्य ड्यूटी थेयशिंगू राजन की साहसिक पहल और राजनीतिक बुद्धिमत्ता अन्य लोगों की जान, हथियार और गोलाबारूद बचाने में सहायक साबित हुई। तब श्री आर एम सम्पार ने एक छोर से आक्रमण कर दिया जिसने नक्सलियों को जल्दबाज़ी में पीछे हटने के लिए मजबूर कर दिया। इस प्रकार, कांस्टेबल/सामान्य ड्यूटी थेयशिंगू राजन की उपर्युक्त कार्रवाई ने साहस और रणनीतिक पहल का सर्वोच्च उदाहरण प्रस्तुत किया और उन्होंने अनुकरणीय साहस और शौर्य का प्रदर्शन किया। उनकी इस पहल के परिणामस्वरूप एक कट्टर नक्सली मारा गया और अभियान दल के अन्य सदस्यों का बहुमूल्य जीवन भी बचाया जा सका। वे पहले व्यक्ति थे जिनकी त्वरित शौर्यपूर्ण कार्रवाई ने नक्सलियों की गोलीबारी को रोक दिया और उनमें से एक को मार गिराया। उनका यह साहसिक कार्य बल के मनोबल को बढ़ाता है और बल में स्थानीय लोगों का विश्वास फिर से उत्पन्न करता है।

इस मुठभेड़ में श्री थेयशिंगू राजन, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत विशेष भत्ता भी दिनांक 14.09.2008 से दिया जाएगा।

बरुण मित्रा
संयुक्त सचिव

सं. 103-प्रेज/2011, राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

1. धर्मेन्द्र सिंह
   सेकंड-इन-कमांड
2. अमरेश कुमार जमातिया
   कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

सूचना प्राप्त होने पर श्री सुनन्द कुमार, कमांडेंट के पर्यवेक्षण में के.रि.पु. बल की 45 बटालियन की एक पार्टी दिनांक 23.09.2008 को 2100 बजे 13 आर आर मुख्यालय पहुँच गई, जहाँ 13 आर आर, 45 बटालियन के.रि.पु. बल और एस डी पी ओ सुम्बल के अधिकारियों ने एक अभियान की योजना बनाई और तदन्तर अजस से सुम्बल तक विभिन्न स्थानों पर सुनियोजित घात लगाई गई। 2230 बजे ओल्ड ब्रिज सुम्बल में घात लगाने का निर्णय किया गया। क्षेत्र की पूरी तरह से टोह लेने के बाद, 45 बटालियन के.रि.पु. बल, 13 आर आर और जम्मू एवं कश्मीर पुलिस की एक संयुक्त पार्टी 45 बटालियन सी आर पी एफ के कमांडेंट के पर्यवेक्षण में पुल के दोनों ओर रणनीतिपूर्वक तैनात कर दी गई। लगभग 0315 बजे क्यू आर टी के सदस्यों ने दो उग्रवादियों को पुल पार करते हुए देखा। उपर्युक्त पार्टी ने उग्रवादियों को चेतावनी दी, किन्तु उग्रवादियों ने उन पर गोलियाँ चलाना शुरु कर दिया और पुल के नस्बल छोर की और दौड़े जहाँ धर्मेन्द्र सिंह, 2-आई/सी, 45 बटालियन के.रि.पु. बल और 13 आर आर के लेफ्टीनेन्ट कर्नल दास की पार्टी ने उन्हें चुनौती दी। दोनों उग्रवादियों ने लेफ्टिनेंट कर्नल दास और उनकी पार्टी पर गोलियाँ चंलाना शुरु कर दिया। त्वरित सकारात्मक कार्रवाई करते हुए और उच्च अभियानगत क्षमता दर्शाते हुए, श्री धर्मेन्द्र सिंह 2-आई/सी समय गँवाए बिना पीछे की ओर से खुले क्षेत्र की ओर तेजी से दौड़ पड़े और 13 आर आर पार्टी के सदस्यों की जान बचाने और उग्रवादियों को मारने के लिए जवाबी गोलीबारी शुरु कर दी। कांस्टेबल/सामान्य ड्यूटी ए के जमातिया ने अपने अधिकारी का अनुसरण किया और उग्रवादियों पर गोलियाँ चलाना शुरु कर दिया। श्री धर्मेन्द्र सिंह, 2-आई/सी और कांस्टेबल/सामान्य ड्यूटी ए के जमातिया की गोलीबारी

के परिणामस्वरूप दोनों ही उग्रवादी घायल हो गए और नीचे गिर पड़े किन्तु उसी समय वे श्री धर्मेन्द्र सिंह, 2-आई/सी और कांस्टेबल/सामान्य ड्यूटी ए के जमातिया की ओर वापस मुड़े और उन पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरु कर दी। दोनों कार्मिकों ने खुले मैदान पर लेटकर तत्काल पोजीशन ले ली और उग्रवादियों पर दुबारा गोलीबारी शुरु कर दी और अपनी रक्षा करते हुए लेटकर और दौड़ते हुए बड़ी सतर्कता और फुरती से पोजीशन बदल ली। इस पार्टी ने जब कवर में पोजीशन ली, एक घायल उग्रवादी ने पार्टी पर दुबारा गोली चलाने का प्रयास किया। रणनीतिपूर्वक आगे बढ़ते हुए और अपनी जान की लेशमात्र परवाह किए बिना श्री धर्मेन्द्र सिंह, 2-आई/सी तत्काल उग्रवादियों के करीब पहुँच गए और उन पर गोलियाँ चला दीं और उग्रवादियों को मार गिराया। इस अभियान के दौरान श्री धर्मेन्द्र सिंह, 2-आई/सी की घात पार्टी की उग्रवादियों के साथ निकट से गोलीबारी हुई। श्री धर्मेन्द्र सिंह, 2-आई/सी और कांस्टेबल/सामान्य ड्यूटी ए के जमातिया ने उग्रवादियों का सफाया करने के लिए अपनी जान को भारी जोखिम में डाल दिया और उग्रवादियों की गोलीबारी से बाल-बाल बचे। इसके परिणामस्वरूप दोनों उग्रवादी घटनास्थल पर ही मारे गए। इस मुठभेड़ के दौरान लश्कर-ए-तैयबा के दो अतिवांछित पाकिस्तानी उग्रवादी अर्थात् अबु ताहिर, उत्तरी कश्मीर का प्रभागीय कमांडर और अबु अब्दुल्ला उर्फ माज़, पट्टन का जिला कमांडर मारे गए।

उग्रवादियों के कब्जे से बरामद किए गए हथियारों/गोलाबारुद और अन्य सामान का विवरण:-

1.	ए के/47 राइफल	:	02
2.	ए के/47 मैगजीन	:	06
3.	ए के/47 गोलाबारुद	:	89
4.	हथगोले (क्षतिग्रस्त)	:	02
5.	मैग पाउच	:	02
6.	सैटेलाइट फोन	:	01

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री धर्मेन्द्र सिंह, सेकंड-इन-कमांड और अमरेश कुमार जमातिया, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत विशेष भत्ता भी दिनांक 23.09.2008 से दिया जाएगा।

बरुण मित्रा
संयुक्त सचिव

सं. 104-प्रेज/2011, राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

1. जितेन्द्र रंगा
   कांस्टेबल
2. चेतराम
   कांस्टेबल
3. देवेन्द्र
   कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 11.04.2009 को लगभग 2100 बजे सिविल पुलिस कार्मिक और एस पी ओ गौतम नरेश कुमार और कंस राम ने सूचना दी कि नक्सलियों ने एडेनार गाँव के निकट तीन देशी मोर्टार रखे हैं, और 30 से 40 नक्सली ग्रामवासियों को आगामी सरान्डी और एडेवार गाँव के बीच संसदीय चुनाव-2009 का बहिष्कार करने के लिए उकसाने के लिए घूम रहे हैं। उन्होंने यह भी सूचित किया कि नक्सलियों ने दिनांक 11.04.2009 को रात्रि में सरांडी गाँव के निकट ग्रामवासियों के साथ में एक बैठक करना निश्चित किया है। आसूचना प्राप्त होने पर, श्री अनिल कुमार राम, सहायक कमांडेंट, ओ सी-जी/65 ने एक बैठक का आयोजन किया और नक्सलियों की गतिविधि के बारे में उप-निरीक्षक/सामान्य ड्यूटी के पी सिंह, उप-निरीक्षक/सामान्य ड्यूटी पृथ्वी सिंह, सिविल पुलिस के सहायक उप-निरीक्षक आर पी तिवारी और तीन अन्य एस ओ पी के साथ विचार-विमर्श किया और एक अभियान की योजना बनाई। तदनंतर, ओ सी/जी-65 ने कार्य योजना और पहाड़ी क्षेत्र के बारे में जवानों को अवगत कराया और मुख्य रास्ते को छोड़कर दुर्गम रास्तों पर चलने और स्थलाकृति के अनुसार आगे बढ़ने को कहा। उन्हें आई ई डी, नक्सली गतिविधियों, उनके पूर्ववृत्त, गतिविधि के तौर-तरीकों और हमला करने के तरीकों के बारे में भी अवगत कराया। दिनांक 12.04.2009 को 0345 बजे श्री अनिल कुमार राम, सहायक कमांडेंट की कमान में सहायक उप-निरीक्षक आर पी तिवारी, कांस्टेबल/सामान्य ड्यूटी दाकेश कुमार, एस पी ओ नरेश कुमार गौतम और सिविल पुलिस के कंस राम सहित 72 बटालियन सी

आर पी एफ कार्मिकों की एक पार्टी एडेनार गाँव की घेराबंदी करने और तलाशी अभियान के लिए निकल पड़ी। लगभग 0520 बजे जब पार्टी सरांडी गाँव (1.5 कि.मी. दक्षिण) को पीछे छोड़कर पूर्व दिशा की ओर एक समूह में आगे बढ़ रही थी, ओ सी-जी/65 श्री अनिल कुमार राम, सहायक कमांडेंट ने तुरंत स्थिति और गोलीबारी की दिशा का आकलन करके सेक्शन कमांडरों को पोजीशन लेने और तदनुसार जवाबी गोलीबारी करने के तत्काल आदेश दे दिए। नक्सलियों की स्थिति के अनुसार पार्टी तत्काल एकजुट हो गई। ओ सी जी/65 ने सेक्शन 3,4,5 को गोली चलाने के आदेश दिए और स्वयं सेक्शन 1 और 2 के साथ नक्सलियों का सामने से मुकाबला करने के लिए आगे बढ़े। सेक्शन 6 के नक्सलियों को दाहिनी ओर से घेरने का आदेश दिया गया। सेक्शन 4 और 5 ने नक्सलियों को भारी गोलीबारी में व्यस्त रखा। सेक्शन 5 के कांस्टेबल/सामान्य ड्यूटी जितेन्द्र रंगा झाड़ियों की आड़ लेकर नक्सलियों की ओर आगे बढ़े। दूसरी ओर सेक्शन 6 के कांस्टेबल/सामान्य ड्यूटी चेतराम रेंगकर नक्सलियों की ओर बढ़े। कुछ नक्सली पार्टी को व्यस्त रखने के लिए निरन्तर गोलीबारी कर रहे थे ताकि नक्सली घटनास्थल से बचकर भाग जाएं। एक नक्सली ने अपनी 303 राइफल से अचानक कांस्टेबल/सामान्य ड्यूटी जितेन्द्र रंगा पर गोली चला दी। इसके जवाब में कांस्टेबल/सामान्य ड्यूटी जितेन्द्र रंगा ने अपनी जान जोखिम में डालकर बहुत नजदीक से नक्सलियों पर गोलियाँ चला दीं और नक्सलियों को घायल करने में कामयाब हुए। घायल नक्सलियों ने दुबारा जितेन्द्र रंगा पर गोलीबारी की, किन्तु इसी बीच सेक्शन 6 के कांस्टेबल/सामान्य ड्यूटी चेतराम, जो नक्सली पार्टी की ओर बढ़ रहे थे, ने समय गँवाए बिना नक्सलियों पर गोली चला दी और एक नक्सली को घटनास्थल पर ही मार गिराया। दूसरी ओर सेक्शन 4 के कांस्टेबल/सामान्य ड्यूटी देवेन्द्र ने अपनी जान जोखिम में डालकर और नक्सलियों की ओर से की जा रही भारी गोलीबारी के बावजूद रणनीतिपूर्वक नक्सलियों की ओर बढ़े और उन्हें एक नक्सली दिखाई दिया और उस पर गोलियाँ बरसाकर घटनास्थल पर ही उसे मार गिराया। इस प्रकार, अपनी जान बचाने के लिए नक्सली अपने हथियार,गोलाबारुद और अन्य सामान मुठभेड़-स्थल पर छोड़कर भाग गए। उस क्षेत्र की गहन तलाशी करने पर तीन नक्सलियों के शव, बड़ी मात्रा में हथियार, गोलाबारुद और विस्फोटक बरामद किए गए। हमारी पार्टी की सम्पूर्ण कार्रवाई में उच्च स्तर की पेशेवरता, आपसी सहयोग/समन्वय की भावना और साहसिक जवाबी कार्रवाई दिखाई दी।

सेक्सन 4,5 और 6 के कांस्टेबल/सामान्य ड्यूटी जितेन्द्र रंगा, कांस्टेबल/सामान्य ड्यूटी चेतराम और कांस्टेबल/सामान्य ड्यूटी देवेन्द्र ने अपनी जान की परवाह किए बिना अनुकरणीय साहस का प्रदर्शन किया और तीन नक्सलियों को मार गिराया जिनकी पहचान (1) फागू राम उसेंदी, पुत्र सुखराम, निवासी, ग्राम – एडनार, एडनार जनमिलिटिया का कंबैटाइज्ड कमांडर, (2) बैजू राम पुत्र सोपा सिंह, ग्राम-सरांडी, (3) मंडर पुत्र रज्जा गौड, ग्राम-सरांडी के रूप में हुई। मारे गए नक्सली टाकोडी कैम्प पर कैम्प फायरिंग घटना के भी अभियुक्त थे।

मुठभेड़-स्थल से निम्नलिखित वस्तुएं बरामद की गईं:-

1. भ्रमर गन-09

2. क्लेमोर माइन(पाइप बम)-01
3. लगभग 3 कि.ग्रा. का एक स्टील टिफिन बम, लकड़ी पर लपेटा हुआ बिजली का तार, बड़ी बैटरियाँ-06, तारयुक्त हरे रंग का शक्तिशाली बम-03
4. एक 303 राइफल, बॉडी नं. 31203 के-99, बट नं. 119 के पी टी।
5. 02 जिंदा राउंड और एक खाली खोखा सहित मैगजीन।
6. 03 डेटोनेटर सहित एक हैवरसैक, एक फ्लैशगन स्विच, एक ब्राउन कलर फुल पैंट, एक फुल शर्ट, एक अंडरवियर।
7. एक देशी 315 बोर की बंदूक।
8. एक देशी हथगोला।
9. 10 पठाकों के साथ एक बक्सा।
10. एक भ्रमर बंदूक, लम्बाई-29½ इंच, बट 6 फुट।
11. पाँच लीटर की एक जेरीकेन।

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री जितेन्द्र रंगा, कांस्टेबल, चेतराम, कांस्टेबल और देवेन्द्र, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत विशेष भत्ता भी दिनांक 12.04.2009 से दिया जाएगा।

बरुण मित्रा
संयुक्त सचिव

सं. 105-प्रेज/2011, राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक/ वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

1.	अमरा राम हेड कांस्टेबल	(वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक) (मरणोपरान्त)
2.	सरबजीत सिंह हेड कांस्टेबल	(वीरता के लिए पुलिस पदक) (मरणोपरान्त)
3.	सुरेश कुमार हेड कांस्टेबल	(वीरता के लिए पुलिस पदक) (मरणोपरान्त)
4.	लखविंदर सिंह कांस्टेबल	(वीरता के लिए पुलिस पदक) (मरणोपरान्त)
5.	सुखविंदर सिंह कांस्टेबल	(वीरता के लिए पुलिस पदक) (मरणोपरान्त)
6.	ओ एल एन रेड्डी कांस्टेबल	(वीरता के लिए पुलिस पदक) (मरणोपरांत)

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 18.02.2008 को लगभग 0930 बजे के.रि.पु.बल की बी/31 बटालियन के 29 कार्मिकों की एक प्लाटून उप-निरीक्षक जगदीश प्रसाद की कमान में जिला-बीजापुर, छत्तीसगढ़, के अंतर्गत मिरटूर पुलिस स्टेशन के लगभग 03 कि.मी. उत्तर-पश्चिम स्थित ग्राम टडकेल में नक्सल-रोधी तलाशी अभियान चलाने और क्षेत्र पर अपना वर्चस्व कायम करने के लिए पैदल आगे बढ़ी। 07 सिविल पुलिस कार्मिकों और 26 एस पी ओ ने भी के.रि.पु.बल के सैन्य दल का साथ दिया। के.रि.पु.बल सैन्य दल रणनीतिपूर्वक 'एरो हेड' गठन के रूप में आगे बढ़ने के लिए 03 सेक्शनों में विभाजित कर दिए गए, जिसमें सेक्शन नं. 01 आगे चल रहा था और बाईं ओर से सेक्शन नं. 02 और दाईं ओर सेक्शन नं. 03 पीछे-पीछे चल रहा था और इनका नेतृत्व उप-निरीक्षक जगदीश प्रसाद द्वारा किया जा रहा था। सिविल पुलिस के कार्मिक सेक्शन नं. 02 के बांई ओर थे। लगभग 04 घण्टे पैदल मार्च करने और रास्ते में फुलगेटा गाँव की तलाशी करने

के उपरान्त लगभग 1330 बजे जब सैन्यदल टडकेल पहाड़ियों से लगभग एक कि.मी. दूर थे, तभी नक्सलियों की मिलीटरी दलाम की एक कम्पनी ने अचानक उन पर आक्रमण कर दिया। नक्सलियों की संख्या 300 से अधिक थी और वे एल एम जी, 2" मोर्टार, ए के-47, एस एल आर, हथगोले, राइफल ग्रेनेड जैसे अत्याधुनिक हथियारों के साथ लड़ाकू वेशभूषा में थे और उनके कई अग्रणी संगठन 12 बोर की बंदूकों, .303 राइफलों, पेट्रोल बमों के साथ डेटोनेटरों, धनुष-बाण से सुसज्जित और अन्य घातक हथियारों से लैस थे। नक्सलियों ने घने पेड़ों, परित्यक्त झोंपड़ियों और पहाड़ियों की आड़ लेकर बाएं, दाएं और सामने से सैन्य दलों पर भारी गोलीबारी शुरु कर दी,जिसमें प्रथम सेक्शन के कुछ जवान जो आगे चल रहे थे घात क्षेत्र के घेरे में आ गए और गोलियां लगने से घायल हो गए। सैन्य दलों ने भी उपलब्ध फायर कवर लेकर आक्रमणकारी नक्सलियों को वीरतापूर्वक गोलीबारी में उलझाए रखा। गोलीबारी के दौरान, नक्सली सुरक्षा बलों को मारने और उनके हथियार छीनने के उद्देश्य से घटनास्थल पर अपना वर्चस्व क़ायम करने का प्रयास कर रहे थे। यद्यपि सैन्य दल भी नक्सलियों पर गोलीबारी कर रहे थे किन्तु इसका नक्सलियों पर अधिक प्रभाव नहीं पड़ा क्योंकि वे रणनीतिक दृष्टि से लाभप्रद स्थिति थे और उनकी संख्या भी बहुत अधिक थी। इस विकट स्थिति में हेड कांस्टेबल सरबजीत सिंह, सुरेश कुमार और कांस्टेबल लखविन्दर सिंह, सुखविन्दर सिंह और ओ एल एन रेड्डी जो सेक्शन नं. 01 में थे, घायल होते हुए भी, रणनीतिपूर्वक आगे बढ़े और नक्सलियों पर गोलियों की बौछार कर दी जिसके कारण कई नक्सली घटनास्थल पर ही मारे गए और कई घायल हो गए। वे आक्रामक बने रहे ओर उन्होंने नक्सलियों पर तब तक गोलियाँ चलाना जारी रखा जब तक कि वे मारे नहीं गए। ठीक उसी समय, हेड कांस्टेबल अमरा राम, जो सेक्शन नं. 2 में थे, ने नक्सलियों को भीषण गोलीबारी में व्यस्त रखा। कांस्टेबल डी.एम. डेका उनके निकट कुछ ही दूरी पर थे। इनके हाथ में 5'' एम एम मोर्टार होते हुए भी, वे इस एरिया वेपन से गोलीबारी शुरु नहीं कर सके। ये देखकर हेड कांस्टेबल अमरा राम ने नक्सलियों द्वारा की जा रही भीषण गोलीबारी के बावजूद, अपनी पोजीशन से हटकर कांस्टेबल डी.एम. डेका की ओर पहुँचने का प्रयास किया और रेंगकर साहसपूर्वक कुछ ही मिनट में उनके पास पहुँच गए। उन्होंने अपना हथियार कांस्टेबल डी.एम. डेका को देकर उनसे 51'' एम एम मोर्टार ले लिया और मैदान साफ करने के उद्देश्य से अचूक गोलीबारी शुरु कर दी, जिसके कारण कई नक्सली हताहत हो गए। दुर्भाग्यवश, इस प्रक्रिया में 51'' एम एम मोर्टार चलाते हुए उन्हें नक्सलियों की गोली लग गई। नक्सलियों की इस गोलीबारी के कारण वे गिर पड़े और घायल अवस्था में लड़ते हुए घटनास्थल पर ही उनकी मृत्यु हो गई। किन्तु, इस मुठभेड़ में, एरिया वेपन से गोलीबारी की उनकी साहसिक कार्रवाई के कारण और उनके द्वारा प्रदर्शित गत्यात्मकता के फलस्वरूप नक्सलियों की घात तोड़ी जा सकी और नकसली संवर्गों ने अपने मिलिटरी कम्पनियों को 'भागो भागो नहीं तो सब के सब मारे जाओगे' की आवाज लगाते हुए भागना शुरु कर दिया। उपर्युक्त मुठभेड़ दो घण्टे से अधिक समय तक चली।

उपर्युक्त मुठभेड़ के दौरान उपर्युक्त सभी 06 सैनिकों ने सोद्देश्य लगाई गई घात का सामना किया और अंतिम सांस तक हथियारबंद नक्सलियों से लड़ते हुए देश के लिए सर्वोच्च बलिदान किया। सूचना के अनुसार इस मुठभेड़ में 30-40 नक्सली मारे गए किन्तु उनकी अग्रिम पंक्ति के संवर्ग नक्सलियों के शवों को घसीट ले जाने में कामयाब हुए। तथापि, सैन्य दलों ने तलाशी अभियान में घटनास्थल से नक्सलियों के 03 शव बरामद किए। उपर्युक्त मुठभेड़ की सूचना प्राप्त होने के बाद कमांडेंट-31 बटालियन, पुलिस अधीक्षक बीजापुर और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की कमांड में अतिरिक्त सैन्य पार्टियां भैरमागढ़ से मुठभेड़ स्थल पर पहुँच गईं। तत्पश्चात्, पुनः समूहबद्ध होने के उपरान्त, उन्होंने 'फायर एंड रन' की नीति अपनाकर भागते हुए नक्सलियों का पीछा किया। इस प्रक्रिया में, फुलाडी में पुलिस की टुकड़ियों और नक्सलियों के बीच पुनः मुठभेड़ शुरु हो गई जिसमें सुरक्षा बल नक्सलियों पर भारी पड़े और उन्हें पीछे हटने के लिए मजबूर कर दिया। प्रभावी जवाबी आक्रमण के कारण, नक्सली घने जंगल और पहाड़ी भूभाग की आड़ लेकर भाग निकले। उस क्षेत्र में बाद में चलाए गए तलाशी अभियान के दौरान फुलाडी क्षेत्र से नक्सलियों के 07 और शव तथा 12 बोर की 3 राइफलें और अन्य वस्तुएं बरामद हुईं। अक्तूबर, 2008 माह की 'पड्रीयोरा पोलो' नामक दण्डकारण्यता मिलिटरी मैगजीन के अनुसार, नक्सलियों ने स्वीकार किया कि उन्हें उपर्युक्त मुठभेड़ में भारी जनहानि उठानी पड़ी और सैन्यदलों द्वारा की गई प्रभावकारी जवाबी कार्रवाई के कारण वे अपने उद्देश्य में पूर्णतः सफल नहीं हो सके। उन्होंने स्वीकार किया कि टाडकेल में हुई उपर्युक्त मुठभेड़ के दौरान के.रि.पु. बल के सैन्यदलों द्वारा उनके 06 कॉमरेड अर्थात् कम्पनी कमांडर मधु, डिप्टी बद्रू, सेक्शन कमांडर अर्थात्, नंडल, शांति और पवन मारे गए।

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री(स्वर्गीय) अमरा राम, हेड कांस्टेबल, (स्वर्गीय) सरबजीत सिंह, हेड कांस्टेबल, (स्वर्गीय) सुरेश कुमार, हेड कांस्टेबल, (स्वर्गीय) लखविन्दर सिंह, कांस्टेबल, (स्वर्गीय) सुखविन्दर सिंह, कांस्टेबल और (स्वर्गीय) ओ एल एन रेड्डी, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, राष्ट्रपति का पुलिस पदक/पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत विशेष भत्ता भी दिनांक 18.02.2008 से दिया जाएगा।

बरुण मित्रा
संयुक्त सचिव

सं. 106-प्रेज/2011, राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री करूष्ण चन्द्रा साहू (मरणोपरान्त)
कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

